| मौसम | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| रांची | 28.2 | 23.4 |
| डालटनगंज | 31.4 | 24.9 |
| धनबाद | 30.9 | 26.1 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.


# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, सोमवार 07 जुलाई 2025 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष 12, संवत 2082 ● रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 90 ● मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12






# एजबेस्टन में 58 साल में भारत की पहली जीत

एजेंसियां। नयी दिल्ली

भारत ने दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 336 रनों से हरा दिया है. इसी के साथ सीरीज में टीम इंडिया ने 1-1 से बराबरी कर ली है. बर्मिंघम में खेले गए इस मुकाबले में टीम इंडिया ने इंग्लैंड टीम को 608 रनों का विशाल लक्ष्य रखा था. इसके जवाब में इंग्लिश टीम सिर्फ 271 रन ही बना पाई. भारत की इस जीत में कप्तान शुभमन गिल के अलावा मोहम्मद सिराज और आकाशदीप ने बड़ा योगदान दिया.

बर्मिंघम का एजबेस्टन मैदान टेस्ट में भारत के लिए किसी बुरे सपने की तरह रहा है. यहां टीम इंडिया ने 1967 में पहला टेस्ट मैच खेला था, लेकिन अब तक उसे एजबेस्टन पर जीत नसीब नहीं हुई थी. कपिल देव, विराट कोहली से लेकर एमएस धोनी जैसे दिग्गज भी अपनी कप्तानी में भारत को इस मैदान पर जीत नहीं दिला पाए थे. अब आखिरकार शुभमन गिल ने अपनी कप्तानी में 58 साल से चले आ रहे हार के सिलसिले को समाप्त कर दिया है.



इंग्लैंड ने टॉस जीता, लेकिन पहले गेंदबाजी चुनी. इस फैसले की जमकर आलोचना की गई थी. भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी की और कप्तान शुभमन गिल के 269 रनों के दम पर 587 रन बना डाले. पहली पारी में टीम इंडिया के लिए यशस्वी जायसवाल ने 87 और रवींद्र जडेजा ने 89 रनों की पारी खेली. जवाब में हैरी ब्रूक ने 158 रन और जैमी स्मिथ ने 184 रन बनाए, लेकिन उनके अलावा कोई और बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया. नतीजन इंग्लैंड की टीम 407 रनों पर सिमट गई. पहली पारी में भारत को 180 रनों की विशाल बढ़त मिली थी.

जब तक भारत की दूसरी पारी आई, तब भारतीय बल्लेबाजों ने तेजी से स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया. कप्तान गिल ने दूसरी पारी में भी 161 रन बनाए, जिससे गिल ने पूरे मैच में 430 रन बना डाले थे. गिल दुनिया के ऐसे सिर्फ 5वें बल्लेबाज बने, जिन्होंने किसी एक टेस्ट मैच में कुल 400 से ज्यादा रन बनाए हों. दूसरी पारी में केएल राहुल (55), ऋषभ पंत (65) और रवींद्र जडेजा (69), तीनों बल्लेबाजों ने फिफ्टी लगाई. भारत ने अपनी दूसरी पारी 427 रनों पर घोषित कर दी थी.

इंग्लैंड को चौथी पारी में 608 रनों का लक्ष्य मिला. टारगेट का पीछा करते हुए इंग्लैंड की आधी टीम 84 के स्कोर तक पवेलियन लौट गई थी. पांचवें दिन जब इंग्लैंड के बल्लेबाज मैदान में उतरे, तो पहले घंटे में ही साफ हो गया था कि इंग्लिश टीम ड्रॉ के इरादे से बल्लेबाजी कर रही है. बेन स्टोक्स और जैमी स्मिथ ने काफी देर तक भारत को जीत से दूर धकेलने का काम किया, लेकिन सफल नहीं हुए. स्टोक्स के आउट होने के बाद इंग्लैंड नियमित अंतराल पर विकेट गंवाता रहा.

## ब्रीफ न्यूज

### रॉयटर्स का एक्स अकाउंट बैन, सरकार का बयान

**नयी दिल्ली।** समाचार एजेंसी रॉयटर्स का @Reuters एक्स हैंडल फिलहाल भारत में बंद है. जब यूजर इसे एक्सेस करने की कोशिश करते हैं तो उन्हें एक नोटिस दिखाई देता है कि यह अकाउंट भारत में एक कानूनी मांग के कारण उपलब्ध नहीं है. इस कदम ने पत्रकारिता और डिजिटल स्वतंत्रता को लेकर बहस को फिर से तेज कर दिया है. हालांकि, भारत सरकार ने मामले को लेकर बयान जारी किया है. केंद्र सरकार ने कहा कि हमने ब्लॉक करने के संबंध में कोई आदेश नहीं दिया है.

### प्रेरित करता है हजरत इमाम का बलिदान

**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन द्वारा दिया गया बलिदान धर्म के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है. वह लोगों को सत्य का मार्ग अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं. मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, हजरत इमाम हुसैन (ए.एस.) का बलिदान धर्म के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की याद दिलाता है. वह लोगों को विपरीत परिस्थितियों में भी सत्य का मार्ग अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं. इस्लाम में आशूरा का दिन है, जो मुहर्रम माह की 10वीं तिथि को आता है.

### हिमाचल में रेड अलर्ट के बीच फिर फटा बादल

**शिमला।** हिमाचल में मानसून का कोहराम जारी है. मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा जारी रेड अलर्ट के बीच सुबह से राज्य में मूसलाधार वर्षा हो रही है. मंडी, कांगड़ा और सिरमौर जिलों में बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है, जबकि शिमला, सोलन और हमीरपुर सहित 9 जिलों में अगले 24 घंटे के लिए फ्लैश फ्लड की चेतावनी दी गई है. इन 9 जिलों चम्बा, कुल्लू, कांगड़ा, बिलासपुर, हमीरपुर, सोलन, शिमला, सिरमौर और मंडी के लोगों को प्रशासन ने अत्यधिक सतर्क रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने की हिदायत दी है.

### बिहार में हो रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं महुआ मोइत्रा

# चुनाव आयोग के फैसले को दी चुनौती

एजेंसियां। नयी दिल्ली

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का मामला लगातार गर्माता जा रहा है. चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ अब तृणमूल कांग्रेस की नेता और सांसद महुआ मोइत्रा ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है. महुआ मोइत्रा ने भारत निर्वाचन आयोग के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है. महुआ मोइत्रा ने अपनी याचिका में कहा कि वह निर्वाचन आयोग के 24 जून के उस आदेश को रद्द करने का अनुरोध करती हैं, जिसके तहत संविधान के विभिन्न प्रावधानों का कथित उल्लंघन करते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) किया जा रहा है.

याचिका के मुताबिक, संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत जनहित में दायर वर्तमान रिट याचिका में भारत निर्वाचन आयोग के 24 जून को जारी आदेश को रद्द करने का अनुरोध किया गया है. आदेश के तहत बिहार में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है, जो



संविधान के अनुच्छेद 14, 19(1)(ए), 21, 325, 328 व जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और निर्वाचक पंजीकरण नियम, 1960 के प्रावधानों का उल्लंघन करता है.

महुआ ने अपनी याचिका में कहा, अगर इस आदेश को रद्द नहीं किया गया, तो यह देश में बड़े पैमाने पर पात्र मतदाताओं को मताधिकार से वंचित कर सकता है, जिससे लोकतंत्र, स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कमजोर हो सकते हैं. महुआ ने शीर्ष अदालत से भारत निर्वाचन आयोग को देश के अन्य राज्यों में मतदाता सूचियों की विशेष गहन पुनरीक्षण के इस तरह के आदेश जारी करने से रोकने का निर्देश देने का अनुरोध किया. अधिवक्ता नेहा राठी के माध्यम से दायर की गई इस याचिका में कहा गया, देश में यह पहली बार है कि ईसीआई द्वारा इस तरह का अभ्यास किया जा रहा है, जहां उन मतदाताओं से अपनी पात्रता साबित करने के लिए कहा जा रहा है, जिनके नाम पहले से ही मतदाता सूची में हैं या पहले भी कई बार मतदान कर चुके हैं. यह आवश्यकता अनुच्छेद 326 के विपरीत है और संविधान के आरपी अधिनियम 1950 द्वारा परिकल्पित नहीं की गई बाहरी योग्यताएं पेश करती है.

बता दें कि इस मामले में गैर सरकारी संगठन 'एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' ने भी एक याचिका दायर कर चुका है, जिसमें बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश को चुनौती दी गई है. चुनाव आयोग ने 24 जून को बिहार में एसआईआर करने के निर्देश जारी किए थे, जिसका उद्देश्य अपात्र नामों को हटाना और यह सुनिश्चित करना था कि केवल पात्र नागरिक ही मतदाता सूची में शामिल हों. बिहार में इस साल के अंत में चुनाव होने हैं.

### चुनाव आयोग ने भ्रामक बयानों से सतर्क रहने की दी सलाह

इस बीच, चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि बिहार में एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) की प्रक्रिया 24 जून को जारी निर्देशों के अनुसार पूरी पारदर्शिता के साथ सफलतापूर्वक संचालित हो रही है. आयोग ने दोहराया है कि प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रकार के निर्देशों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है. आयोग से जुड़े सूत्रों के अनुसार, 1 अगस्त को जारी होने वाले मसौदा निर्वाचक नामावली में केवल उन मतदाताओं के नाम शामिल किए जाएंगे जिनके नामांकन फॉर्म 25 जुलाई से पहले प्राप्त हो चुके होंगे. मतदाता आवश्यक दस्तावेज 25 जुलाई तक कभी भी जमा कर सकते हैं. इसके अतिरिक्त, दस्तावेज़ आपत्तियों और दावों की अवधि के दौरान भी प्रस्तुत किए जा सकते हैं. आयोग ने आम जनता को आगाह करते हुए कहा कि कुछ लोग 24 जून के आदेश को बिना पढ़े अथवा जानबूझकर ग़लत व्याख्या कर भ्रम फैला रहे हैं. ऐसे लोगों के भ्रामक और ग़लत बयानों पर ध्यान न देने की सलाह दी गई है. आयोग ने सभी नागरिकों से अपील की है कि केवल आधिकारिक स्रोतों से ही जानकारी प्राप्त करें और भ्रमित न हों.

### गोपाल खेमका की हत्या पर सरकार पर बरसे राहुल

# भाजपा-नीतीश ने बिहार को भारत की क्राइम कैपिटल बना दिया

शुभम संदेश। पटना

पटना में बड़े व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या के बाद बिहार की कानून व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गई है. कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में आरोप लगाया है कि नीतीश कुमार और भाजपा की गठबंधन सरकार ने बिहार को भारत की क्राइम कैपिटल बना दिया है. इससे पहले तेजस्वी यादव ने गोपाल खेमका की हत्या पर सरकार को निशाने पर लेते हुए बिहार में जंगलराज होने का आरोप लगा दिया था. राहुल गांधी ने लिखा कि आज बिहार लूट, गोली और हत्या के साए में जी रहा है. अपराध यहां नया नॉर्मल बन चुका है और सरकार पूरी तरह नाकाम. बिहार के भाइयों और बहनों, यह अन्याय अब और नहीं सहा जा सकता. जो सरकार आपके बच्चों की सुरक्षा नहीं कर सकती, वह आपके भविष्य की जिम्मेदारी भी नहीं ले सकती. राहुल गांधी ने कहा कि अब वक्त नए बिहार का है. उन्होंने लिखा कि हर हत्या, हर लूट, हर गोली - एक चीख है बदलाव की. अब वक्त है एक नए बिहार का, जहां डर नहीं, तरक्की हो. इस बार वोट सिर्फ सरकार बदलने का नहीं, बिहार को बचाने का है.

### सुपारी लेकर की गई बिजनेसमैन गोपाल खेमका की हत्या?

इस हाई-प्रोफाइल हत्याकांड की जांच में कई अहम सुराग सामने आ रहे हैं. पुलिस को शक है कि यह सुपारी किलिंग हो सकती है. इस मामले में गोपाल खेमका के छोटे बेटे गौरव खेमका ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है. सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने बेऊर जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर अजय वर्मा से भी इस सिलसिले में पूछताछ की है. बिजनेसमैन गोपाल खेमका की हत्या के मामले में पुलिस को शक है कि इस घटना में बेऊर जेल में बंद गैंगस्टर अजय वर्मा का हाथ हो सकता है. बताया जा रहा है कि जब पुलिस के आला अधिकारियों ने बेउर जेल में छापेमारी की थी तो वहां अजय वर्मा से भी पूछताछ की गई. पुलिस को शक है कि जमीन के विवाद में इस हत्या को अंजाम दिया गया है. इस हत्याकांड को लेकर पुलिस सुपारी किलिंग से जोड़कर जांच कर रही है.

### ब्राज़ील के रियो डी जनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन

# दोहरे मापदंडों का शिकार है ग्लोबल साउथ : मोदी

एजेंसियां। नयी दिल्ली

ब्राज़ील के रियो डी जनेरियो में आयोजित 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्लोबल साउथ की चिंताओं पर मुखर होकर बात रखी. उन्होंने कहा कि जलवायु वित्त, सतत विकास और तकनीकी पहुंच जैसे मुद्दों पर ग्लोबल साउथ को केवल प्रतीकात्मक सहयोग मिला है. पीएम मोदी का यह बयान उस समय आया है जब ब्रिक्स के सदस्य देश वैश्विक विकास और सहयोग के मुद्दों पर विचार-विमर्श कर रहे हैं. पीएम मोदी ने कहा कि विकास संसाधनों के वितरण और सुरक्षा जैसे मामलों में ग्लोबल साउथ के साथ दोहरा रवैया अपनाया गया है. उन्होंने स्पष्ट किया कि इन देशों की वास्तविक जरूरतों को नजरअंदाज किया जा रहा है और केवल नाममात्र की मदद दी जा रही है. प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि पिछली सदी में बनाए गए वैश्विक संस्थानों ने मानवता के दो-तिहाई हिस्से को कभी भी सही प्रतिनिधित्व नहीं दिया. जिन देशों का आज की दुनिया की अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान है, उन्हें निर्णय लेने वाली प्रमुख बैठकों में जगह ही नहीं मिली. उन्होंने इसे सिर्फ प्रतिनिधित्व का नहीं, बल्कि संस्थाओं की विश्वसनीयता और प्रभावशीलता का भी सवाल बताया.

### बिहार के लैंड सर्वे में किया गया बड़ा बदलाव

**पटना।** बिहार में राजस्व विभाग ने लैंड सर्वे को लेकर एक बड़ा निर्णय लिया है. दरअसल अब एक ही जमीन पर दाखिल-खारिज को लेकर रैयत दोबारा आवेदन नहीं करा सकेंगे. बता दें कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने यह निर्णय जमीन के दाखिल-खारिज मामले में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से किया है. यदि आवेदन एक बार पहले अस्वीकृत किया जा चुका है, तो वह दोबारा आवेदन नहीं कर सकता. विभाग ने इस व्यवस्था को अपने ऑनलाइन पोर्टल और सॉफ्टवेयर पर लागू कर दिया है. राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने सभी प्रमंडलीय आयुक्तों और जिलों के समाहर्ताओं को पत्र भेजकर निर्देश दिया है, जिसमें कहा गया है कि सभी ऑनलाइन दाखिल-खारिज आवेदनों की समीक्षा राजस्व कर्मचारी करेंगे.

### पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ ने रिटायर होने के बाद खाली नहीं किया बंगला

# अब सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को लिखा पत्र

एजेंसियां। नयी दिल्ली

पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ का सरकारी बंगले में ज्यादा दिन रुकना विवाद का कारण बन गया है. सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने केंद्र सरकार को पत्र लिख कर आग्रह किया है कि 5, कृष्णा मेनन मार्ग स्थित बंगला खाली करवाए. यह बंगला देश के मुख्य न्यायाधीश का आधिकारिक निवास है.

चंद्रचूड़ नवंबर 2024 में रिटायर हुए थे, लेकिन अब तक वहीं रह रहे. सुप्रीम कोर्ट ने एक जुलाई को केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय को पत्र लिखकर कहा कि पूर्व मुख्य न्यायधीश चंद्रचूड़ तय समय से ज्यादा दिन बंगले में रह रहे. रिटायरमेंट के बाद पूर्व मुख्य न्यायधीश को छह महीने तक टाइप-



सात बंगले में रह सकते हैं. लेकिन वह टाइप-आठ बंगले में आठ महीने से रह रहे हैं, जो नियमों का उल्लंघन है.

**इन दो चीफ जस्टिस ने नहीं लिया बंगला:** चंद्रचूड़ के रिटायरमेंट के बाद दो चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और मौजूदा सीजेआई बीआर गवई ने कृष्णा मेनन मार्ग स्थित बंगला लेने से इनकार कर दिया. दोनों ने अपने पुराने आवास में ही रहना पसंद किया. इसी वजह से चंद्रचूड़ को बंगले में अतिरिक्त समय मिलने में आसानी हुई.

### क्या बोले चंद्रचूड़

इस पर चंद्रचूड़ ने कहा कि यह देरी उनके पारिवारिक कारणों की वजह से हुई. उनकी दो बेटियों को विशेष देखभाल की जरूरत है और उनके लिए उपयुक्त घर ढूंढना आसान नहीं. सरकार ने उन्हें किराए पर दूसरा घर दिया है, जिसकी मरम्मत चल रही है. मरम्मत पूरी होते ही वह शिफ्ट हो जाएंगे. मुझे अपनी जिम्मेदारियों का एहसास है. उन्होंने स्पष्ट किया कि वह कुछ ही दिनों में बंगला छोड़ देंगे. उन्होंने यह भी कहा कि इससे पहले कई पूर्व मुख्य न्यायाधीश को भी परिस्थितियों को देखते हुए अतिरिक्त समय दिया गया है. वह यह मुद्दा सुप्रीम कोर्ट प्रशासन के साथ पहले ही साझा कर चुके हैं.

### अमरनाथ यात्रा: 7,200 यात्रियों का एक और जत्था जम्मू से रवाना

**जम्मू।** लगातार बारिश के बीच, 7,200 से अधिक तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था रविवार को तड़के दक्षिण कश्मीर हिमालय में अमरनाथ मंदिर के लिए यहां आधार शिविर से रवाना हुआ. 3 जुलाई को शुरू हुई 38 दिवसीय वार्षिक तीर्थयात्रा ने रविवार को 50,000 का आंकड़ा पार कर लिया. 1,587 महिलाओं और 30 बच्चों सहित 7,208 तीर्थयात्रियों का पांचवां जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह 3:35 बजे से 4:15 बजे के बीच भगवती नगर आधार शिविर से दो अलग-अलग काफिलों में रवाना हुआ. 2 जुलाई के बाद से यह तीर्थयात्रियों का सबसे बड़ा जत्था था, जब उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने यहां से यात्रा को हरी झंडी दिखाई थी.

### वैश्विक खबर : इस बार ब्रिक्स सम्मेलन में नहीं दिखेंगे पुतिन-जिनपिंग, पीएम मोदी कर रहे शिरकत

# भारत और ब्राजील के लिए बड़ा कूटनीतिक मौका

शुभम संदेश डेस्क

**ब्राजील** के रियो डि जेनेरियो में रविवार से ब्रिक्स समूह का शिखर सम्मेलन शुरू हो रहा है. इस बार एक महत्वपूर्ण बदलाव ने सबका ध्यान खींचा है – चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग इस बैठक में शामिल नहीं हो रहे हैं. अपने एक दशक से अधिक लंबे शासन में यह पहली बार है जब शी ब्रिक्स की सालाना बैठक से दूर हैं. शी की गैरमौजूदगी ऐसे वक्त में हो रही है जब ब्रिक्स, जो अब 2024 के बाद 10 सदस्यीय समूह बन चुका है और अमेरिका के साथ बढ़ते व्यापारिक तनाव और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के दौर से गुजर रहा है. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कई देशों




पर लगाए गए टैरिफ की समय सीमा 9 जुलाई को खत्म हो रही है, जिससे इन देशों पर साझा रणनीति बनाने का दबाव बढ़ा है.

शी जिनपिंग की जगह इस बार चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ब्रिक्स में चीन प्रतिनिधित्व कर रहे हैं. हालांकि जानकारों का मानना है कि यह चीन की ब्रिक्स में रुचि कम होने का संकेत नहीं है, बल्कि घरेलू आर्थिक मामलों और रणनीतिक प्राथमिकताओं के चलते यह निर्णय लिया गया है.

**भारत को मिल सकता है कूटनीतिक लाभ:** इस बार की बैठक में भारत ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का केंद्र बिंदु रहने वाला है. चीन और रूस के शीर्ष नेताओं की गैरमौजूदगी से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रमुख मंच मिलने की संभावना है. मोदी ब्राज़ील के राष्ट्रपति लुइज़ इनेसियो लूला डा सिल्वा के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे. दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा भी सम्मेलन में मौजूद रहेंगे. ब्राजील ने पीएम मोदी के सम्मान में स्टेट विजिट का भी आयोजन रखा है, जो कि 8-9 जुलाई को ब्रासिलिया में होगा.

**डॉलर के विकल्प की तलाश:** ब्रिक्स के सदस्य लंबे समय से व्यापार में डॉलर की निर्भरता को कम करने और राष्ट्रीय मुद्राओं में लेनदेन को बढ़ावा देने की बात कर रहे हैं. रूस और ईरान जैसे अमेरिका द्वारा प्रतिबंधित देशों के लिए यह रणनीति खास मायने रखती है. हालांकि, एक साझा ब्रिक्स मुद्रा की संभावना इस बैठक में कम ही दिख रही है, क्योंकि इसके विरोध में ट्रंप ने जनवरी में 100% टैरिफ लगाने की धमकी दी थी.

**तो इस वजह से नहीं आ रहे पुतिन:** शी जिनपिंग अकेले ऐसे राष्ट्राध्यक्ष नहीं हैं जो ब्रिक्स में मौजूद नहीं रहेंगे बल्कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी सम्मेलन में केवल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल होंगे ठीक उसी तरह जैसे उन्होंने 2023 में दक्षिण अफ्रीका में आयोजित ब्रिक्स बैठक में वर्चुअली हिस्सा लिया था.

### क्या ब्रिक्स अब उतना प्रभावी नहीं रहा

ब्रिक्स की शुरुआत 2009 में ब्राज़ील, रूस, भारत और चीन के आर्थिक सहयोग समूह के रूप में हुई थी, जिसमें एक साल बाद दक्षिण अफ्रीका जुड़ा. 2024 में इसमें मिस्र, यूएई, इथियोपिया, इंडोनेशिया और ईरान को भी शामिल किया गया. अब यह समूह वैश्विक शक्ति संतुलन में बदलाव लाने का प्रयास कर रहा है, खासकर पश्चिमी देशों के प्रभाव को संतुलित करने के लिए. हालांकि, अलग-अलग राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक सोच रखने वाले देशों का यह समूह अक्सर एकजुटता नहीं दिखा पाता है. हाल ही में ईरान पर हुए हमलों को लेकर संयुक्त बयान में अमेरिका और इज़रायल का नाम नहीं लिया गया, जिससे इस समूह में अंतर्विरोध देखने को मिला.

# ट्रंप की सुरक्षा में बड़ी सेंध!

### गोल्फ कोर्स के ऊपर उड़ रहा था प्लेन

एजेंसियां। वाशिंगटन

अमेरिका में एक एफ-16 लड़ाकू विमान ने शनिवार को एक सिविलियन एयरक्राफ्ट को रोका क्योंकि वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के न्यू जर्सी स्थित बेडमिन्स्टर गोल्फ क्लब के ऊपर बने नो-फ्लाई जोन में घुस गया था. इस इलाके को अस्थायी रूप से उड़ानों के लिए बंद किया गया था क्योंकि राष्ट्रपति ट्रंप वहां छुट्टियां मना रहे हैं. अमेरिकी डिफेंस एजेंसी ने बताया कि उन्होंने तुरंत एक एफ-16 जेट भेजा, जिसने उस विमान को सुरक्षा से बाहर निकाल दिया.

एजेंसी ने कहा कि विमान से किसी तरह का खतरा नहीं था और सब शांतिपूर्वक हो गया. राष्ट्रपति की सुरक्षा के लिए जब वे कहीं बाहर होते हैं तो उस इलाके को कुछ समय के लिए उड़ानों के लिए बंद कर दिया जाता है.

### मार्च में भी सामने आया था ऐसा मामला

इस घटना से कुछ महीने पहले मार्च में भी एक नागरिक विमान ने फ्लोरिडा में ट्रंप के आवास के ऊपर प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर लिया था. उस समय भी इसी तरह की सैन्य कार्रवाई कर विमान को बाहर निकाला गया था. राष्ट्रपति की मौजूदगी के दौरान बनाए गए नो-फ्लाई जोन का उल्लंघन न केवल सुरक्षा के लिहाज से गंभीर है, बल्कि यह कानूनी कार्रवाई का कारण भी बन सकता है.

**हाल के हफ्तों में बढ़े ऐसे मामले:** डिफेंस एजेंसी ने कहा है कि यह हाल के हफ्तों में ऐसी कई घटनाओं में से एक है. उन्होंने पायलटों से अपील की है कि उड़ान भरने से पहले वे सभी उड़ान प्रतिबंधों की जानकारी जरूर लें.

झारखंड बीजेपी के नए प्रदेश अध्यक्ष को लेकर कवायद तेज

# जल्द घोषणा होने के आसार, पद पाने के लिए कई दावेदार

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड बीजेपी के नये प्रदेश अध्यक्ष को लेकर एक बार फिर सुगबुगाहट तेज हो गई है. पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के द्वारा जल्द ही नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा होने की संभावना है. पिछले कई महीनों से निचले स्तर से शुरू हुई पार्टी का संगठनात्मक चुनाव अब अंतिम चरण में हैं. साथ ही संभावना जताई जा रही है कि इस महीने के अंत तक पार्टी को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल जाएगा.

**पार्टी के अंदर कई नामों पर कवायद :** पार्टी के अंदर प्रदेश अध्यक्ष को लेकर जिन नामों पर तेजी से चर्चा हो रही है, उसमें सबसे



प्रमुख नाम पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का है. रघुवर दास पार्टी में कई जिम्मेदारी संभाल चुके हैं. जिससे आलाकमान को काफी भरोसा है. ओबीसी समुदाय से संबंध रखने वाले रघुवर दास का पार्टी के केंद्रीय नेताओं के बीच अच्छे संबंध हैं. जिसका लाभ उन्हें मिलने की संभावना है. हालांकि पिछड़ा वर्ग से रघुवर दास के बाद दूसरा नाम जो बेहद ही चर्चा में है, वह हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल है.

### रघुवर दास और मनीष जायसवाल के नाम आगे

रघुवर दास को यदि किसी वजह से प्रदेश अध्यक्ष नहीं बनाया जाता है तो मनीष जायसवाल के नाम पर मुहर लग सकता है. मनीष जायसवाल रघुवर दास और बाबूलाल मरांडी के भी चहेतों में से एक है. पिछड़ा वर्ग से बाहर निकलकर पार्टी यदि अगड़ी जाति के किसी को प्रदेश अध्यक्ष बनाएगी तो उसमें अनंत ओझा और प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष के रुप में वर्तमान में जिम्मेदारी संभाल रहे रबींद्र कुमार राय में से कोई एक हो सकता है.

### रघुवर दास ही क्यों, जिसपर पार्टी को है इतना भरोसा

ओडिशा के राज्यपाल पद से इस्तीफा देने के बाद 10 जनवरी को रांची स्थित झारखंड भाजपा के कार्यालय में रघुवर दास पुन: पार्टी की सदस्यता ली. इसके बाद उन्होंने सक्रिय राजनीति में वापसी की है. ओबीसी वर्ग से आने वाले रघुवर दास ने बतौर मुख्यमंत्री राज्य में अपनी खास छवि बनाने में सफल रहे थे. झारखंड में ओबीसी की अच्छी खासी आबादी है. ऐसे में भविष्य की राजनीति का केंद्र बिंदु में यहां पिछड़ा वर्ग से जुड़ा वोट बैंक हो सकता है.

### अनंत ओझा को संघ के करीबी होने का मिल सकता है फायदा

पूर्व विधायक अनंत ओझा रघुवर दास के प्रियपात्रों में से एक है और वे संघ के बहुत करीबी है. जिसका लाभ उन्हें मिल सकता है. रबींद्र कुमार राय को विधानसभा चुनाव के ऐन वक्त पर कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी देकर पार्टी ने अगड़ी जातियों की नाराजगी को दूर करने का प्रयास किया था. हालांकि जिस उम्मीद से बनाया गया था, उस तरह का लाभ पार्टी को नहीं मिल सका. बाबूलाल मरांडी के साथ अच्छे संबंध होने की वजह से इसका लाभ उन्हें मिल सकता है.

# एसबीयू में मनी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती



**शुभम संदेश। रांची/नामकुम**

सरला बिरला विश्वविद्यालय में रविवार डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती मनायी गयी. इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में एसबीयू के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने डॉ. मुखर्जी के जीवन, देश के प्रति उनके योगदान और उनके कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला. उनकी शैक्षणिक विद्वता, जनसेवा के प्रति समर्पण एवं राष्ट्र की विभिन्न समस्याओं के प्रति दूरदर्शिता की भी उन्होंने चर्चा की. हिंदू महासभा से उनके जुड़ाव एवं भारतीय राजनीति में उनके योगदान पर भी उन्होंने प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने की वकालत कर और इसके लिए वृहत् आंदोलन कर डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने का महती प्रयास किया था. कार्यक्रम में एसबीयू के कुलपति प्रो सी जगनाथन के अलावा विभिन्न शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है.

महागठबंधन में नया मोड़

# रालोजपा और झामुमो की जल्द होगी एंट्री!

**शुभम संदेश डेस्क**

बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन को मजबूती मिलने की संभावनाएं और प्रबल हो गई हैं. पशुपति पारस की राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) जल्द ही महागठबंधन में शामिल हो सकती हैं. इस बात की पुष्टि खुद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने की है.

**हेमंत सोरेन से हुई बातचीत, झामुमो भी दिखा रहा रुझान :** तेजस्वी यादव ने बताया कि उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी बातचीत की है. हालांकि, शिबू सोरेन की तबीयत खराब होने के कारण वे खुद रांची नहीं जा सके. तेजस्वी ने कहा, हेमंत सोरेन जी की भी यही मंशा है कि वे महागठबंधन में शामिल हों. जल्द ही इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा. गौरतलब है कि झारखंड विधानसभा चुनाव में राजद और झामुमो पहले से साथ काम कर चुके हैं. जेएमएम ने आरजेडी को 6 सीटें दी थीं, जिनमें से 4 पर आरजेडी ने जीत दर्ज की थी. आरजेडी का एक विधायक वर्तमान में हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल में मंत्री भी है.

**एक दर्जन सीटों पर लोजपा की नजर :** एनडीए से अलग होने के बाद से ही लोजपा के महागठबंधन में शामिल होने की चर्चा गर्म है. इस साल जनवरी में जब लालू प्रसाद यादव दही-चूड़ा भोज पर पशुपति पारस के घर पहुंचे थे, तभी से अटकलें तेज हो गई थीं. कई मौकों पर पारस ने भी इशारों में सहयोग की इच्छा जाहिर की थी.

वहीं, झामुमो के सूत्रों का कहना है कि अगर पार्टी को महागठबंधन में शामिल नहीं किया गया तो बिहार की एक दर्जन से अधिक सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया जा सकता है.



### तेजस्वी यादव ने दिया संकेत, जल्द होगा फैसला

रामविलास पासवान की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने रालोजपा कार्यालय पहुंचे तेजस्वी यादव ने कहा, पशुपति पारस जी ने धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद के मुद्दे को लेकर महागठबंधन में आने की इच्छा जताई है. हमनें यह प्रस्ताव सभी घटक दलों के समक्ष रखा है और जल्द इस पर निर्णय लिया जाएगा. तेजस्वी ने यह भी कहा कि एनडीए को हराने की चाह रखने वाले सभी दलों का एक साथ आना महागठबंधन को और मजबूत बनाएगा.

झारखंड में मनरेगा पर सवाल : मानव दिवस में आई है गिरावट

# रजिस्ट्रेशन में तो हुआ इजाफा लेकिन रोजगार में आई कमी

**समीर चक्रवर्ती। रांची**

झारखंड में मनरेगा से जुड़े कुछ आंकड़े इसकी सार्थकता पर सवाल खड़े कर रहे हैं. वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के केंद्र सरकार के डाटा का हवाला देते हुए लिव-टेक इंडिया, नरेगा वॉच और भोजन का अधिकार अभियान की ओर से दावा किया गया है कि एक तरफ मनरेगा में पंजीकरण करने वाले परिवारों की संख्या बढ़ी है तो दूसरी तरफ रोजगार घटा है. इसपर विभाग की अपनी दलील है. रिपोर्ट के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2024-25 में परिवारों के पंजीकरण में 5.3 प्रतिशत का इजाफा हुआ है. लेकिन इसकी तुलना में पंजीकृत परिवारों और मजदूरों की भागीदारी में 7.4 प्रतिशत और 9.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई है. वहीं पंजीकरण बढ़ने के बावजूद मानव दिवस में 8 प्रतिशत की गिरावट आई है जो राष्ट्रीय स्तर पर हुई 6.9 प्रतिशत की गिरावट से ज्यादा है. यह चिंता का विषय है. इससे पता चल रहा है कि एक तरफ लोग पंजीकरण तो करा रहे हैं लेकिन दूसरी तरफ उन्हें काम नहीं मिल रहा है.

**नरेगा वॉच और भोजन का अधिकार अभियान का पक्ष:** नरेगा वॉच के जेम्स हेरेंज का कहना है कि रोजगार में गिरावट की वजह के कई कारण हैं. केंद्र सरकार ने 86 हजार करोड़ का मनरेगा बजट पेश किया है. लेकिन पिछले वर्ष का बकाया 11 हजार करोड़ रुपये भी जुड़ा हुआ है. सरकार के कार्यक्रमों में जनता का विश्वास कम हो रहा है. मजदूरों को समय पर भुगतान नहीं हो रहा है. मनरेगा से जुड़ने और पेमेंट के लिए कई प्रक्रिया से गुजरना पड़ रहा है. इससे मजदूर परेशान हैं. ग्राम सभा के स्तर से योजनाएं तय नहीं की जा रहीं हैं. योजनाओं को नहीं थोपना चाहिए. अब शिकायत पर कोई संज्ञान भी नहीं लेता है. ऐसा लगता है कि मनरेगा अब करप्शन का पर्याय बन गया है. सामाजिक कार्यकर्ता बलराम के मुताबिक संपन्न लोग मनरेगा का जॉब कार्ड बनवाकर फायदा उठा रहे हैं. पर्सनल असेट तैयार कर रहे हैं. चार लाख का एक कुंआ बनवा ले रहे हैं. अगर एक मजदूर पूरे साल में 100 दिन काम करता है तो उसे महज 27 हजार रु. मिलेंगे. इसको रोकना होगा. सरकार को इच्छाशक्ति मजबूत करना होगा. समय पर मजदूरी का भुगतान होना चाहिए. स्टेट कॉर्पस बनना चाहिए. उससे राज्य सरकार मजदूरी भुगतान कर दे बाद में केंद्र से राशि आने पर एडजस्ट कर ले. अब स्टेट से ऑर्डर हो जाता है कि एक लाख कुंआ बनाना है. यह सही नहीं है.



### विभाग की दलील

मनरेगा आयुक्त मृत्युंजय कुमार वर्णवाल के मुताबिक रोजगार सृजन में कमी आई है. लेकिन इसके पीछे कुछ वजहें हैं. वित्तीय वर्ष 2024-25 में लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा का चुनाव होने से काम प्रभावित हुआ. साथ ही मनरेगा कामगार करीब 78-79 दिन हड़ताल पर रहे. इस साल बड़ा लक्ष्य रखा गया है. इस बार 12 करोड़ मानव दिवस सृजन का लक्ष्य रखा गया है. पहले तीन माह में इस टारगेट को पूरा किया जा चुका है. इस साल आंकड़ों में फर्क जरूर दिखेगा.

### सौ दिन काम पाने वालों की संख्या घटी

रिपोर्ट के मुताबिक 100 दिन काम पाने वालों की संख्या में भी भारी गिरावट आई है. इस कैटेगरी में शामिल परिवारों की संख्या 18 प्रतिशत घटी है. जबकि राष्ट्रीय स्तर पर 9.3 प्रतिशत की गिरावट आई है. इसके अलावा जिला स्तर पर भी मानव दिवस में गिरावट दर्ज हुई है. सबसे ज्यादा साहिबगंज में 27 प्रतिशत, जामताड़ा में 22.9 प्रतिशत, रामगढ़ में 18.6 प्रतिशत और लोहरदगा में 18.5 प्रतिशत मानव दिवस कम हुआ है. गौर करने वाली बात ये है कि आदिवासी बहुल खूंटी, सिमडेगा, पश्चिम सिंहभूम में भी मानव दिवस में कमी आई है. खास बात है कि घोषित मजदूरी में वृद्धि के बावजूद 2024-25 में अकुशन मजदूरी पर खर्च 2023-24 की तुलना में 95.2 करोड़ घट गया.

ईडी की जांच में बड़ा खुलासा

# पांच साल में 1.70 करोड़ की जमीन के मालिक बने योगेंद्र साव के बेटे

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड के पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और पूर्व विधायक निर्मला देवी के पुत्र तथा बड़कागांव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज ने बीते पांच वर्षों में करीब आठ एकड़ जमीन खरीदी है. भूमि संबंधित दस्तावेजों के मुताबिक इन जमीनों का कागजी मूल्य 1.70 करोड़ रुपये है. ईडी की जांच में यह बात सामने आई है कि अंकित राज बालू के कारोबार सहित अन्य कई व्यापारिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल हैं. जांच में यह भी पाया गया है कि अंकित राज के नाम पर एक कंपनी मेसर्स अंकित राज सैंड स्टॉकयार्ड रजिस्टर्ड है, जो बालू व्यवसाय के लिए बनाई गई थी. इसके अतिरिक्त मेसर्स एसकेएस इंटरप्राइजेज और मां अष्टभुजा सिरामिक्स जैसी कंपनियों पर भी अंकित का पूरा नियंत्रण है. ईडी के अनुसार, अंकित राज अवैध बालू खनन में भी लिप्त रहा है. अंकित ने वर्ष 2019 से 2023 के बीच हजारीबाग जिले के विभिन्न मौजा क्षेत्रों में जमीन खरीदी. कुल 15 रजिस्ट्री दस्तावेजों के माध्यम से इन जमीनों का अधिग्रहण किया गया, जिसमें सबसे अधिक रजिस्ट्री वर्ष 2023 में की गई. वर्ष 2019 में दो, वर्ष 2020 में एक और वर्ष 2021 में चार सेल डीड के जरिए जमीन खरीदी गई. 2022 में दो और 2023 में सबसे अधिक रजिस्ट्री हुईं. उदाहरणस्वरूप, वर्ष 2020 में नयाखाप मौजा के खाता नंबर 26, प्लॉट नंबर 718 की 9.31 डिसमिल जमीन सिर्फ एक रजिस्ट्री से खरीदी गई, जिसकी कीमत दस्तावेज में नौ लाख रुपये दर्ज है. ईडी अब इस पूरे लेन-देन की गहनता से जांच कर रही है कि आखिर इतनी संपत्ति अर्जित करने का स्रोत क्या है, और उसमें अवैध खनन से प्राप्त धन की भूमिका कितनी है.

## एक नजर

### चंपाई सोरेन का सोशल मीडिया अकाउंट अचानक बंद

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता चंपाई सोरेन पिछले पांच दिनों से सोशल मीडिया पर पूरी तरह से खामोश हैं. उनके ट्विटर और फेसबुक जैसे मुख्य सोशल हैंडल्स पर न तो कोई नया पोस्ट आई है और न ही कोई प्रतिक्रिया. आमतौर पर सोशल प्लेटफॉर्म पर बेहद सक्रिय रहने वाले सोरेन की इस अचानक चुप्पी ने राजनीतिक गलियारों और आम जनता के बीच कई सवाल खड़े कर दिए हैं. मिली जानकारी के अनुसार, चंपाई सोरेन के सोशल मीडिया अकाउंट्स को सुधीर कुमार नामक व्यक्ति संभाल रहा था. हाल ही में सुधीर को झारखंड के गोड्डा में हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है. जानकारी के मुताबिक सुधीर की गिरफ्तारी के बाद से ही चंपाई सोरेन के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कोई गतिविधि नहीं दिख रही है, जिससे यह अटकलें तेज हो गई हैं कि उनकी डिजिटल टीम में कुछ बड़ा बदलाव हुआ है. इस घटनाक्रम के बाद यह सवाल उठ रहे हैं कि क्या सुधीर ही उनके सोशल अकाउंट्स का एकमात्र संचालक था? यदि ऐसा है, तो उनकी डिजिटल सुरक्षा और टीम प्रबंधन पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लग गए हैं.



### बीसीआई प्लेटिनम 27 को कराएगा बैडमिंटन टूर्नामेंट

**रांची.** बिजनेस क्रिएशन ऑफ इंडिया (बीसीआइ) प्लेटिनम की बैठक रविवार को हुई. इसकी अध्यक्षता करते हुए बीसीआइ के अध्यक्ष डॉ. सजीत कुमार ने कहा कि हमारे सदस्यों के सहयोग से कारोबार में वृद्धि हो रही. हमें अपने व्यापार के साथ एक आपसी संबंध को आगे बढ़ाना है. बैठक में बीसीआइ प्लेटिनम के सदस्यों के लिए 27 जुलाई को एक दिवसीय बैडमिंटन के आयोजन की घोषणा की गयी. इसका आयोजन मोरहाबादी हातमा स्थित बैडमिंटन एकेडमी में होगा. मेंटर किशोर मंत्री ने कहा कि हमें व्यापार आगे बढ़ाना है, तो नेटवर्किंग ज़रूरी है. बीसीआइ प्लेटिनम ऐसा मंच है, जहां उद्यमी एक-दूसरे से जुड़कर अपने व्यवसाय को नया आयाम दे सकते हैं. इसमें अच्छे लोग जुड़ रहे हैं, इसी का परिणाम है कि एक दूसरे के पारस्परिक सहयोग से अच्छा व्यवसाय हर माह कर पा रहे हैं. व्यापार के साथ खेल भावना को भी आगे बढ़ाना है. एक दूसरे के प्रति विश्वास जगाना है. बैठक में कई नए विज़िटर्स ने भी भाग लिया और संगठन की कार्यप्रणाली को समझा. उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्हें इस मंच से बहुत कुछ सीखने को मिला.इस अवसर पर निदेशक शिव कुमार सिंह, रमेश कुमार, अजय कुमार, बीसीआइ प्लेटिनम की उपाध्यक्ष सोनाली चौधरी, सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा, मोहित नारसरिया, संजय जैन, अमर बाजोरिया, जुली कुमारी समेत अन्य सदस्य मौजूद थे.

झारखंड के 4 विवि में इंटर में नामांकन पर राजभवन ने भेजा नोटिस

# नई शिक्षा नीति के उल्लंघन का आरोप

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड के 4 विश्वविद्यालयों में इंटरमीडिएट में नामांकन जारी रखने को लेकर राजभवन ने गंभीर आपत्ति जताई है. इस संबंध में विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग, कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा, सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका और नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय मेदिनीनगर को राजभवन की ओर से नोटिस जारी किया गया है. राज्यपाल सचिवालय की संयुक्त सचिव अर्चना मेहता ने सभी संबंधित विश्वविद्यालयों से यह स्पष्ट करने को कहा है कि जब नई शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के तहत कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई बंद करने का निर्देश पहले ही जारी किया जा चुका है, तो फिर 2025-27 शैक्षणिक सत्र में इंटरमीडिएट में नामांकन क्यों लिया जा रहा है.

राजभवन के नोटिस के बाद विश्वविद्यालयों ने भी तेजी से कार्रवाई शुरू कर दी है. विनोबा भावे विश्वविद्यालय ने अपने सभी अंगीभूत और संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों से 3 दिन के भीतर रिपोर्ट देने को कहा है. अन्य विश्वविद्यालयों ने भी कॉलेजों से जानकारी मांगी है कि किस कॉलेज में इंटर का नामांकन लिया जा रहा है और क्यों. जानकारी हो कि नई शिक्षा नीति 2020 के तहत, कॉलेज स्तर की शिक्षा केवल स्नातक और स्नातकोत्तर तक सीमित रहनी चाहिए, जबकि इंटर की पढ़ाई केवल प्लस टू स्कूलों या मान्यता प्राप्त इंटर कॉलेजों में होनी है.

राज्यपाल से मिला युवा सोच का प्रतिनिधिमंडल

### विश्वविद्यालयों में इंटरमीडिएट शिक्षा बहाली करने की मांग



**रांची।** राजधानी रांची में संचालित सामाजिक संस्था युवा सोच के प्रतिनिधिमंडल द्वारा राजभवन में राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष गंगवार से मुलाकात कर उन्हें मांग पत्र सौंपा गया. बता दें कि मांग पत्र के माध्यम से युक्त प्रतिनिधिमंडल ने राज्यभर के सरकारी महाविद्यालयों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई पुन: प्रारंभ कराने एवं नए इंटरमीडिएट महाविद्यालयों के निर्माण की मांग की. मौके पर संस्था के अध्यक्ष कृष्णा मिश्रा ने बताया कि राज्य में सरकारी स्तर पर इंटरमीडिएट की पढ़ाई बंद होने से खासकर ग्रामीण और दूर दराज इलाकों से ताल्लुक रखने वाले विद्यार्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने कहा, निजी विद्यालयों में एडमिशन कराना इन विद्यार्थियों के लिए अड़चन पैदा कर रहा है. और मजबूरी में इन क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को निजी संस्थानों की ओर रुख करना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है. युवा सोच के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से आग्रह किया कि वे इस गंभीर शैक्षणिक मुद्दे पर संज्ञान लें और उचित कदम उठाएँ, ताकि राज्य के छात्र-छात्राओं को समान और सुलभ शिक्षा मिल सके. इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष कृष्णा मिश्रा, नितीश मिश्रा, कुशाग्र सिंह राजपूत आदि उपस्थित थे. प्रतिनिधिमंडल को उम्मीद है कि राज्यपाल इस विषय में सकारात्मक पहल करेंगे.

# निकाय चुनाव की तैयारी तेज करेगी भाजपा

- नेताओं को मिलेगा जिलों का जिम्मा

**शुभम संदेश। रांची**

राज्य में इस साल के अंत तक स्थानीय निकायों के चुनाव होने की संभावना है। भारतीय जनता पार्टी ने इसे लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। हालांकि, स्थानीय निकाय चुनाव दलगत आधार पर होंगे यह अभी स्पष्ट नहीं है। लेकिन चुनाव में अपने कार्यकर्ताओं की भागीदारी के लिए पार्टी ने वरिष्ठ नेताओं की कमेटी बनाकर सर्वेक्षण का काम प्रारंभ करने की योजना बनाई है। निकाय चुनाव के लिए बनी नेताओं की यह कमेटी जिलों का दौरा करेगी।

संभावित उम्मीदवारों का नाम कार्यकर्ताओं से पूछने के बाद प्रदेश नेतृत्व को इससे अवगत कराया जाएगा। प्रदेश संगठन महामंत्री ने जुलाई महीने से पहले इस कमेटी के गठन और जिलों के दौरे की प्रक्रिया चलाने की सलाह दी है। निकाय चुनाव में शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्र के मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए भाजपा राज्य सरकार की नीतियों पर आंदोलनात्मक कार्यक्रम चलाने की योजना भी बना रही है।

स्थानीय निकाय चुनावों में पार्टी की योजना समर्पित कार्यकर्ताओं को उतारने की है। जीतने वाले प्रत्याशियों के चयन के लिए पहले से चली प्रक्रिया में कार्यकर्ताओं का चुनाव आसान होगा। स्थानीय निकाय चुनाव के जरिए भाजपा आने वाले दिन के लिए लीडरशिप तैयार करने की योजना में है।

राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने हाल ही में प्रदेश के नेताओं को स्थानीय निकाय चुनाव में युवा और समर्पित कार्यकर्ताओं को मौका देने का निर्देश दिया है।

अब झारखंड में भी 'बैगलेस डे' | गुजरात के बाद झारखंड में भी प्रयोग

# हर शनिवार बिना बस्ता के स्कूल आएंगे बच्चे, रचनात्मक गतिविधियों पर जोर

**शुभम संदेश। रांची**

गुजरात के बाद अब झारखंड भी अपनी शिक्षा व्यवस्था में एक बड़ा और सकारात्मक बदलाव करने की तैयारी में है. राज्य के सरकारी स्कूलों में हर शनिवार 'बैगलेस डे' लागू करने की योजना बन रही है, जिसके तहत बच्चों को उस दिन बस्ता, किताब या कॉपी लेकर स्कूल आने की आवश्यकता नहीं होगी. यह व्यवस्था फिलहाल कक्षा 1 से 8 तक के छात्रों के लिए लागू की जाएगी.

शिक्षा विभाग इस प्रस्ताव को अंतिम रूप देने में जुटा है और माना जा रहा है कि इसे जल्द ही राज्यभर में लागू कर दिया जाएगा. इस नई पहल का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, शारीरिक सक्रियता और सामाजिक संवाद को बढ़ावा देना है. शनिवार को बच्चों का पूरा दिन खेलकूद, योग, म्यूजिक, ड्राइंग, पेंटिंग, नाटक, कहानी-कविता, क्विज़, लोक गीत-नृत्य जैसे गतिविधियों में बिताया जाएगा.

**बच्चों की रचनात्मकता होगी केंद्र में :** बताया गया है कि इस दिन शिक्षक बच्चों को सीखने के वैकल्पिक तरीके अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे. स्थानीय संसाधनों और सांस्कृतिक गतिविधियों के जरिये छात्रों की भागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा. इससे न केवल बच्चों का मानसिक विकास होगा, बल्कि वे स्कूल को बोझमुक्त और आनंददायक स्थान के रूप में महसूस कर सकेंगे. शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस पहल को स्कूलों में प्रयोग के तौर पर शुरू किया जाएगा और फिर उसे नियमित व्यवस्था का रूप दिया जाएगा. जिला शिक्षा अधिकारियों को इसके लिए दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं.



### पुरानी परंपरा को नया रूप देने की कोशिश

राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने इस पहल की पुष्टि करते हुए कहा कि डिजिटल युग में मोबाइल और गैजेट्स के अत्यधिक इस्तेमाल से बच्चे शारीरिक गतिविधियों से दूर होते जा रहे हैं. पहले स्कूलों में ऐसी परंपरा थी, जिसमें आखिरी घंटा पीटी और खेलकूद का होता था. अब उसी भावना को और व्यापक रूप देकर 'बैगलेस डे' की शुरुआत की जा रही है, उन्होंने कहा.

### शिक्षकों की भूमिका भी अब बदलेगी

बैगलेस डे पर शिक्षकों की भूमिका भी पारंपरिक अध्यापन से हटकर मार्गदर्शक और सहकर्मी जैसी होगी. वे बच्चों को विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करेंगे और उनके साथ सक्रिय रूप से शामिल होंगे. शिक्षा विभाग का मानना है कि यह पहल न केवल बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देगी, बल्कि स्कूलों का वातावरण भी अधिक जीवंत और समावेशी बनेगा.

श्रावणी मेला : रेलवे ने दिया बड़ा तोहफा!

# सावन में देवघर जाने के लिए इन शहरों से चलेंगी खास ट्रेनें

**शुभम संदेश। रांची**

श्रावण मास की शुरुआत से पहले ही मिथिलांचल में शिवभक्ति का रंग चढ़ने लगा है. शिव और शक्ति की भूमि मानी जाने वाली मिथिला के श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर की यात्रा को लेकर तैयारियों में जुट चुके हैं. इस बार रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालुओं के देवघर जाने की संभावना जताई जा रही है.

**श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए रेलवे का बड़ा फैसला:** हर साल की तरह इस बार भी जयनगर, दरभंगा, समस्तीपुर, बरौनी, मुंगेर और किउल जैसे स्टेशनों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु देवघर के लिए रवाना होते हैं. बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए समस्तीपुर रेल मंडल ने विशेष 'श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन' चलाने का निर्णय लिया है.

11 जुलाई से 8 सितंबर तक चलेगी स्पेशल ट्रेन, सप्ताह में तीन दिन सेवा रेलवे के अनुसार, गाड़ी संख्या 05597 – जयनगर-आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन 11 जुलाई से 8 सितंबर तक, मंगलवार, शुक्रवार और रविवार को रात 10:00 बजे जयनगर से रवाना होकर सुबह 9:05 बजे जसीडीह और 11:30 बजे आसनसोल पहुंचेगी.

**वापसी में भी श्रद्धालुओं को सुविधा :** गाड़ी संख्या 05598 – आसनसोल-जयनगर श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन 12 जुलाई से 9 सितंबर तक बुधवार, शनिवार और सोमवार को दोपहर 1:00 बजे आसनसोल से प्रस्थान अगले दिन सुबह 4:20 बजे जयनगर पहुंचेगी.

### अतिरिक्त कोच और स्टॉपेज की सुविधा

रेल प्रशासन ने न सिर्फ स्पेशल ट्रेनों की शुरुआत की है, बल्कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कुछ नियमित ट्रेनों में अतिरिक्त कोच भी जोड़े गए हैं. साथ ही, महत्वपूर्ण स्टेशनों पर अतिरिक्त स्टॉपेज भी दिए गए हैं ताकि किसी भी श्रद्धालु को यात्रा में असुविधा न हो.


कर्बला पहुंचे एसएसपी प्रभात कुमार


# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, सोमवार 07 जुलाई 2025, आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वादशी, संवत 2082



पेज 07

## ब्रीफ खबरें

पत्रकारों से मारपीट का मामला

### कांग्रेस अनुशासन समिति ने राशिद को दी चेतावनी

**रांची।** राजधानी रांची के प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में रविवार को अनुशासन समिति की बैठक हुई। इसमें अनुशासन समिति के अध्यक्ष बजेंद्र सिंह, सदस्य आनदि ब्रह्म, शमशेर आलम, संयोजक अमुल्य नीरज खालखो शामिल थे। बैठक में पूरे राज्य के विभिन्न जिलों से अब तक प्राप्त अनुशासन से जुड़ी शिकायतों पर समीक्षात्मक चर्चा की गई। अनुशासन समिति राशिद रजा के जवाब को स्वीकृत कर लिया है और उन्हें यह हिदायत दी गई है कि भविष्य में इस तरह की घटना से बचें अन्यथा कारवाई की जायेगी।

### झारखंड के कई जिलों में भारी बारिश के आसार

**रांची।** झारखंड में एक बार फिर तेज बारिश का दौर शुरू होने वाला है. मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है. दक्षिण-पश्चिमी जिलों खूंटी, गुमला, सिमडेगा और पश्चिम सिंहभूम में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि रांची, रामगढ़, हजारीबाग, पलामू और लोहरदगा जैसे उत्तर-पश्चिमी और आसपास के जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है. मौसम विज्ञान केंद्र, रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवातीय सिस्टम के कारण 5 जुलाई की रात से 7 जुलाई की सुबह तक राज्य के कई हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है.

### कोयला चोरी का विरोध करने पर कर्मियों से मारपीट

**गिरिडीह।** जिले में कोयला चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है. पहले चोरी की घटनाएं रात के अंधेरे में होती थीं, लेकिन अब चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वे दिनदहाड़े साइडिंग के भीतर घुस कर कोयला लूटने से भी नहीं हिचक रहे. ताजा मामला सीसीएल गिरिडीह एरिया स्थित सीपी साइडिंग का है, जहां रविवार को दिन के उजाले में दर्जनों की संख्या में चोर घुस आए और कोयला चोरी करने लगे. जब सीसीएल कर्मियों ने इसका विरोध किया तो उनके साथ मारपीट की गई. वहीं, महिला होमगार्ड से बदसलूकी की गई.

---

**अच्छी खबर : उपायुक्त की पहल पर जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य, टूटेगा जर्जर भवन**

# धनबाद अंचल कार्यालय का बनेगा नया भवन

**एक्सक्लूसिव**

- कर्मियों को जर्जर भवन से मिलेगी मुक्ति

अमित सिन्हा



**धनबाद ।** धनबाद अंचल कार्यालय का नया भवन बनेगा. इसके लिए प्रयास शुरू कर दिए गए हैं. शनिवार को उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस पर विचार किया गया. डीसी ने कहा कि वर्तमान स्थान पर ही अंचल कार्यालय का नया भवन बनाया जाएगा. बैठक में अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर ने उपायुक्त से अंचल कार्यालय के लिए नए स्थान पर नया भवन बनाने का प्रस्ताव रखा, जिसे उपायुक्त ने यह कहते हुए खारिज कर दिया कि जब शहर के बीचों बीच जगह उपलब्ध है तो अन्य स्थान पर कार्यालय बनाने की क्या जरूरत है. वर्तमान स्थान पर ही नया भवन बनाया जाएगा. डीसी ने कहा कि विभाग के सचिव से वह बात कर स्वीकृति ले लेंगे और जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा.

### पॉलीटेक्निक कॉलेज की आठ एकड़ जमीन होगी अतिक्रमण मुक्त

धनबाद के पॉलीटेक्निक कॉलेज की 8 एकड़ जमीन पर अवैध अतिक्रमण की समस्या को लेकर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है. उपायुक्त आदित्य रंजन ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं. उन्होंने धनबाद अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर को जमीन को जल्द से जल्द अतिक्रमण मुक्त कराने का आदेश दिया है. जानकारी के अनुसार, पॉलीटेक्निक कॉलेज की कुल जमीन में से 8 एकड़ पर अवैध कब्जा किया गया है. इस जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए प्रशासन ने ठोस कदम उठाने की योजना बनाई है. उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि कॉलेज की जमीन को किसी भी तरह के अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाएगा ताकि इसका उपयोग शैक्षणिक कार्यों के लिए किया जा सके.

### 3 महीने के लिए पुराने समाहरणालय में शिफ्ट होगा अंचल कार्यालय

अंचल कार्यालय के जर्जर भवन को तोड़ कर उसी स्थान पर नया भवन बनाया जाएगा. नए भवन को तीन महीने में पूरा कर लेने का निर्देश दिया गया है. इन तीन महीने के लिए अंचल कार्यालय को पुराने समाहरणालय में शिफ्ट कर दिया जाएगा. अंचल के सारे कार्य पुराने समाहरणालय में ही होंगे. बता दें कि धनबाद अनुमंडल पदाधिकारी का कार्यालय भी जल्द ही नए समाहरणालय में शिफ्ट होगा.

### जर्जर भवन से कर्मी परेशान

धनबाद अंचल कार्यालय का भवन पूरी तरह जर्जर हो गया है. बारिश के दिनों में कार्यालय के छत से पानी टिप टिप गिरता रहता है. जिससे कर्मियों को काफी परेशानी होती है. जिससे बचने के लिए छत के नीचे प्लास्टिक लगा कर कार्य किया जा रहा है.

---

### धनबाद से चाईबासा ले जा रहे अवैध लॉटरी टिकट के साथ दो गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सीतारामडेरा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. सीतारामडेरा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर करीब एक लाख अवैध लॉटरी टिकट को जब्त किया है. साथ ही इस मामले में दो लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है. बताया जा रहा है कि इन अवैध लॉटरी टिकट को धनबाद से दो बड़े कार्टून में बंगाल के रास्ते जमशेदपुर लाया गया था. यहां से इसे चाईबासा भेजने की तैयार थी. जिससे करीब पांच करोड़ की अवैध लॉटरी का कारोबार संचालित किया जाना था. दरअसल, सीतारामडेरा थाना प्रभाती निरंजन कुमार को गुप्त सूचना मिली कि धनबाद से करीब एक लाख अवैध लॉटरी टिकट को दो बड़े कार्टून में जमशेदपुर बस स्टैंड लाया जा है. यहां से अवैध लॉटरी टिकट को एक व्यक्ति के हाथों चाईबासा भेजा जाएगा.

---

**गिरिडीह : तिसरी प्रखंड के चंदौरी में मुहर्रम जुलूस और अखाड़ा का आयोजन**

# फिलिस्तीन का झंडा दिखने पर पुलिस सक्रिय, एक हिरासत में

शुभम संदेश। तिसरी (गिरिडीह)

मुहर्रम पर्व के अवसर पर रविवार को तिसरी प्रखंड के विभिन्न गांवों में जुलूस और अखाड़े का आयोजन किया गया. इस दौरान चंदौरी में जुलूस के दौरान फिलिस्तीन का झंडा दिखने पर स्थानीय पुलिस हरकत में आ गई. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी युवक को हिरासत में लेकर मामले की जांच पड़ताल कर रही है. हालांकि थाना प्रभारी इस मामले में कुछ भी कहने से परहेज कर रहे हैं, लेकिन मामले को लेकर इलाके में खूब चर्चा हो रही है. इधर प्रखंड के तिसरी, चंदौरी, बेलवाना, पलमरुआ, अडसार, भुरंगोडीह, सिंघो, घाघरा, गड़कुरा, भंडारी, खरखरी, पपीलो आदि गांवों के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुलूस निकाले और भव्य अखाड़ों का आयोजन किया. इन अखाड़ों में युवाओं ने हैरतअंगेज और खतरनाक करतब दिखाए और इस दौरान या अली, या हुसैन के नारे भी लगाए गए. कार्यक्रम में तिसरी बीडीओ मनीष कुमार, सीओ अखिलेश्वर प्रसाद, इंस्पेक्टर पास्कल टोप्पो, थाना प्रभारी रंजय कुमार, एसआई लव कुमार, नंद राय, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष मुनीबुद्दीन अंसारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बरनवाल और राजू कुमार आदि मौजूद थे.



### भाजपाइयों ने जताई आपत्ति



भाजपा के जिला मंत्री मनोज यादव, भाजपा चंदौरी मंडल अध्यक्ष सुनील साव और पुरुषोत्तम सिंह ने इस कृत्य पर आपत्ति जताई है. उन्होंने प्रशासन से ऐसे कार्य करने वालों को चिह्नित कर उन पर कार्रवाई करने की मांग की है.

### 11 हजार वोल्ट की चपेट में आया ताजिया, एक की मौत

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के घोड़थंभा ओपी क्षेत्र के चांगोसिंघा गांव में मुहर्रम जुलूस के दौरान 11 हजार वोल्ट के तार के संपर्क में आने से एक युवक की मौत हो गई. मालूम हो कि चांगोसिंघा गांव में मुहर्रम के दौरान ताजिया जुलूस निकाला गया था, जिसमें स्टील का ताजिया भी शामिल था. ताजिया के साथ लोग गांव से गुजर रहे थे तभी अचानक तजिया 11 हजार वोल्ट तार के संपर्क में आ गया. ताजिया में करंट प्रवाहित होने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन लोग झुलस कर घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर है. इधर, घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया. घटना के बाद घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

---

### डीजे की तेज आवाज से वृद्ध महिला की मौत

शुभम संदेश। डुमरी (गिरिडीह)



जिला परिषद सदस्य सुनीता कुमारी ने रविवार को एक प्रेस बयान जारी कर बताया कि इसरी बाजार चौक के पास अमरा पंचायत के पडरियाटांड निवासी एक वृद्ध महिला की दुखद मृत्यु हो गई. इस घटना को लेकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में यह दावा किया जा रहा है कि मुहर्रम के जुलूस के दौरान डीजे की तेज आवाज के कारण वृद्ध महिला की मृत्यु हुई है.

#### प्रशासन पर उठे सवाल और कार्रवाई की मांग

जिप सदस्य सुनीता कुमारी ने सवाल उठाया है कि यदि स्थानीय पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में इस तरह की घटना होती है, तो प्रशासन पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है. उन्होंने गिरिडीह डीसी और एसपी से इस गंभीर मामले को संज्ञान में लेकर तत्काल कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है. यह भी बता दें कि जिप सदस्य ने मुहर्रम से दो दिन पहले लक्ष्मणटुंडा से निकले जुलूस में एक विशेष समुदाय के युवाओं द्वारा तिरंगे का अपमान कर फिलिस्तीन का झंडा लहराने और रोड शो करने का मुद्दा भी पूरी मुखरता से उठाया था.

### सारंडा जंगल में आईईडी ब्लास्ट, हाथी के बच्चे की मौत

**चाईबासा।** जिले के सारंडा जंगल में दस दिन पूर्व हुए कथित आईईडी ब्लास्ट में घायल हाथी के बच्चे की शनिवार की देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई. घायल हाथी बच्चे का इलाज करने के लिए वन विभाग और वनतारा की मेडिकल टीम कल देर शाम दीघा पहुंची थी. टीम ने हाथी को ट्रेंकुलाइज कर उसका उपचार शुरू किया, लेकिन उसकी हालत पहले से ही काफी गंभीर थी. वन विभाग के अनुसार हाथी के शरीर से हो रहे अत्यधिक रक्तस्राव के चलते उसे बचाया नहीं जा सका.

---

## 54 छात्र बने चार्टर्ड अकाउंटेंट

**कौशिक मित्तल बने जिला टॉपर**

शुभम संदेश। धनबाद

भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान द्वारा सीए फाउंडेशन, इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए. धनबाद शाखा के छात्रों ने इन परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. धनबाद शाखा से कुल 153 छात्रों ने फाइनल परीक्षा दी, जिनमें से 54 ने सफलता हासिल की. कौशिक मित्तल जिला टॉपर बने, जबकि सलोनी प्रिया दूसरे, आकाश दीप कुमार तीसरे, ऋषभ गोयल चौथे और सलोनी केशरी पांचवें स्थान पर रहे.

इंटरमीडिएट परीक्षा में धनबाद से 245 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से 45 सफल हुए. हर्षित कुमार अग्रवाल जिला टॉपर रहे, राहुल गोयल दूसरे और अदिति बर्णवाल तीसरे स्थान पर रहीं. सीए फाउंडेशन परीक्षा में धनबाद शाखा से 194 छात्र शामिल हुए, जिनमें से 94 ने परीक्षा उत्तीर्ण की. अभिषेक कुमार झा जिला टॉपर रहे, आरव अग्रवाल दूसरे और श्रुति राज लक्ष्मी तीसरे स्थान पर रहीं. धनबाद शाखा समिति के अध्यक्ष सीए शशांक शेखर जयसवाल, सचिव सीए मुकेश कुमार अग्रवाल और अन्य कार्यकारिणी सदस्यों ने सभी सफल छात्रों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. उन्होंने कहा कि यह परिणाम अन्य छात्रों को प्रेरित करेगा और क्षेत्र में अकाउंटेंसी के क्षेत्र में प्रगति को बढ़ावा देगा.

### पुराना बाजार के अखाड़े में भारी भीड़



**धनबाद ।** पुराना बाज़ार में मुहर्रम के अवसर पर बारिश के बावजूद अखाड़ा दलों ने लाठी और तलवार के शानदार प्रदर्शन से लोगों का मन मोह लिया. चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार ने भव्य मंच, अतिथियों के लिए हरे साफे, पेयजल, शर्बत, और पाटलिपुत्र सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के सहयोग से प्राथमिक उपचार व एम्बुलेंस की व्यवस्था की, जो सराहनीय थी. चैंबर ने पुलिस प्रशासन का भी सहयोग किया. मंच पर कांग्रेस नेता रविंद्र वर्मा, राजेश्वर सिंह यादव, वंशराज सिंह कुशवाहा, अधिवक्ता संतोष कुमार सिंह, समाजसेवी दिलीप सिंह, मुनेश्वर सिंह, संतोष यादव, विजय शर्मा, प्रदीप नारनौली, राज कुमार गुप्ता, श्यामा कांत गुप्ता, बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रवीण कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे.

## हथियार के साथ एक गिरफ्तार

**रंगदारी के लिए जा रहा था लोहारबरवा बाजार**

शुभम संदेश। धनबाद



वरीय पुलिस अधीक्षक, धनबाद को शनिवार को गुप्त सूचना मिली कि एक अपराधी किस्म का व्यक्ति अवैध हथियार लेकर लोहारबरवा बाजार की ओर जा रहा है.

सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए तत्काल एक छापामारी दल का गठन किया गया. छापामारी दल ने खुदिया नदी पुल के पास एन्टी क्राइम चेकिंग पॉइंट लगाया और मोटरसाइकिल सवार संदिग्ध को खदेड़कर पकड़ लिया. पकड़े गए व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम शाहिल शर्मा (उम्र 30 वर्ष), पिता शिव प्रसाद शर्मा, निवासी प्रोफेसर कॉलोनी, चीरागोड़ा, हीरापुर, थाना-धनबाद, जिला-धनबाद बताया. तलाशी के दौरान उसके पास से एक पिस्तौल, सात जिंदा कारतूस, एक रेडमी कंपनी का मोबाइल फोन और एक बजाज पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गई. बरामद सामान को जब्त कर लिया गया और शाहिल शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया.

---

**यह आयोजन हमारे समाज की एकता और समर्पण का प्रतीक : नंदलाल अग्रवाल**

# प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का नवम प्रांतीय अधिवेशन संपन्न

शुभम संदेश। धनबाद



झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का नवम प्रांतीय अधिवेशन 6 जुलाई 2025 को धनबाद जिला इकाई के सौजन्य से राजविलास रिसॉर्ट, गोविंदपुर में सम्पन्न हुआ. इस आयोजन में झारखंड के विभिन्न जिलों से 550 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया. कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार केडिया ने दीप प्रज्वलन के साथ किया. मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन गाड़ोदिया, राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोड़ी, और प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बनाया. स्वागताध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल ने कहा कि धनबाद को यह अवसर मिलना गौरव की बात है. राजविलास रिसॉर्ट को समाज हित में निःशुल्क उपलब्ध कराना मेरा कर्तव्य है. यह आयोजन हमारे समाज की एकता और समर्पण का प्रतीक है. प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि मारवाड़ी सम्मेलन केवल सामाजिक संगठन नहीं, बल्कि एक वैचारिक आंदोलन है. हमें परंपराओं को संजोते हुए आधुनिक चुनौतियों का सामना संगठित रूप से करना होगा. युवा और मातृशक्ति हमारे दो मजबूत स्तंभ हैं, जिनकी भागीदारी बढ़ानी होगी. उन्होंने धनबाद इकाई की कार्यशैली और अनुशासन की प्रशंसा की.

धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल ने सभी प्रतिनिधियों और समाजबंधुओं का आभार जताया. आयोजन में बसंत मित्तल, रवि शंकर शर्मा, विनोद जैन, पवन शर्मा, विशाल पाड़िया, मंजू बगड़िया, गोविंद डालमिया, तारा चंद जैन, संजीव विजयवर्गीय, चंद्र शेखर अग्रवाल, राजेश रिटोलिया, चेतन गोयनका आदि उपस्थित थे.

### मारवाड़ी सम्मेलन में सांसद ढुलू हुए शामिल

आयोजन में सांसद ढुलू महतो शामिल हुए. मारवाड़ी मंच के पदाधिकारियों ने सांसद महोदय का पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और माला पहनाकर भव्य स्वागत किया. अपने संबोधन में सांसद ढुलू महतो ने कहा कि मारवाड़ी समाज ने देश की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है. उन्होंने समाज की व्यापारिक कुशलता, सेवा भावना और एकजुटता की सराहना की. उन्होंने आगे कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति व परंपराओं से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं. सांसद ने आयोजकों को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई दी और विश्वास जताया कि मारवाड़ी मंच भविष्य में भी सामाजिक विकास में योगदान देता रहेगा. उन्होंने कहा कि समाज की जरूरतों के लिए मैं हमेशा उपलब्ध रहूंगा.

## विनोद बने चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष

शुभम संदेश। तेतुलमारी



अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा का चुनाव रविवार को तेतुलमारी के बड़की बौआ उत्क्रमित मध्य विद्यालय में संपन्न हुआ। इस चुनाव में जिला अध्यक्ष और महामंत्री पद के लिए मतदान हुआ।जिला अध्यक्ष पद के लिए विनोद रवानी ने 767 मत प्राप्त कर अशोक कुमार को हराया, जिन्हें 531 मत मिले। वहीं, महामंत्री पद पर संतोष रवानी ने 755 मत हासिल कर जीत दर्ज की, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी पुरुषोत्तम कुमार रंजन को 648 मत प्राप्त हुए।जीत के बाद विनोद रवानी और संतोष रवानी ने मतदाताओं को बधाई दी और उनका आभार व्यक्त किया। विनोद रवानी ने कहा, "समाज ने मुझे बड़ा दायित्व सौंपा है। मैं समाज के उत्थान के लिए कार्य करूंगा । संतोष रवानी ने कहा कि महासभा के विचारों के साथ मैं समाज कल्याण के लिए कार्य करूंगा और जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया, उस भरोसे को कायम रखने का प्रयास करूंगा। विनोद रवानी और संतोष रवानी की जीत पर समाज के लोगों ने फूलमाला पहनाकर और पगड़ी बांधकर उनका स्वागत किया और बधाई दी।

▼ ब्रीफ खबरें

## गोविंदपुर की प्रियंका सीए फाइनल में उत्तीर्ण



**गोविंदपुर।** गोविंदपुर की छात्रा प्रियंका अग्रवाल ने सीए फाइनल परीक्षा में सफलता हासिल की है. वह श्याम वाटिका कॉलोनी गोविंदपुर निवासी मारवाड़ी सम्मेलन के जिला उपाध्यक्ष समाजसेवी कृष्ण कुमार गुप्ता उर्फ किशन अग्रवाल तथा सीमा अग्रवाल की पुत्री है. प्रियंका ने धनबाद पब्लिक स्कूल से 10वीं और 12वीं की परीक्षा पास की है. शिक्षायतन कॉलेज कोलकाता से ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की है. उसकी सफलता पर धनबाद पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष कैलाश प्रसाद अग्रवाला, प्राचार्य शारदा महाजन, मारवाड़ी सम्मेलन के जिलाध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल, नागरिक समिति अध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल आदि ने प्रसन्नता जताई है.

## हाथूडीह राजपूत समाज की कमेटी गठित

**महुदा।** हाथुडीह पंचायत सचिवालय में धनबाद बोकारो क्षेत्रीय राजपूत समाज जॉन तीन के हाथूडीह ग्राम में ग्रामीण कमिटी का चुनाव प्रवेक्षक जॉन अध्यक्ष सुचीन सिंह व केन्द्रीय सह संगठन मंत्री दुनिया लाल सिंह के निगरानी में व देवनारायण सिंह के अध्यक्षता में बैठक की गयी. संचालन पूर्व जॉन अध्यक्ष प्रमेन्द्र सिंह ने किया. बैठक में सर्वसम्मति से ग्रामीण कमेटी का गठन किया गया जिसमे अध्यक्ष- दुर्गा प्रसाद सिंह , उपाध्यक्ष -बच्चु प्रसाद सिंह सचिव - विनोद सिंह कोषाध्यक्ष-ध्रुवेश्वर सिंह, संगठन मंत्री -दीपक सिंह, सदस्य संजीत सिंह,भागीरथ सिंह, माथुर सिंह,सलाहकार सदस्य सत्यनारायण सिंह, नन्दलाल सिंह, उपेन्द्र नारायण सिंह,कुन्दन सिंह, का चयन किया गया.

## दो युवतियों की चक्कर में युवक गया जेल

**महुदा/दुगदा।** दुगदा थाना अंतर्गत चन्दुवाडीह निवासी रामेश्वर महतो के पुत्र अमन कुमार महतो ने दो अलग-अलग युवती को साथ प्रेम प्रसंग विगत चार-पांच वर्षों से चल रहा था. इसका खुलासा पांच जुलाई को तब हुआ जब वे पांच जुलाई विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र गांव के एक युवती के साथ शादी होनी थी. इसकी भनक दुगदा थाना क्षेत्र के दुग्दा परसाटांड के युवती को लगते ही चार जुलाई को लड़का के घर चन्दुवाडीह पहुंच गयी. शादी का विरोध करने लगी और अपनी शादी करने के लिए हो हल्ला करने लगी तब लड़के के घरवालों ने उसे डांट डपट कर भगा दिया. इसके बाद उक्त युवती ने अपनी प्रेमी अमन कुमार महतो के खिलाफ धोखाधड़ी करने और शादी का झांसा देकर आर्थिक दोहन करने की लिखित आवेदन दुग्दा थाना में दिया. आवेदन के आधार पर दुगदा थाना पुलिस ने अमन कुमार महतो को गिरफ्तार कर तेनुघाट जेल भेज दिया है. उधर उक्त घटना पर विष्णुगढ़ के युवती अपने स्वजन के साथ दुगदा थाना पहुँचकर 10 मार्च 2024 को कोर्ट मैरेज करने का दावा की. कुर्मी के समाज के लोगों ने मामले को सलटाने का प्रयास किया मगर परसाटाँड गांव की युवती के ज़िद के आगे मामला का निपटारा नहीं हो सका. अंततः पुलिस ने प्रेमी अमन कुमार महतो को गिरफ्तार कर तेनुघाट जेल भेज दिया.

# दो दोस्त एक साथ पंचतत्व में विलीन

## साहिल कृष्णानी और अनमोल रतन का गौशाला में हुआ अंतिम संस्कार

**शुभम संदेश। धनबाद**



धनबाद जिले के राजगंज थाना क्षेत्र के डोमनपुर के पास शुक्रवार देर रात एक भीषण सड़क दुर्घटना में दो युवकों, साहिल कृष्णानी और अनमोल रतन की दर्दनाक मौत हो गई. दोनों युवक शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायियों के पुत्र थे. इस हादसे ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया है. रविवार को साहिल और अनमोल का अंतिम संस्कार गौशाला में किया गया, जहां शोकाकुल परिवार और स्थानीय लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी. रविवार को साहिल का अंतिम संस्कार हिन्दू रीति रिवाज के साथ धनबाद के गौशाला में किया गया. इस दौरान परिवार और रिश्तेदारों का रो-रोकर बुरा हाल था. अनमोल रतन का अंतिम संस्कार भी उनके परिवार की परंपराओं के अनुसार किया गया. पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और अनियंत्रित ड्राइविंग को हादसे का कारण माना जा रहा है. पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है. साहिल और अनमोल के परिवार इस अपूरणीय क्षति से गहरे सदमे में हैं. विशाल कृष्णानी और हरदयाल सिंह, दोनों ही धनबाद के सम्मानित व्यवसायी हैं, और उनके परिवारों के प्रति पूरे शहर की सहानुभूति है.

# संसद में उठायेंगे ऑनलाइन गेमिंग का मामला : ढुल्लू महतो


**शुभम संदेश। झरिया**



ऑनलाइन गेम के चंगुल मे फंसने के कारण एक सप्ताह के अंतराल में दो नौजवान विकास साव और विकास रवानी की आत्महत्या के मामले को पूर्व पार्षद अनूप कुमार साव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने सांसद ढुल्लू महतो के आवासीय कार्यालय में मुलाकात किया. सांसद को इस गंभीर विषय से अवगत कराते हुए कहां कि ऑनलाइन गेम समाज में दीमक की तरह फैलता जा रहा है. इसके अवैध धंधे बाज मालामाल हो रहे हैं. भोली भाली जनता कंगाल हो रही है. छात्र नौजवान एवं व्यापारी वर्ग लालच में ऑनलाइन गेम के चक्कर में फंसते जा रहे हैं. जल्द इसका समाधान नहीं किया गया अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाएगा कि कतने मां की गोद सुनी होगी और कितनी बहनों का मांग उजड़ जाएगा. दुर्भाग्य है कि ऐसे गेम का प्रचार हमारे देश के सेलिब्रिटी लोग करते हैं. सभी बातों को गंभीरता से समझते हुए सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि ऐसे गंभीर विषय को आगामी लोकसभा मानसून सत्र मजबूती से रखी जाएगी. प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से अमित साव, छोटू गुप्ता, प्रमोद साव, पप्पू शर्मा, पिंटू बर्मन, संजय साव, बिहार बर्मन, बजरंग साव थे.

# आसमानी कहर से 12 वर्षीय बच्ची की मौत, दो महिलाएं घायल

**शुभम संदेश। पुटकी**



रविवार की दोपहर पुटकी के भागाबांध बस्ती में दर्दनाक हादसा हुआ, जब खेत में बकरी चरा रही 12 वर्षीय दिव्या कुमारी की वज्रपात की चपेट में आकर मौके पर ही मौत हो गई. इस घटना में दो महिलाएं—गुलशन बीबी (50) और रूपा देवी (35)—भी घायल हो गईं. गंभीर रूप से जख्मी गुलशन बीबी को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब साढ़े बारह बजे दिव्या अपनी सहेलियों के साथ खेत में बकरी चरा रही थी. इसी दौरान मौसम ने करवट ली और हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई. सभी लोग बकरियों को हांकने लगे. इसी बीच दिव्या कीचड़ लगे अपने पैरों को धोने पास के नाले में गई थी कि तभी आसमान से कहर बरपा—तेज गरज के साथ वज्रपात हुआ और वह उसकी चपेट में आ गई. प्रत्यक्षदर्शी शोभा कुमारी ने घटना के तुरंत बाद दिव्या की बड़ी बहन को दौड़ कर इसकी सूचना दी. दिव्या की मौत से गांव में मातम पसर गया है. मृतका का परिवार बेहद गरीब है. पिता का पहले ही निधन हो चुका है और मां दूसरों के घरों में काम कर किसी तरह गुजर-बसर करती है. इस दर्दनाक घटना में मोहम्मद रमजान की पत्नी गुलशन बीबी और मुनका ठाकुर की पत्नी रूपा देवी भी आंशिक रूप से झुलस गईं. रूपा को सिर और पैरों में चोटें आई हैं. स्थानीय लोग प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल मुआवजा और घायल महिलाओं को समुचित इलाज की मांग कर रहे हैं.

### करंट से मवेशी की मौत, थाना में शिकायत



**महुदा।** बिजली विभाग के लापरवाही के कारण लालबंगला न्यु कॉलौनी के समीप खेत में रविवार सुबह लोहे के खम्भे में सटने से मवेशी की मौत हो गयी. लोगों ने बिजली विभाग को सूचना देकर बिजली कटवाई और मवेशी को हटाया गया. इस संबंध में मवेशी मालिक दिनेश चंद्रवंशी ने बताया कि बिजली विभाग के अधिकारीयों को कई बार इस लोहे के खम्भे को हटाने का आग्रह किया था, परंतु बातों पर ध्यान नहीं दिया गया. इसी तरह के लोहे के खम्भे के सहारे 440 वोल्ट का तार कॉलोनियों में भी बिछाया गया है. कभी भी घटना घट सकती है. इस संबंध में पीड़ित दिनेश ने महुदा थाना में लिखित शिकायत देकर बिजली विभाग गणेशपुर के दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है. इस संबंध में थाना प्रभारी देवानंद प्रसाद ने बताया कि अभी तक शिकायत नहीं मिला है. अगर आवेदन मिलता है तो उचित कारवाई किया जायेगा. वहीं बिजली विभाग के कनीय अभियंता सोनु सांमड़ ने बताया कि जांच पड़ताल किया जा रहा है, अगर करंट लगने से मवेशी की मौत हुई है तो जो भी उचित मुवाअजा है, वह विभाग से दिलाने का प्रयास करेंगे.

## गोमो और तोपचांची में मोहर्रम पर्व उल्लास के साथ संपन्न

**गोमो।** हरिहरपुर और तोपचांची थाना क्षेत्र में मोहर्रम का त्योहार उल्लास और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ. मोहर्रम का ताजिया के साथ अखाड़ा जुलूस निकाला गया, जिसने क्षेत्र का भ्रमण कर अखाड़ा स्थल पर मिलन किया और एक-दूसरे को पर्व की बधाई दी. गोमो के लोको बाजार, पुरानी बाजार, लालूडीह, टेहरा टांड़, हरिहरपुर आदि इलाकों में जुलूस भ्रमण किया. इस दौरान अखाड़े के खिलाड़ियों ने एक से बढ़कर एक लाठी खेल का प्रदर्शन किया. मिल्लत कमेटी लालूडीह गांव की ओर से गोमो के आजाद हिन्द हाई स्कूल मैदान में अखाड़ा खेल का आयोजन किया गया, जिसमें कई इलाकों की अखाड़ा टीमों ने भाग लिया और अपने हैरतअंगेज करतब दिखाकर उपस्थित लोगों का दिल जीता. उस्तादों ने भी एक से बढ़कर एक लाठी खेल का शानदार प्रदर्शन किया. इस मौके पर कार्यक्रम के अतिथि टुंडी विधायक मथुरा महतो, सीओ संजय कुमार सिंह, तोपचांची सर्किल इंस्पेक्टर असीम कमल टोपनो, थाना प्रभारी राहुल कुमार झा, भाजपा नेता दिलीप गोस्वामी, और सुनील मंडल का आयोजन समिति के सदस्यों ने पगड़ी बांधकर जोरदार स्वागत किया.

न्यूज अपडेट

## धकोकसं दामोदा कोलियरी शाखा का पुनर्गठन

**महुदा/दामोदा।** धकोकसं दामोदा कोलियरी शाखा का बैठक कर पुनर्गठन किया गया. बैठक की अध्यक्षता संघ के बरोरा एरिया अध्यक्ष देवनाथ चौहान और संचालन बरोरा एरिया सचिव नंदू राम दुसाध ने किया. बैठक में मुख्यरूप से धकोकसं केंद्रीय उपाध्यक्ष मोहन लाल महतो, एमपी कोलियरी के अध्यक्ष अनूप चौहान मुख्य रूप से उपस्थित थे. सर्वसम्मति से अध्यक्ष भोला बाउरी, कार्यकारी अध्यक्ष दौलत महतो उपाध्यक्ष कालीचरण कर्मकार, बलवंत कुमार चौहान, नरेश कुमार भुईया, सचिव कार्तिक महतो, संगठन सचिव प्रमोद कुमार सिंह, सह सचिव प्रशांत कुमार सिंह, दिलीप कुमार चौहान, गोविंदा चौहान ,सत्यवान कोषाध्यक्ष कैलाश प्रसाद स्वर्णकार समेत 21 सदस्यीय कार्यकारणी समिति का गठन किया गया. दामोदा कोलियरी के धकोकसं के शाखा के पुनर्गठन में संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह बरोरा प्रक्षेत्र प्रभारी मोहनलाल महतो ने कहा कि धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ भारतीय मज़दूर संघ की एक इकाई है. इस संगठन में देश हित, उद्योग हित तब मज़दूर हित की बात करता है. भारतीय मज़दूर संघ देश का ही नही पूरे विश्व का सबसे बड़ा मज़दूर संगठन है. बैठक में संघ के कार्तिक महतो , प्रमोद सिंह, राजेन्द्र कुमार महतो, रामचन्द्र तांती,दीपक कुमार रवानी, सुरेश दास, खेमलाल महतो,कैलाश स्वर्णकार, भगत चमार, नरेश कुमार महतो, संदीप मुर्मू, संजय कुमार, संजय भुईया, प्रशांत कुमार सिंह, भोला बाउरी, कार्तिक महतो, दौलत महतो,अनूप चौहान, सुभम कुमार समेत कई अन्य मज़दूर उपस्थित थे.

## प्रखंड भाजपा ने मनायी डॉ मुखर्जी की जयंती

**महुदा/दामोदा।** भारतीय जनता पार्टी चंद्रपुरा प्रखंड कमेटी द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनायी गई. जयंती समारोह की अध्यक्षता चंद्रपुरा प्रखंड भाजपा महामंत्री कमलेश यादव ने की. जयंती समारोह में मुख्य रूप से भाजपा किसान मोर्चा के बोकारो जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर महथा, जिला कार्य समिति सदस्य अरुण सिंह मुख्यरूप से उपस्थित थे. चंद्रशेखर ने कहा कि जनसंघ की स्थापना डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने किया जो कालांतर में भाजपा के रूप में पिछले 11बर्षो से देश में शासन व्यवस्था चला रही है. डॉ मुखर्जी ने जो सपना देखा था, वर्तमान भाजपा के नेतृत्व पूरा कर रही है. डॉ मुखर्जी के सपनों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरा करने में लगे हुए हैं. जयंती समारोह में डॉ सुमन सिंह, लाल बाबू चौहान, युवा मोर्चा के अध्यक्ष कृष्णा पांडे, महामंत्री जितेंद्र यादव, प्रखंड महामंत्री भारत झा, संजय सेन, श्याम सुंदर मोदी, पवन कुमार, आदित्य प्रसाद, मनोज गुप्ता, पप्पू मंडल कमांडो केवट समेत कई अन्य पदाधिकार उपस्थित हुए.

## टुंडी में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई

**टुंडी।** डायमंड ऑफ टुंडी संघ और मेरा युवा भारत धनबाद के संयुक्त तत्वावधान में टुंडी प्रखंड में अखंड भारत के प्रणेता और भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई. कार्यक्रम में स्थानीय प्रधान रेखा देवी, उपमुखिया संतुलाल किस्कू, वकील सह राष्ट्रीय स्वयंसेवक गोपाल पांडे, शिक्षक सह समाजसेवी नवीन चंद्र सिंह, सोनू जायसवाल, विकास मरांडी, प्रताप भगत, विक्की, गणेश, रवि समेत सैकड़ों ग्रामीण युवाओं ने भाग लिया. माल्यार्पण के बाद 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया गया. साथ ही, एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ. समाजसेवी गौतम झा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रेरणादायी कथनों पर युवाओं के साथ संगोष्ठी कर उन्हें अवगत कराया. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे जननायकों के आदर्शों से परिचित कराना था. स्थानीय मुखिया ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से ऐसे जननायकों के बारे में जानने का अवसर मिलता है. डॉट संघ युवा मंडल टुंडी के अध्यक्ष नव कुमार श्रीजेश और मुख्य अतिथि द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत कर कार्यक्रम का समापन किया गया.

## संकल्प सुपर 30 चयन परीक्षा का आयोजन

**कतरास।** रविवार को संकल्प एजुकेशन अंगार पथरा में संकल्प सुपर 30 चयन परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें प्राथमिक विद्यालय आकाश कनारी, प्राथमिक विद्यालय सेंट्रल कोयरीडीह, प्राथमिक विद्यालय कोल मुरना एवं प्राथमिक विद्यालय खास गोविंदपुर के 19 छात्र छात्राओं ने भाग लिया. ज्ञात हो सरकारी विद्यालयों के बच्चों को नवोदय तक भेजने का संकल्प एजुकेशन का यह एक विशिष्ट पहल है. इससे 30 छात्र छात्राओं को चुनकर निशुल्क नवोदय की तैयारी कराने का संकल्प संकल्प एजुकेशन ने लिया है .

# जर्जर होने लगी रेलवे कॉलोनी की पीसीसी सड़क, गुणवत्ता पर सवाल

**शुभम संदेश। गोमो**



रेलवे कॉलोनी और कार्यालय परिसर में चल रही विकास योजनाओं में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है. योजनाओं में अनियमितता बरती जा रही है और विभागीय अभियंता इस पर संज्ञान नहीं ले रहे हैं. अनियमितताओं पर आंख मूंदे रहने से रेलवे राजस्व की भारी हानि हो रही है. बीते माह गोमो रेलवे परिसर में करोड़ों रुपये की लागत से कई स्थानों पर पीसीसी सड़क निर्माण कराया गया था. इसमें सिक लाइन यार्ड से चोरा पट्टी पंप हाउस तक लगभग एक किलोमीटर और गोमो स्टेशन के उत्तर दिशा में स्थित चौक से एईएन कार्यालय तक लगभग डेढ़ किलोमीटर की दूरी में पीसीसी सड़क का निर्माण कार्य संवेदक द्वारा आईओडब्ल्यू की निगरानी में किया गया. हालांकि, चंद महीनों में ही इन सड़कों की स्थिति जर्जर हो गई है. सड़क की गिट्टियां जगह-जगह से बाहर निकल आई हैं और कई स्थानों पर गड्ढे बन गए हैं, जो निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं. जानकारों का कहना है कि रेलवे में विकास के नाम पर लूट मची हुई है. रेलवे क्षेत्र में होने के कारण आम ग्रामीण भी इस पर खुलकर सवाल नहीं उठाते. बताया जा रहा है कि कार्य पूरा होने के बाद मनमाने तरीके से बिल बनाकर रेलवे को चूना लगाया जा रहा है. आरोप है कि संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत है. संवेदक भी कोई ठोस जवाब नहीं देता. भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री हिरामन नायक ने इस मामले में वरीय अधिकारियों से हस्तक्षेप करते हुए पीसीसी सड़कों की जांच कराने की मांग की है

# 48 घंटे पहले दामोदर नदी में कूदे युवक का शव बरामद

**शुभम संदेश। चासनाला**

सुदामडीह थाना क्षेत्र के अंतर्गत दामोदर नदी के मोहलबनी बिरसा पुल से शुक्रवार शाम को नदी में कूदे मोहाल बस्ती अमलाबाद निवासी विशाल बनर्जी (35) का शव रविवार को, घटना के तीसरे दिन लगभग 48 घंटे बाद बरामद कर लिया गया है. उसका शव घटना स्थल से 15 किलोमीटर दूर दामोदर नदी के संथालडीह और रघुनाथपुर थाना (पश्चिम बंगाल सीमा क्षेत्र) के करगली घाट से स्थानीय मछुआरों और गोताखोरों ने बरामद किया. शव मिलने की खबर सुनते ही पिता नेबो बनर्जी, माँ कैम्पा बनर्जी, पत्नी चम्पा बनर्जी, बहन मीना कुमारी और पुत्र सार्थक कुमार का धैर्य टूट गया और सभी दहाड़ मारकर रोने लगे. घटना के संबंध में बताया जाता है कि मोहाल बस्ती अमलाबाद ओपी निवासी नेबो बनर्जी के इकलौते पुत्र



युवक का फाईल फोटो

विशाल बनर्जी (35) शुक्रवार शाम को अपनी पत्नी के साथ झगड़ा कर घर से निकला था. उसने बिरसा पुल पर अपनी बाइक खड़ी की, किसी से बातचीत की और बाइक की डिक्की में अपना मोबाइल रखने के बाद पुल से नदी में छलांग लगा दी थी. विशाल ओडिशा की किसी निजी कंपनी में कार्यरत था और एक सप्ताह पहले बिपोतरणी पूजा में अपने घर आया था. पिता नेबो बनर्जी का कहना है कि शुक्रवार को वे गांव के मंदिर में एक शादी में शामिल होने गए हुए थे. जिसके बाद उन्हें विशाल का अपनी पत्नी चम्पा के साथ झगड़ा होने की खबर मिली थी. हालांकि, उनके आने से पहले ही विशाल बाइक लेकर घर से निकल गया था. बाद में उन्हें खबर मिली कि वह दामोदर नदी पुल से कूद गया है.

### प्रशासन पर लापरवाही का आरोप

इधर, मोहाल पूर्वी पंचायत के मुखिया शीतल कुमार सिंह ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि दामोदर नदी में डूबने से मौत की दर्जनों घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन अभी तक सतर्क नहीं हुआ है. उनका कहना है कि जब भी ऐसी घटना घटती है, सिर्फ योजनाएं ही बनाई जाती हैं कि दामोदर घाट पर सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी, लेकिन धरातल पर कुछ नहीं होता.

# योगनिद्रा में श्रीहरि, चातुर्मास प्रारंभ, मांगलिक कार्यों पर विराम

- देवशयनी एकादशी श्रद्धापूर्वक मनाई गई

**शुभम संदेश। धनबाद**

देवशयनी एकादशी रविवार को श्रद्धापूर्वक मनाई गई. इसके साथ ही भगवान श्रीहरि चार माह के लिए योगनिद्रा में चले गए. भगवान विष्णु के योगनिद्रा में जाने के कारण आज से चातुर्मास प्रारंभ हो गया है. मान्यता है कि चातुर्मास में भक्त अपनी प्रिय वस्तुओं का त्याग कर अभीष्ट सिद्धि प्राप्त करते हैं. इसलिए इस दौरान कोई मांगलिक कार्य नहीं किए जाते. इन चार माह में मंदिरों में जप, तप और अनुष्ठान आयोजित होंगे, साथ ही विष्णु मंदिरों में विविध धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे. श्रीराम जानकी मंदिर के पूजारी मुन्ना पांडेय बताते हैं कि भगवान के चार माह के विश्राम के दौरान भक्त यम, नियम और संयम का पालन करते हैं. इस अवधि में लोग अपनी किसी प्रिय वस्तु या बुरी आदत को त्यागने का संकल्प लेते हैं और चार माह तक इसका पालन करते हैं. इस दौरान शादी, गृह प्रवेश, मुंडन जैसे मांगलिक कार्यों पर रोक रहती है. अब मांगलिक कार्य एक नवंबर के बाद ही शुरू होंगे. सत्यनारायण मंदिर झरिया के व्यवस्थापक हरीश जोशी के अनुसार, देवशयनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु क्षीर सागर में योगनिद्रा के लिए चले जाते हैं. चातुर्मास में भगवान विष्णु विश्राम करते हैं और भगवान शिव सृष्टि का संचालन करते हैं. इस दौरान सूर्य संक्रांति नहीं होती, जिसके कारण पूरा महीना मलिन माना जाता है. इसलिए इस अवधि में शुभ कार्य वर्जित होते हैं.

### भौतिक सुख,स्वार्थ त्याग भगवत भक्ति का चातुर्मास



आचार्य बलदेव पांडेय ने बताया कि देवशयनी एकादशी से देवउठनी एकादशी तक के माह को पुरुषोत्तम मास कहा जाता है. इस दौरान भक्तों को भौतिक सुखों और स्वार्थ का त्याग कर भक्ति और भगवान की सेवा में समय बिताना चाहिए. यह माह भागवत कथा श्रवण, मनन, धार्मिक अनुष्ठान और दान के लिए विशेष है, जिससे अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है. चातुर्मास के बाद इस वर्ष देवउठनी एकादशी 12 नवंबर को है. तब श्रीहरि योगनिद्रा से जागेंगे और मांगलिक कार्य की शुरूआत होगी.

## टुंडी में शांतिपूर्ण मुहर्रम संपन्न

**टुंडी।** टुंडी इलाके में मुहर्रम शांति पूर्ण तरीके से संपन्न हुआ. इस मौके पर टुंडी के कमारडीह, सर्रा, कांशीटांड, लछुरायडीह, आदि इलाके में मुहर्रम की तजिया जुलूस निकला. इस दौरान कमारडीह गांव में टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने डीएसपी डी एन बंका के साथ लाठियां भांजी. वहीं कदैया गांव में पहुंचे विधायक ने टुंडी बीडीओ विशाल पाण्डेय के साथ लाठी खेलकर मुहर्रम की शुभकामनाएं लोगों को दी. इस अवसर पर तजिया कमिटी के लोगों ने पगड़ी बांधकर विधायक व बीडीओ को सम्मानित किया. इस दौरान टुंडी थानेदार उमाशंकर,व मनियाडीह थानेदार शिव कुमार काफी सक्रिय दिखें. तजिया जुलूस के कारण टुंडी गिरिडीह मुख्य पथ कमारडीह व महाराजगंज में आंशिक जाम लगा पर बारिश के कारण उत्साह लोगों की जमघट तितर-बितर होने लगा.

# सुसुलिया में रुक-रुक कर बारिश से ढहा गरीब परिवार का मकान

**शुभम संदेश। कालूबाथान**



कलियासोल प्रखंड की सुसुनलिया पंचायत के सुसुनलिया गांव में गणेश मोदक का खपरैल और बांस-मिट्टी से बना मकान शनिवार देर रात लगातार रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण भरभराकर गिर गया. गनीमत रही कि उस समय उस हिस्से में परिवार का कोई सदस्य नहीं था, वरना एक बड़ी दुर्घटना हो सकती थी. सूचना पाकर पूर्व मुखिया सोम मरांडी और समिरण दे मौके पर पहुँचे और गणेश मोदक को आश्वासन दिया. उन्होंने बताया कि कलियासोल के प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी को दूरभाष पर सूचना दे दी गई है और सरकारी दिशा निर्देशों के अनुसार सरकारी लाभ दिलाने का आश्वासन भी दिया. गणेश मोदक ने बताया कि वे दैनिक मजदूरी करके किसी तरह अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं. उनके परिवार में चार सदस्य हैं. जिनमें उनकी पत्नी, एक पुत्री और एक पुत्र हैं. उन्होंने बताया कि बाकी बचे खपरैल के हिस्से पर उन्होंने किसी तरह प्लास्टिक लगाकर रखा है, क्योंकि कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है.

# मुहर्रम को लेकर जिला प्रशासन सतर्क

शुभम संदेश। बोकारो

## डीसी-एसपी ने किया क्षेत्र भ्रमण



मुहर्रम पर्व को देखते हुए बोकारो जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है. जिला कंपोजिट कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से जिले के विभिन्न संवेदनशील स्थलों की लगातार निगरानी की जा रही है. रविवार को उपायुक्त अजय नाथ झा और पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने कंट्रोल रूम में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों से अब तक की विधि-व्यवस्था की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

### डीसी-एसपी ने किया क्षेत्र भ्रमण, शांति की अपील

इस अवसर पर डीसी और एसपी ने क्रमवार चास अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न इलाकों का भ्रमण किया. इस दौरान पदाधिकारियों की टीम ने पुपुनकी, भर्रा, सिवनडीह और रितुडीह समेत कई अन्य क्षेत्रों का जायजा लिया. टीम ने अखाड़ा जुलूस स्थलों पर विधि-व्यवस्था का जायजा लेते हुए वहां तैनात प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया. साथ ही डीसी और एसपी ने समाज के प्रबुद्धजनों और पर्व आयोजकों से संवाद स्थापित किया और उनसे आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांतिपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की. समाज के लोगों से संवाद के दौरान डीसी ने कहा कि मुहर्रम हमें बलिदान, सब्र और इंसाफ की राह पर चलने की प्रेरणा देता है. सभी लोग इस पर्व को शांति, सौहार्द और एकता के साथ मनाएं.

### मेडिकल टीम और सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी

वहीं, एसपी ने मेडिकल टीम और स्वयंसेवकों को पूर्ण सतर्कता बरतने का निर्देश दिया, ताकि जुलूस/अखाड़ा खेल के दौरान किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके. डीसी और एसपी ने रितुडीह एवं सिवनडीह में स्थापित मिनी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया, जहां प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और पुलिस अधिकारियों से विधि-व्यवस्था की अद्यतन जानकारी प्राप्त की गई. सभी को अलर्ट मोड में रहने और जिला नियंत्रण कक्ष के लगातार संपर्क में रहने को कहा गया. इसके अतिरिक्त, डीसी-एसपी व अन्य पदाधिकारियों ने सिवनडीह स्थित कर्बला मैदान का भी भ्रमण किया और आयोजन के केंद्रीय समिति सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उपायुक्त अजय नाथ झा ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर जिला प्रशासन की कड़ी नजर है. धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली या अफवाह फैलाने वाली किसी भी पोस्ट पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी. ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्ति की पहचान कर विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी. उन्होंने लोगों से इस तरह की कोई हरकत न करने की अपील की.

इस मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चास प्रवीण कुमार, सिटी डीएसपी आलोक रंजन, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी-पुलिस पदाधिकारी और अन्य उपस्थित थे.

## गांडेय में मुहर्रम पर नुमाइशी अखाड़ों में खिलाड़ियों ने दिखाए करतब

गांडेय (गिरिडीह)। मुहर्रम पर्व के अवसर पर रविवार को गांडेय प्रखंड के विभिन्न गांवों में नुमाइशी अखाड़ा का आयोजन किया गया. प्रखंड के गांडेय, बड़कीटांड़, लोहारी, टोपया और परमाडीह के गांवों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अखाड़ों का आयोजन किया.

**अली स्टार क्लब का विशाल नुमाइशी अखाड़ा** : अली स्टार क्लब गिरनिया की अंजुमन कमेटी ने ईदगाह मैदान में एक विशाल नुमाइशी अखाड़े का आयोजन किया. इस अखाड़े में गिरनिया, प्रमाडीह, राक्शकूटों, तुर्कटोपा और दल्वडीह की टीमों ने भाग लिया और अपने हैरतअंगेज करतब दिखाए. खिलाड़ियों ने एक से बढ़कर एक खतरनाक करतब दिखाए और इस दौरान पुलवामा हमले की झांकी भी प्रदर्शित की गई. या अली या हुसैन के नारे भी लगाए गए.



**डॉ. सरफराज अहमद ने दिया एकता का संदेश** : कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राज्यसभा सांसद डॉ. सरफराज अहमद ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और सभी को मुहर्रम पर्व की बधाई दी. उन्होंने कहा कि यह हिंदुस्तान की परंपरा रही है कि कोई भी समुदाय का पर्व या त्योहार हो, हम सभी मिलकर मनाते हैं और यही गुलदस्ता असली हिंदुस्तान है. उन्होंने जोर दिया कि गांधी जी ने आजादी के समय से जो परंपरा चलाई थी, उसी परंपरा को आज तक निभाया जा रहा है. यह हिंदुस्तान किसी मजहब, जाति या सरकार का नहीं, बल्कि सभी का है.

## चंदाहा में तजिया मिलन समारोह

**तलगड़िया।** चास प्रखंड पंचायत चंदाहा सियालजोरी थाना क्षेत्र के शेख भिखारी मैदान में हर वर्ष की तरह इस साल भी तजिया मिलन समारोह का आयोजन किया गया. बनगड़िया ओपी क्षेत्र के अलुवारा गांव और चंदाहा गांव से सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष, युवा और बच्चे जुलूस के रूप में मैदान पहुंचे. उन्होंने गाजे-बाजे के साथ आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में तजिया मिलन किया. इस आयोजन में अलुवारा और चंदाहा युवा कमेटी का सराहनीय योगदान रहा. मंजुर अंसारी ने एक से बढ़कर एक शायरी सुनाकर उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया, जिस पर लोगों ने उन्हें खूब शाबाशी दी. युवाओं ने भी एक से बढ़कर एक करतब दिखाए. कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि चंदनकियारी सीओ रवि आनंद, थाना प्रभारी मनीष कुमार, गौरव कुमार, समाजसेवी फटीक शर्मा, रफिक आलम तथा कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों ने किया. यह कार्यक्रम शांतिपूर्ण और एकता का प्रतीक रहा. इस मौके पर मुखिया रबिन दास वैष्णव, मुखिया प्रतिनिधि जितुन अंसारी, सदर सह लाइसेंस धारी सुकर मोहम्मद अंसारी, पंचायत समिति सदस्य रफिक आलम अंसारी, सदर दाउद जिपस प्रतिनिधि रामपद दास, पूर्व उप मुखिया छलनी मोदक अंसारी, सचिव अबुल हसन, शेर मोहम्मद, मुर्तजा अंसारी, मुन्न, पूर्व मुखिया खुदानवाज अंसारी, साजिद अंसारी, वार्ड सदस्य, गणमान्य लोग और ग्रामीण उपस्थित थे. इधर, अलकुशा, उसरडीह और मधुनिया में भी तजिया मिलन समारोह आयोजित किए गए.

## उधवा में मुहर्रम शांतिपूर्ण संपन्न

**साहिबगंज।** त्याग और बलिदान का पर्व मुहर्रम रविवार को उधवा प्रखंड में शांतिपूर्ण, आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाया गया. पर्व को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे. इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुलूस और ताजिया निकाल कर पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र और लाठियों के साथ प्रदर्शन किया. दक्षिण सरफराजगंज पंचायत के इंग्लिश खेल मैदान और दरगाहडांगा पीर मजार मैदान सहित अन्य जगहों पर अखाड़ों का आयोजन किया गया. मोहनपुर पंचायत के बाघपिंजरा गांव के सैकड़ों मुस्लिम समुदाय के लोग इस्लामिक झंडा हाथ में लेकर या हुसैन का नारा लगाते हुए दरगाहडांगा पीर मजार पहुंचे, जहाँ उन्होंने पीर मजार पर चादरपोशी की. मुहर्रम अखाड़ों में क्षेत्रीय विधायक मो. ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा, एसडीओ राजमहल सदानंद महतो, एसडीपीओ राजमहल विमलेश कुमार त्रिपाठी, बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी, राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज, प्रोफेसर नजरुल इस्लाम समेत अन्य ने बारी-बारी से लाठी भांजकर करतब दिखाए.

## कसमार में ताजिये के साथ निकला जुलूस

**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड में मुहर्रम का पर्व रविवार को शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया. मुहर्रम के अहले सुबह कसमार के गर्री चौबे टोला दुर्गा मंदिर प्रांगण में ताजिये के साथ लाठी खेल का आयोजन किया गया. इसके अलावा, सुरजुडीह में वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार काली मंदिर परिसर में भी ताजिये के साथ लाठी खेल का प्रदर्शन युवाओं ने किया. इस दौरान कसमार सीओ प्रवीण कुमार, बीडीओ नम्रता जोशी, थाना प्रभारी भजनलाल महतो, एसआई रंजन सिंह, कुंदन कुमार, रंजीत सिंह समेत स्थानीय प्रशासन के कई अधिकारियों ने जगह-जगह शांति व्यवस्था का जायजा लिया. मुहर्रम में दोपहर बाद कसमार के गर्री, सुरजुडीह, बगदा, मधुकरपुर, मंजूरा, बगियारी, खैराचातर, बनकनारी, मोचरो, बरईकला, ललमटिया, कुरको, नावाजारा, कुलागुजु, चंडीपुर, मायापुर, करमा सहित कई गांवों में आकर्षक ताजिये के साथ लोगों ने जुलूस निकाला. प्रखंड मुख्यालय के निकट गांधी मैदान और खुशहाल बाग सुरजुडीह में हंसलता, मंजुरा, गर्री, बनकनारी, मोचरो गांव से आए ताजियों का मिलन हुआ. इस दौरान आकर्षक लाठी खेल और झांकी का प्रदर्शन भी स्थानीय कलाकारों द्वारा किया गया. गांधी मैदान में अन्य कई गांवों से आए कलाकारों ने लाठी खेल के साथ देशभक्ति झांकियां पेश कीं. इस दौरान मंजुरा के कलाकारों ने बिरसा मुंडा की आकर्षक झांकी प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी. इस अवसर पर गर्री अंजुमन कमेटी के सदर शेरे आलम, मासूम रजा, तनवीर आलम, मोबिन अंसारी, मुस्ताक, मकीम अहमद, सुरजुडीह में मौलाना रूहुल होदा, अब्बास अंसारी समेत अन्य सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे.

## ब्रीफ खबरें

### घरेलू हिंसा और पोक्सो एक्ट पर मिला प्रशिक्षण

**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड की दुर्गापुर पंचायत के रांगामाटी गांव में रविवार को किशोरियों और युवा महिलाओं को घरेलू हिंसा और पोक्सो एक्ट से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया. सहयोगिनी संस्था की ओर से आयोजित इस प्रशिक्षण के दौरान 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों के साथ छेड़छाड़, बलात्कार और यौन हिंसा से संबंधित घटनाओं पर सरकार द्वारा बनाए गए पोक्सो एक्ट और महिलाओं या बच्चों के साथ होने वाली घरेलू हिंसा के संबंध में विशेष रूप से जानकारी दी गई.

### ग्रामीणों के विरोध पर रेलवे अंडरपास का कार्य रुका

**गोड्डा।** गोड्डा-पौड़ेयाहाट रेल लाइन पर ग्राम पैरडीह के पास बनाए जा रहे दूसरे अंडरपास का काम ग्रामीणों के विरोध के बाद रोक दिया गया है. ग्रामीणों का कहना है कि यह नया निर्माणाधीन अंडरपास गड्ढेनुमा बनाया जा रहा है, जिससे बरसात के मौसम में ग्रामीणों को आने-जाने में भारी परेशानी होगी और पानी भर जाने के कारण बच्चे भी इसे पार नहीं कर पाएंगे. ग्रामीणों ने बताया कि अंडरपास सड़क होने की वजह से गांव में कभी भी बड़ी बस, दमकल की गाड़ी या एम्बुलेंस जैसे बड़े वाहन नहीं पहुंच पाएंगे. इसके विकल्प के तौर पर वे अंडरपास की जगह फाटक वाला क्रॉसिंग दिए जाने की मांग कर रहे हैं.

# मुहर्रम जुलूस में विवाद के बाद दो गुटों के बीच जमकर चले ईंट-पत्थर

शुभम संदेश। गोड्डा

मुहर्रम के जुलूस के दौरान दो गुटों के बीच हुए विवाद के बाद जमकर ईंट-पत्थर चलने की घटना सामने आई है. यह घटना जिले के मेहरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम माल प्रतापपुर की है.

### जुलूस के रास्ते को लेकर बढ़ा विवाद



जानकारी के अनुसार, दोपहर में मुहर्रम को लेकर गांव में जुलूस निकाला गया था. बताया जाता है कि माल प्रतापपुर के ग्रामीण ढोल-बाजे के साथ लाठी भांजते हुए जुलूस के साथ सड़कों पर निकले हुए थे. इसी दौरान, सामने से उसी मार्ग पर दूसरे गांव दोगाछी से भी ग्रामीणों का एक जुलूस लाठी-तलवार खेलते हुए आ पहुंचा. दोनों गांवों के लोग अचानक जुलूस के रास्ते को लेकर भिड़ गए और देखते ही देखते दोनों गुटों के बीच ईंट-पत्थर चलने लगे.

### घरों की छतों से चले पत्थर, स्थिति सामान्य

माहौल तुरंत तनावपूर्ण हो गया और लोग सड़कों पर इधर-उधर भागने लगे. आसपास के घरों की छतों से भी जुलूस पर पत्थर फेंके जाने लगे, जिससे अफरातफरी का माहौल बन गया और कई लोग घायल हो गए. घटना की सूचना मिलते ही महगामा एसडीपीओ चंद्रशेखर सिंह, महगामा एसडीओ आलोक केसरी के अलावा आस-पास के थानों से भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थिति को नियंत्रित किया और माहौल को सामान्य बनाया. घटनास्थल पर पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है. इस मामले में पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी शुरू कर दी है. वरीय अधिकारी भी घटना पर लगातार नजर बनाए हुए हैं.

## कसमार के बगियारी सब-स्टेशन में बिजली बहाल

**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड के बगियारी स्थित विद्युत सब-स्टेशन में शनिवार रात हुई भीषण आग लगने की घटना के बाद रविवार सुबह से ही बिजली विभाग की टीम युद्ध स्तर पर बिजली बहाल करने के काम में जुट गई. आग लगने से सब-स्टेशन में लगा 5 एमवीए का विद्युत ट्रांसफार्मर समेत अन्य उपकरण पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए थे, जिसके कारण सब-स्टेशन से जुड़े लगभग 70-80 गांवों में विद्युत आपूर्ति ठप हो गई थी. इससे पूरे क्षेत्र में त्राहिमाम की स्थिति थी और लोग काफी चिंतित थे. माना जा रहा था कि बिजली बहाल करने में कई दिन लग सकते हैं, लेकिन विभाग की सक्रियता और कर्मियों की कड़ी मेहनत के कारण आग लगने की घटना के अगले ही दिन देर शाम को विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई. बिजली विभाग के एसडीओ अमित खेस और कनीय अभियंता गणेश रविदास की देखरेख में स्थानीय विद्युत कर्मियों ने दिनभर कड़ी मशक्कत के बाद यह सफलता हासिल की. मौके पर विद्युतकर्मी घनश्याम महतो, नकुल, रोहित, विनोद, संजय, शब्बीर, निवारण, कन्हैया, सुबोध, रवींद्र आदि मौजूद थे.

## जीतू महतो के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**कसमार (बोकारो)।** कसमार के भाकपा (भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी) कार्यालय में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी रामगढ़ अंचल के सचिव जीतू महतो के निधन पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. इसकी अध्यक्षता कसमार अंचल सचिव दिवाकर महतो ने की. सभा को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता और झारखंड आंदोलनकारी इफ्तिखार महमूद ने स्वर्गीय जीतू महतो द्वारा पार्टी हित में किए गए कार्यों को याद किया और उनके निधन को पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति बताया. श्रद्धांजलि सभा में भाकपा के जिला सचिव पंचानन महतो, दिवाकर महतो, सरजू महतो, चुंबन महतो, आनंद कुमार सिन्हा, महादेव महतो, महेंद्र मुंडा और अन्य लोग मौजूद थे.

## शिक्षक संघ ने मंत्री योगेंद्र प्रसाद से की मुलाकात

**कसमार (बोकारो)।** झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ बोकारो जिला इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के उत्पाद एवं मद्यनिषेध, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद से उनके मुरुबंदा, रामगढ़ स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की. इस दौरान, प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री के दिवंगत अनुज भरत कपूर की असामयिक मृत्यु पर गहरी संवेदना व्यक्त की. मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल से बोकारो जिले की शिक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी हासिल की. प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को बोकारो जिले को शिक्षा के क्षेत्र में सर्वोच्च स्थान पर रखने का आश्वासन दिया. इस दौरान संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, सचिव डॉ. अवनीश कुमार झा, कोषाध्यक्ष राजदेव साहू, उपाध्यक्ष लालचंद रजक, संयुक्त सचिव डॉ. शक्ति पद महतो सहित अन्य उपस्थित थे.

## देशव्यापी हड़ताल की सफलता को लेकर नेताओं ने की बैठक

शुभम संदेश। ललमटिया

आगामी 9 जुलाई को संयुक्त ट्रेड यूनियन द्वारा प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए ट्रेड यूनियन के नेताओं द्वारा पूरी तैयारी की जा रही है. इसी कड़ी में ईसीएल की राजमहल परियोजना के ओसीपी कार्यालय प्रांगण में रविवार को एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें 9 जुलाई को प्रस्तावित हड़ताल को सफल बनाने का निर्णय लिया गया. बैठक में 7 जुलाई को ईसीएल की राजमहल परियोजना, ललमटिया कोयला खदान क्षेत्र में मशाल जुलूस निकालने का भी निर्णय लिया गया. श्रमिक नेता रामजी साह, राम सुंदर महतो, खगेंद्र महतो, विगनेश्वर महतो, प्रदीप पंडित, ए. के. पांडे, अली हुसैन अंसारी, अहमद अंसारी, गुरु प्रसाद हाजरा सहित कई श्रमिक नेताओं ने इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने की अपील की. इस संदर्भ में झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के शाखा सचिव विगनेश्वर महतो ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाया जा रहा नया श्रम कानून एक काला कानून है. उन्होंने कहा कि इस कानून को किसी भी परिस्थिति में लागू नहीं करने दिया जाएगा.

## राष्ट्रीय भोजपुरी संस्थान की झारखंड इकाई की प्रथम प्रांतीय बैठक संपन्न

शुभम संदेश। बोकारो

सरस्वती शिशु मंदिर, बोकारो इस्पात नगरी में राष्ट्रीय भोजपुरी संस्थान की झारखंड इकाई की पहली प्रांतीय बैठक आयोजित हुई. डॉ. अशोक सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक का मुख्य उद्देश्य भोजपुरी भाषा को झारखंड राज्य में राजकीय भाषा का दर्जा दिलाना और उसे संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराना था. इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आगे की रणनीति पर गहन विचार-विमर्श किया गया.

### भोजपुरी के सम्मान और अधिकार की मांग

कार्यक्रम में भोजपुरी भाषा के भविष्य, उसकी सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक महत्व पर विस्तृत चर्चा हुई. सभी सदस्यों ने इस बात पर सहमति जताई कि भोजपुरी भाषा को अभी भी वह सम्मान और अधिकार नहीं मिला है, जिसकी वह हकदार है. वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि भोजपुरी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि एक समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा की संवाहक है, जिसे संरक्षित और संवर्धित करने की आवश्यकता है. इस दिशा में झारखंड से एक सशक्त और संगठित आंदोलन खड़ा करने की जरूरत है, ताकि भोजपुरी भाषा को न केवल स्थानीय बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान और अधिकार मिल सके. इस अवसर पर संस्थान के महासचिव विजय भारती, संगठन मंत्री शुभनाथ यादव, नवीन कुमार राय, प्रो. विनय कुमार, अभय कुमार, और झारखंड दर्शन के प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे.

## डीपीएस चास ने कला सम्मेलन में जीता खिताब

**बोकारो।** सरला बिड़ला स्कूल, रांची में आयोजित प्रतिष्ठित राष्ट्रीय अंतर-विद्यालय कला सम्मेलन 'प्रतिध्वनि' के तीसरे संस्करण में दिल्ली पब्लिक स्कूल, चास के फ्यूजन बैंड सोनिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत का खिताब हासिल किया. बैंड की भावपूर्ण प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया. 'सोनिक' बैंड के कलाकारों में अभिजीत रॉय ने हारमोनियम पर दर्शकों को मोहित किया. वहीं अनमोल कुमार ने तंबूरा पर आध्यात्मिक माहौल बनाया. जबकि पार्थ सार्थी दास ने तबले पर अपनी लयबद्ध प्रतिभा का प्रदर्शन किया. केशव डे ने परकशन पर ऊर्जा और जज्बा दिखाते हुए फ्यूजन प्रदर्शन को एक संगीतमय उत्कृष्टता प्रदान की. चीफ मेंटर डॉ. हेमलता एस. मोहन ने युवा कलाकारों को बधाई देते हुए इसे प्रतिभा, परंपरा और टीम वर्क का सही सामंजस्य बताया. उन्होंने छात्रों की भारतीय शास्त्रीय जड़ों को संरक्षित करते हुए रचनात्मक अभिव्यक्ति को अपनाने की सराहना की. निदेशक और प्राचार्या डॉ. मनीषा तिवारी ने भी विजेताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारे छात्रों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि सच्ची कला सीमाओं से परे बोलती है. सोनिक ने हमें अत्यधिक गर्व महसूस कराया है.

## अखिल भारतीय साहित्य परिषद की संगोष्ठी

**बोकारो।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद, बोकारो ने सरस्वती विद्या मंदिर सेक्टर 2ए में एक संगोष्ठी सह कवि गोष्ठी का आयोजन किया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगन्नाथ शाही ने कहा कि संघ के कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को राष्ट्रहित में जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं. संघ ने पंच परिवर्तन के माध्यम से हर व्यक्ति के मन में राष्ट्रहित के प्रति सकारात्मक भाव जगाने का संकल्प लिया है, जिसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्र सर्वोपरि है. मुख्य वक्ता अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री पवन पुत्र बादल ने कहा कि साहित्य समाज के लिए हर आवश्यक कार्य करता है.

# डीपीएस चास में अभिभावकों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम

शुभम संदेश। बोकारो



डीपीएस चास में माता-पिता और अभिभावकों के लिए एक अभिविन्यास (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसका उद्देश्य विद्यालय के दृष्टिकोण और मूल्यों को साझा करना, अभिभावकों की चिंताओं को दूर करना और अभिभावकों व शिक्षकों के बीच एक मजबूत साझेदारी बनाना था, ताकि नए और पुराने दोनों तरह के विद्यार्थियों के लिए एक सहज शैक्षणिक परिवेश सुनिश्चित किया जा सके.

इस कार्यक्रम में बाल-केंद्रित शिक्षाशास्त्र, समग्र विकास, मूल्य-आधारित शिक्षा, सह-पाठ्यचर्या गतिविधियां और संसाधनों की उपलब्धता जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध परामर्श मनोवैज्ञानिक सलोनी प्रिया उपस्थित थीं, जिन्हें शिक्षा प्रबंधन, मानव विकास और प्रशिक्षण, छात्र व शिक्षक सशक्तिकरण, अभिभावक मार्गदर्शन और व्यापक परामर्श के क्षेत्र में 20 वर्षों का अनुभव है. उन्होंने माता-पिता को अपने बच्चों के दृष्टिकोण से दुनिया को देखने, उनकी भावनाओं और प्रेरणाओं को स्वीकार करने के लिए प्रोत्साहित किया. उन्होंने स्वस्थ वृद्धि और विकास के लिए एक सकारात्मक व सहायक घरेलू माहौल के महत्व पर जोर दिया. सलोनी प्रिया ने अभिभावकों को प्रत्येक बच्चे के अद्वितीय व्यक्तित्व की सराहना करने और उसी के अनुसार अपने पालन-पोषण के दृष्टिकोण को ढालने की सलाह दी. उन्होंने कहा कि ऐसा माहौल बनाएं जहाँ बच्चे अपने विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने में सहज महसूस करें. सलोनी प्रिया शैक्षणिक संस्थानों में पेरेंटिंग प्लेटफॉर्म बनाने वाली अग्रणी व्यक्तियों में से एक हैं, जिन्होंने स्कूलों में पारंपरिक अभिभावक-शिक्षक संचार को बदलने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य किया है. उन्होंने माता-पिता के लिए कार्यशालाएं और संवादात्मक सत्र आयोजित किए, जिनमें बच्चे के साथ संचार, बच्चे में आत्मसम्मान का निर्माण, बच्चे को अनुशासित करने की तकनीक, भाई-बहन की प्रतिद्वंद्विता को संभालना, मूल्य शिक्षण, किशोरावस्था को संभालना, किशोरों का तनाव, जीवन कौशल सिखाना जैसे विषय शामिल थे. विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ. हेमलता एस. मोहन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम माता-पिता को स्कूल के कामकाज और उनके बच्चे की भलाई के बारे में अपने प्रश्नों और चिंताओं को व्यक्त करने के लिए एक मंच प्रदान करते हैं.

उन्होंने बताया कि विद्यालय विद्यार्थियों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करता है, जिसमें उनकी शैक्षणिक, शारीरिक, भावनात्मक और सामाजिक भलाई शामिल है. विद्यालय की निदेशिका/प्राचार्या डॉ. मनीषा तिवारी ने कहा कि अभिविन्यास कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूल और माता-पिता के बीच एक सहयोगी संबंध को बढ़ावा देना है, जो बच्चे के समग्र विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है. कार्यक्रम में डीएस मेमोरियल सोसायटी चास के सचिव सुरेश अग्रवाल भी उपस्थित थे. उन्होंने इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए इसकी आवश्यकता को स्वीकार किया.

# मुहर्रम को लेकर डीसी ने किया विभिन्न क्षेत्रों का दौरा

## तैयारियों का लिया जायजा, लोगों से की शांतिपूर्ण व सुरक्षित तरीके से त्योहार मनाने की अपील

■ मुहर्रम कमिटी ने अंगवस्त्र ओढ़ाकर किया उपायुक्त का स्वागत

शुभम संदेश। धनबाद



उपायुक्त आदित्य रंजन ने मुहर्रम को लेकर रविवार को वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के साथ जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी से तैयारियों का जायजा लिया. साथ ही लोगों से शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में तथा सुरक्षित तरीके से त्योहार मनाने की अपील की.

सबसे पहले उपायुक्त व वरीय पुलिस अधीक्षक बैंक मोड़ के करबला रोड स्थित करबला पहुंचे. यहां धनबाद करबला वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों से मिलकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया. इसके बाद सभी पांडरपाला और वहां से भूली पहुंचे. भूली से बिनोद बिहारी चौक, शक्ति महतो चौक, तेतुलमारी, जोगता, अंगार पथरा होते हुए कतरास के पंचगढ़ी पहुंचे. यहां पदाधिकारियों ने दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ तैयारी की समीक्षा की. कतरास में मुहर्रम कमिटी ने अंगवस्त्र ओढ़ाकर उपायुक्त का स्वागत किया.

इसके बाद सभी छाताबाद, लोयाबाद, पुटकी, केंदुआडीह होते हुए झरिया पहुंचे. झरिया से इंदिरा चौक, हनुमान गढ़ी, भागा, फुसबंगला, जियलगोरा, पाथरडीह, लोदना मोड़, जोरापोखर, सुदामडीह, चासनाला, सिंदरी, बलियापुर, कलियासोल, कालुबथान, पंचेत, चिरकुंडा, गलफरबाड़ी, मुगमा, मैथन, निरसा बाजार, गोविंदपुर, सरायढेला स्टील गेट होते हुए धनबाद पहुंचे. क्षेत्र भ्रमण के दौरान उपायुक्त ने दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को अपने प्रतिनियुक्त स्थान पर मौजूद रहकर कर्तव्य का अच्छे से पालन करने का निर्देश दिया. साथ ही अखाड़ा समितियों को जुलूस निकालते समय निर्धारित मार्ग का प्रयोग करने तथा जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन करने का अनुरोध किया. वरीय पुलिस अधीक्षक ने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की. उन्होंने कहा कि जिले में सभी जगह पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी मौजूद हैं. प्रशासन ने शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार संपन्न कराने के लिए मुकम्मल तैयारी की है. सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर है. मौके पर ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, प्रभारी एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम, एसडीपीओ सिंदरी आशुतोष सत्यम, एसडीपीओ निरसा रजत मणिक बाख़ला, एसडीपीओ बाघमारा पुरषोत्तम कुमार सिंह, संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, संबंधित अंचल के अंचल अधिकारी, संबंधित थाना के थाना प्रभारी मौजूद रहे.

# जयराम महतो का प्रतिभा सम्मान समारोह आठ को

■ राज्यपाल करेंगे शिरकत

शुभम संदेश। धनबाद

पहले 7 जुलाई 2025 को प्रस्तावित प्रतिभा सम्मान समारोह को स्थगित कर दिया गया है. अब यह कार्यक्रम मंगलवार को पूर्वाह्न 11 बजे पूर्व निर्धारित स्थान विनोद बिहारी महतो स्टेडियम, नावाडीह (बोकारो) में आयोजित होगा. इस आयोजन में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे. डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो ने बताया कि राज्यपाल की सहमति और उपस्थिति के कारण कार्यक्रम की तिथि में परिवर्तन किया गया है. यह डुमरी वासियों के लिए गर्व का अवसर है कि राज्यपाल इस समारोह में प्रतिभाग करेंगे. उन्होंने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और आमजन से अनुरोध किया है कि नई तिथि के अनुसार कार्यक्रम में शामिल होकर प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करें. यह समारोह क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है.

# धनबाद रेलवे यार्ड में अवैध गतिविधि पर कार्रवाई

शुभम संदेश। धनबाद

धनबाद रेलवे यार्ड में प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम ने गुप्त निगरानी के दौरान गाड़ी संख्या 13351 (धनबाद-एलेप्पी एक्सप्रेस) के जनरल कोच में अवैध रूप से यात्रियों को चढ़ाने वाले एक सफाईकर्मी को पकड़ा. पकड़े गए व्यक्ति की पहचान गुड्डू बासफोर (उम्र 23 वर्ष, पिता-जय बासफोर, पता-पुराना स्टेशन, धोबिया तालाब, थाना-धनसार, जिला-धनबाद) के रूप में हुई, जो किंग ग्रुप नामक निजी कंपनी में कार्यरत है. पूछताछ में गुड्डू ने स्वीकार किया कि वह पिछले दो महीनों से यार्ड में सफाई का काम कर रहा है और पैसे के लालच में धीमी गति से चलती ट्रेन में यात्रियों को 100 रुपये लेकर चढ़ाता था. उसके पास से कोई पहचान पत्र नहीं मिला. इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया और रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट धनबाद में उसके खिलाफ कांड संख्या 2066/25, दिनांक 06/07/25, धारा 147, 155, 145 रेल अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया. आरोपी को अग्रिम कार्रवाई के लिए रेलवे न्यायालय, धनबाद में पेश किया गया, जहां 600 रुपये जुर्माना वसूल कर उसे रिहा कर दिया गया.

### 29 को किया गिरफ्तार

रेलवे सुरक्षा बल और स्टाफ ने रेल अधिनियम के तहत अभियान चलाकर 29 लोगों को गिरफ्तार किया. ऑपरेशन समय पालन में धारा 141 के तहत 1 व्यक्ति, ऑपरेशन संरक्षा में धारा 145 के तहत 4, धारा 147 के तहत 15, धारा 159 के तहत 1, धारा 155 के तहत 2 और धारा 147, 145, 155 के तहत 1 व्यक्ति पकड़ा गया. ऑपरेशन महिला सुरक्षा में धारा 162 के तहत 3 और ऑपरेशन दूसरा में धारा 144 के तहत 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया. सभी के खिलाफ कांड संख्या 2041/25 से 2069/25 दर्ज कर मामलों को रेलवे दंडाधिकारी के समक्ष पेश किया गया, जहां 29 व्यक्तियों पर कुल 4100 रुपये का जुर्माना लगाया गया.

# विधायक राज सिन्हा ने दी जगजीवन राम को श्रद्धांजलि



शुभम संदेश। धनबाद

धनबाद विधायक राज सिन्हा ने रविवार को धनबाद सेंट्रल अस्पताल परिसर में स्थित महान स्वतंत्रता सेनानी और भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. इस अवसर पर विधायक राज सिन्हा ने कहा कि बाबू जगजीवन राम ने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर लोकतंत्र को मजबूत करने तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. वे सामाजिक न्याय, समानता और दलित उत्थान के प्रबल पक्षधर थे. उनके द्वारा सामाजिक विषमता के खिलाफ शुरू किया गया आंदोलन ने भारतीय राजनीतिक चेतना को नई दिशा दी. 1975 में आपातकाल के दौरान उन्होंने इसका कड़ा विरोध किया और कांग्रेस की गलत नीतियों के खिलाफ 1977 में 'कांग्रेस फॉर डेमोक्रेसी' नामक नई पार्टी की स्थापना की. देश के विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय है. इस अवसर पर भाजपा धनबाद महानगर के जिला मंत्री नरेंद्र त्रिवेदी, जिला मंत्री सह मीडिया संयोजक पंकज सिन्हा (कुमार अमित), ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री राजेश गुप्ता, बरटांड मंडल अध्यक्ष किशोर मंडल, निर्मल प्रधान, रंजय सिंह, मनोज मालाकार, मनोज रिंकू, अजय मालाकार, हुलास दास, दीपक सिंह, मनीष पांडेय, नीरज सिन्हा, ब्रजमोहन प्रसाद सहित कई पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित थे.

# डॉ मुखर्जी का जीवन समर्पण, त्याग, बलिदान और राष्ट्रनिष्ठा की मिसाल : बाबूलाल मरांडी

■ भाजपा ने मनाई श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

शुभम संदेश। धनबाद



भाजपा धनबाद महानगर द्वारा जिला कार्यालय में महानगर अध्यक्ष श्रवण राय की अध्यक्षता में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद ढुल्लू महतो, विधायक राज सिन्हा, श्रवण राय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजीव अग्रवाल, चंद्रशेखर सिंह, सत्येंद्र कुमार, राजकुमार अग्रवाल, रमेश राही, प्रियंका पाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने डॉ. मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी. कार्यक्रम का संचालन मानस प्रसून ने किया, और धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री धनेश्वर महतो ने किया. मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक शिक्षाविद, भारतीय राष्ट्रीय चेतना के दीप्तिमान नक्षत्र और राष्ट्रीय एकता व अखंडता के लिए सर्वस्व अर्पित करने वाले विलक्षण व्यक्तित्व थे. उनका जीवन समर्पण, त्याग, बलिदान और राष्ट्रनिष्ठा की मिसाल है. उनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी, "बंगाल का बाघ", ने कोलकाता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायपालिका को नई ऊंचाइयां दी. कश्मीर में अनुच्छेद 370 के विरोध में डॉ. मुखर्जी का साहसिक रुख 5 अगस्त 2019 को साकार हुआ, जिसके लिए उन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी. उन्होंने शिक्षा, राजनीति और राष्ट्र सेवा को एक सूत्र में पिरोकर अपना जीवन भारत माता को समर्पित किया.

### देश के सम्मान की रक्षा के लिए दी प्राणों की आहुति : ढुल्लू महतो

सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश के सम्मान, गरिमा और गौरव की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी. उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू की नीतियों का विरोध कर मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया. कश्मीर में बिना परमिट प्रवेश पर उनकी गिरफ्तारी हुई और 23 जून 1953 को जेल में उनकी रहस्यमय मृत्यु हुई. उनके विचारों का अनुसरण कर उनके मार्ग पर चलने की आवश्यकता है. धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि डॉ. मुखर्जी कश्मीर से धारा 370 हटाने और "एक विधान, एक निशान, एक प्रधान" के पक्षधर थे. उन्होंने तुष्टिकरण की नीतियों के विरोध में केंद्रीय मंत्री पद से इस्तीफा दिया और जनसंघ की स्थापना की, जो आज भाजपा के रूप में विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है. उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं, और हमें उनकी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना है. कार्यक्रम में श्रवण राय, संजीव अग्रवाल, चंद्रशेखर सिंह, विष्णु त्रिपाठी, शेखर सिंह, महेश पासवान, वीरेंद्र हाँसदा, पंकज सिन्हा, अजय निषाद, ध्रुभ हरि, प्रियंका देवी, अभिमन्यु कुमार, रीता प्रसाद, राजकिशोर जैना, नरेंद्र त्रिवेदी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# डॉ मुखर्जी की जयंती पर कार्यकर्ता सम्मानित

**कुल्टी।** भारत रत्न डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 125 वे जन्म दिवस पर कुल्टी ब्लॉक भाजपा के विधायक कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. इस दौरान कुल्टी ब्लॉक भाजपा विधायक डाक्टर अजय पोद्दार ने इस विशेष दिन पर कुल्टी ब्लॉक के पूर्व पार्टी कार्यकर्ताओं को आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया. कुल्टी में भाजपा को मजबूत करने वाले सौ से ज्यादा पार्टी कार्यकर्ताओं ने इस विशेष कार्यक्रम में शामिल होकर जनसंघ की स्थापना औरर पार्टी की नींव रखने वाले वीर शहीद डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की.

## आसनसोल

# अग्निमित्र पाल का जनसंपर्क अभियान

शुभम संदेश। रानीगंज

दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के बल्लभपुर इलाके में विधायक अग्निमित्र पाल ने अपने जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत रविवार को क्षेत्र भ्रमण कर जनसभा की. आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं. कार्यक्रम की शुरुआत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई, जिसके बाद उन्होंने स्थानीय लोगों से संवाद किया.

सभा को संबोधित करते हुए विधायक पाल ने तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस का मतलब है भ्रष्टाचार, दुराचार, बालू माफिया और कोयला माफिया है. उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति बेहद दयनीय है और आए दिन हो रहे बलात्कार की घटनाओं में तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की संलिप्तता पाई जा रही है. उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि एक महिला होते हुए भी वे अपराधियों के पक्ष में खड़ी नजर आती हैं और उन्हीं की भाषा बोलती हैं.

आसनसोल नगर निगम पर अतिक्रमण को लेकर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि बुलडोजर दिखाना केवल जनता को गुमराह करने का तरीका है. वास्तविकता यह है कि अतिक्रमण के मामले में उनकी नीयत साफ नहीं है. अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया निष्पक्ष होनी चाहिए और जिनका मुआवजा बंटा है, उन्हें शीघ्र मुआवजा दिया जाए. अजय नदी किनारे अतिक्रमण पर चिंता जताई. कार्यक्रम के अंत में विधायक ने अंचल में आयोजित फुटबॉल खेल में भाग लिया और उपस्थित लोगों की सामाजिक-आर्थिक समस्याएं सुनकर संवेदना प्रकट की.

### पांच अखाड़ों ने जुलूस के साथ निकाला ताजिया

**बराकर।** मुहर्रम के मौके पर बराकर क्षेत्र में सदर अखाड़ा के नेतृत्व में पांच अखाड़ों—बराकर सदर अखाड़ा, बलतोड़िया अखाड़ा, मानबाड़िया अखाड़ा, रेल पार जमाली मोहल्ला अखाड़ा और करीम डंगाल अखाड़ा द्वारा ताजिया जुलूस निकाला गया. सभी अखाड़ा ताजिया लेकर बराकर स्टेशन मोड़ पहुँचे, जहाँ बराकर सदर अखाड़ा के सदर एमडी खलील खान को पगड़ी पहनाकर सलामी दी गई. स्टेशन रोड पर सभी अखाड़ों के गुरुओं, समाजसेवियों, राजनीतिक व प्रशासनिक प्रतिनिधियों को बेच देकर सम्मानित किया गया.

इस दौरान प्रमुख रूप से हाजी कल्लू, गुड़ी खान, अली हुसैन मुन्ना, अब्दुल बारी, ऐजाज अंसारी, तब्बू, वाहिद, बिक्की राजा अंसारी, बंटी खान, रिंकू, जाकिर, मन्नू, समीम, एमडी मुसेन खान, शुराब खान, भोला खान, और उमर खान उपस्थित थे. कार्यक्रम में कुल्टी थाना अंतर्गत सभी फाड़ियों के अधिकारी भी मौजूद रहे. रात्रि 9 बजे ताजिया जुलूस पुलिस निगरानी में झारखंड के तलडंगा रवाना हुआ.

# डीटी पहुंचे बैगुनिया मुख्यालय भूमि मालिकों से की वार्ता

## किसानों की समस्या का समाधान जल्द करने का दिया निर्देश



शुभम संदेश। बराकर

बीसीसीएल सीबी एरिया बारह के दामागोडिया कोलियरी के आसपास क्षेत्र में उच्च मानक कोयला का भंडार है. कोयला का उत्पादन नहीं होने को लेकर कई प्रकार की समस्या हो रही है. प्रबंधन को किसानों की समस्या को जल्द से जल्द ठीक करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए. शनिवार की रात्रि बीसीसीएल के डीटी पीएंडपी मनोज कुमार अग्रवाल अचानक बीसीसीएल सीबी एरिया बारह के बैगुनिया महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचे. जहां एरिया कार्यालय के सभी अधिकारियों को बुलाया. वहीं क्षेत्र के जिन किसानों ओर भू मालिकों की जमीन ली गई है उन सभी को बुलाकर इस मुद्दे पर बातचीत की.

इस दौरान प्रबंधन के दामगोडिया के प्रोजेक्ट अधिकारी धर्मेंद्र तिवारी, एस घोष, डी चक्रवर्ती, अशोक बुनिया, ए मंडल मुख्य रूप से उपस्थित हुए. भूमिहारों जमीदाताओं के तकरीबन तीस लोग इस वार्ता में शामिल रहे. डीटी मनोज अग्रवाल ने अधिकारियों से कहा कि भूमि मालिकों के जमीन के रिकॉजिशन ओर कंपनसेशन में किसी प्रकार की कोई कोताही बरदाश्त नहीं की जाएगी.

समस्या का समाधान कर उत्पादन प्रारंभ किया जाए. मालूम हो कि इस क्षेत्र में किसानों से भूमि लेकर प्रबंधन ने सौ एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया. जिनमें कुल 60 फाइल नौकरी के लिए लंबित पड़ी है. इस प्रोजेक्ट में कुल एरिया में सभी कुछ ठीक ठाक रहा तो साढ़े तीन वर्ष तक रोजाना प्रबंधन 5000 टन कोयला का उत्पादन रोजाना कर सकेगा.

# युवा उड़ान की नई कमेटी गठित

**रानीगंज।** युवा उड़ान सामाजिक संस्था की नई कार्यकारिणी की घोषणा रानीगंज ब्राह्मण भवन में संस्था के प्रमुख दिनेश सोनी ने की. संस्था की संस्थापक सदस्य निशा सोनी भी उपस्थित रही. रानीगंज शाखा के अध्यक्ष सोनू केशरी, कार्यकारी अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, महामंत्री विकास मोदी, उपाध्यक्ष महेश जोशी, पायल अग्रवाल, विशाल खंडेलवाल, सचिव नवनीता दास, नितेश शर्मा, अभिषेक भालोटिया कपड़ा बैंक संगीता सिंघानिया, सरिता भूत, रोहित सोनी शिक्षा केंद्र में प्रिया साव को शपथ ग्रहण करवाया गया.

# कुल्टी कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य का निधन

**कुल्टी।** कुल्टी कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य राज कुमार राय (58वर्ष) का निधन कोलकाता जाते समय टैक्सी में अचानक तबीयत बिगड़ने से हो गया. वे शनिवार को बंदे भारत एक्सप्रेस से कोलकाता रवाना हुए थे. धर्मतल्ला से रविंद्र सरोवर जाते समय टैक्सी में ही उनकी हालत बिगड़ गई, जिसके बाद चालक उन्हें कोलकाता मेडिकल कॉलेज ले गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया.

उनके निधन की खबर से कुल्टी कॉलेज में शोक का माहौल है. छात्र नेता जतिन गुप्ता के नेतृत्व में छात्रों की टीम रविवार को कोलकाता पहुंची. पोस्टमार्टम के बाद उनका अंतिम संस्कार काली घाट के पास देवड़ा श्मशान घाट में किया गया.

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि

**पुरुलिया।** झालदा नगर परिषद समिति की ओर से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर शनिवार की संध्या विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जानकारी के अनुसार शनिवार को शहर में आयोजित कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष मौसमी बनर्जी समेत अन्य पदाधिकारी, सदस्य व सदस्य शामिल हुए. कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के आदर्शों, त्याग और देशभक्ति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान पीढ़ी में देशभक्ति, नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना पैदा करने के उद्देश्य से इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. आयोजन समिति ने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य सिर्फ स्मरण करना नहीं है, बल्कि डॉ. मुखर्जी के विचारों, विचारधाराओं और आदर्शों को समाज में फैलाना है.

# सुभाष सेतु के पास सड़क की हालत जर्जर

**सांकतोड़िया।** आसनसोल नगर निगम के 105 नंबर वार्ड स्थित डिसरगढ़ दामोदर नदी के पास सुभाष सेतु से राधानगर तक की सड़क की हालत बेहद खराब हो चुकी है. छोटे-बड़े गड्ढों के कारण वाहन चालकों और यात्रियों को भारी कठिनाई हो रही है. डिसरगढ़ पोस्ट ऑफिस मोड़ के पास तो स्थिति इतनी खराब है कि बसें अब नदीघाट बस स्टैंड तक नहीं जा रहीं. यात्रियों को बीच रास्ते में उतरकर पैदल चलना पड़ रहा है. स्थानीय लोगों का कहना है कि मानसून के चलते अब मरम्मत संभव नहीं और दुर्गापूजा से पहले सड़क सुधरने की उम्मीद नहीं है. विभाग ने समय रहते मरम्मत नहीं की, जिससे अब आमजन को परेशानी झेलनी पड़ रही है.

# रानीगंज बना मिनी चार्टर्ड अकाउंटेंट हब

शुभम संदेश। रानीगंज



शहर के 12 विद्यार्थियों ने चार्टर्ड अकाउंटेंट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर नाम रोशन किया है. इनमें सानिया बाजोरिया, अंजली गुप्ता, महिमा बुचासिया, नीतू कुमारी, जया मिश्रा, उत्कर्ष केडिया, सत्यम भुवालका, बलदेव अग्रवाल, विक्रांत सिंह और अमन मिश्रा शामिल हैं. इन विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, माता-पिता के समर्थन और प्रेरणा को दिया है. इन विद्यार्थियों की सफलता से शहरवासियों का मान बढ़ा है. हर बार बेहतर परीक्षा परिणाम से शहर चार्टर्ड अकाउंटेंट नगरी के रूप में विख्यात हो रहा है. विद्यार्थियों की कहानी अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायक है. रानीगंज चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान के पदाधिकारी ललित अग्रवाल ने कहा कि रानीगंज शहर से करीब 500 की संख्या में विद्यार्थी चार्टर्ड अकाउंटेंट बन चुके हैं. कई तो देश-विदेश के बड़े-बड़े प्रतिष्ठानों में कार्यरत हैं. चार्टर्ड अकाउंटेंट उमेश डोकानियां ने कहा कि रानीगंज के चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रेक्टिस के क्षेत्र में है और काफी सफल है. सुरक्षा संस्था के अध्यक्ष सरदार दलजीत सिंह वाधवा ने बताया कि इन सभी छात्रों को अगले सप्ताह सम्मान समारोह का आयोजन करके सम्मानित किया जाएगा.

### नियामतपुर की रितिका पसारी ने पहले प्रयास में पास की सीए परीक्षा



नियामतपुर निवासी अनिल पसारी की पुत्री रितिका पसारी ने पहले ही प्रयास में सीए परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है. मर्चेंट चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, नियामतपुर के सचिव सचिन बालोदिया ने रितिका को बधाई दी और मर्चेंट चेम्बर की ओर से सम्मानित करने की घोषणा की. रितिका के पिता खाद्यान्न व्यवसायी हैं. रितिका ने बताया कि वह पहले नौकरी करके अनुभव हासिल करेंगी और फिर खुद का सीए फर्म खोलेंगी. सफलता की खबर के बाद परिजनों, मित्रों और समाजसेवियों का घर पर बधाइयों का तांता लगा हुआ है.

### फुलबेरिया में मुहर्रम पर 65 लोगों ने किया रक्तदान

**पुरुलिया।** पुरुलिया के रघुनाथपुर 1 ब्लॉक के फुलबेरिया गांव में मुहर्रम के पावन अवसर पर फुलबेरिया आजाद क्लब और रक्तमिता स्वयंसेवी संगठन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. करीब 65 रक्तदाताओं ने हिस्सा लिया, जिनमें लगभग 10 महिलाएं भी शामिल थीं. शिविर में पश्चिम बंगाल स्वैच्छिक रक्तदाता समाज के राज्य समिति सदस्य तुषार कांति मुखर्जी, बांग्ला पक्ष के पुरुलिया जिला सचिव शेख अजीम, और राज्य समिति सदस्य हेलाल अहमद उपस्थित थे. रक्तमिता के अध्यक्ष शेख अनारुल हुसैन और सचिव शेख साबिर हुसैन ने मुहर्रम को रक्तदान के माध्यम से मनाने का संदेश दिया. तुषार कांति मुखर्जी ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य रक्त बहाना नहीं, बल्कि जान बचाना है.

# प्रशासन ने रूकवाया तालाब किनारे अवैध निर्माण

### रानीगंज में जमीन दलालों की कोई जगह नहीं : मुजम्मिल शहजादा

**रानीगंज।** वार्ड 93 अंतर्गत बुजीर बांध तालाब के किनारे अवैध रूप से निर्माण किए जा रहे घर को स्थानीय लोगों के विरोध और प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद रोक दिया गया. स्थानीय निवासी और अधिवक्ता द्वारा की गई शिकायत पर रानीगंज पुलिस और बोरो 2 की टीम मौके पर पहुंची और काम को तत्काल बंद करवाया. जानकारी के अनुसार, तपन हालदार नामक व्यक्ति तालाब के किनारे बिना वैध दस्तावेज़ के बाउंड्री निर्माण करवा रहे थे. जब प्रशासन ने दस्तावेज़ मांगे, तो उनके पास कोई वैध काग़ज़ात नहीं पाए गए. पूछे जाने पर तपन हालदार ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, जबकि उनकी पत्नी ने निर्माण को पूरी तरह वैध बताते हुए सभी आरोपों को खारिज किया.

शुभम संदेश
धनबाद, सोमवार 07 जुलाई, 2025 

# विदेश नीति को संभालने की जरूरत है!

निशिकांत ठाकुर

यह बात बिल्कुल सच है कि किसी भी जीव के ईश्वर प्रदत्त मूल स्वरूप को बदला नहीं जा सकता, लेकिन आज के चिकित्सकीय संसार में अब यह असंभव नहीं रहा. पर, कुछ जीव ऐसे होते हैं जिसके मूल स्वरूप को चाहे हम जितना भी ठीक कर लें, लेकिन इसमें परिवर्तन नहीं आता. अक्षरशः यही हाल पाकिस्तान का है चाहे आजादी के बाद हो या पहले -पता नहीं उसके मन में कितना बैर भारत के प्रति था कि उसने अखंड भारत को खंड खंड में बांट ही दिया. षडयंत्र रचकर परेशान करता ही रहेगा. जो खबर छनकर आ रही है उसके अनुसार आज भी किसी न किसी तरह षडयंत्र रचकर हम भारतीयों को डराने की योजना बना रहा है. भारतीय सीमा के पार पाक अधिकृत गुलाम कश्मीर में फिर आतंकी ठिकाना बना रहा है. जहां वह अपने आतंकी संगठनों के रंगरूटों को प्रशिक्षित करेगा और कहीं न कहीं किसी न किसी प्रकार भारत की सीमा में घुसकर आतंकी हमला करेगा, फिर चूहों की तरह बिलों में घुस जाएगा. पिछले दिनों भारत द्वारा उसके अरमानों को ध्वस्त करने का प्रयास किया गया,लेकिन ऐसे जीवों की पूंछ कहां सीधी होती है!

भारतीय सुरक्षा बल घात लगाकर सीमा में घुसने के प्रयास को विफल करते आ रहे हैं. अब तो यह बात भी सामने आ रही है कि आतंकी संगठन में भर्ती किए जाने को लेकर पाकिस्तान के कई शहरों में रैलियां निकाली जा रही हैं और लोगों को भारतीय सैनिकों द्वारा नष्ट किए गए आतंकी ठिकानों के साथ साथ उन आतंकियों की तस्वीरें दिखाई जा रही हैं जिन्हें मौत के घाट उतार दिया गया है. सुरक्षा बल से जब इस पर बात की गई तो उनका कहना था कि उनकी करतूतों का पता सबको है और उन्हें विफल करने के लिए हम पूरी तरह सक्षम और तैयार हैं. इस स्तंभकार ने अपनी जम्मू -कश्मीर की अनेक यात्राओं में वहां के लोगों से बात की तो उन्होंने कहा, पाकिस्तान तो खुद कंगला है. उन्हें तो हिन्दुस्तानी नेताओं द्वारा ही धन मुहैया कराया जाता है ताकि यहां आकर आतंक फैलाएं और उनकी राजनीति फलती-फूलती रहे.

यह बात तो प्रत्येक भारतीय की समझ में आती है कि पाकिस्तान का जन्म ही भारत के विरोध में हुआ है, इसलिए तरह- तरह से समय -समय पर अपनी भड़ास भारत पर निकालता रहता है, लेकिन पिछले कुछ सालों में जिस तरह से हमारे पड़ोसियों से हमारे संबंध बिगड़े हैं, वह किसलिए? कहीं न कहीं हमारी विदेश नीति में कोई न कोई कमी रही है जिससे हमारे संबंध पड़ोसी देशों सहित विश्व के कई ताकतवर देशों से खराब हुए है. जिस बांग्लादेश का निर्माण ही भारतीय हस्तक्षेप से हुआ वह भी हमें आंखें दिखाने लगता है, ऐसा क्यों! बात केवल बांग्ला देश की ही नहीं है .श्रीलंका जिससे हमारा संबंध आध्यात्मिक रहा है वह भी भारत से दूरी बनाकर चीन की ओर आकर्षित है और अपना बंदरगाह जो भारत के सबसे करीब है उसे चीन के हवाले कर दिया. अब रही बात हमारे सबसे करीबी पड़ोसी देश नेपाल की, जिससे हमारा संबंध आध्यात्मिक और बेटी-रोटी का रहा है वह भी चीन की ओर आकर्षित होकर हमसे दूरी बना चुका है. आखिर क्या कारण है कि हमारी विदेश नीति में कुछ कमी आई है? इसपर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है .



**पाकिस्तान ही नहीं सभी पड़ोसी देशों से हमारे रिश्ते बेहद नाजुक स्थिति में हैं.**

यह तो रही हमारे पड़ोसी देशों के साथ समस्या की बात. जिसके कारणों को सरकार के उच्च पद पर बैठे राजनेताओं ने भी समझ लिया है, इसीलिए देश में यह कानाफूसी शुरू हो गई है कि भारत की विदेश नीति में निश्चित रूप से कोई कमी है जिसे हमारे विदेश मंत्री संभाल नहीं पा रहे हैं इसलिए इसमें बदलाव की जरूरत है. अब तो यहां तक चर्चा है कि कांग्रेसी नेता सांसद शशि थरूर को विदेश मंत्री के रूप में भाजपा में शामिल कराने का मन बना लिया है. कांग्रेस आजादी के दीवानों की पार्टी रही जिसे मिटाने की कोशिश वर्षों अंग्रेजों ने भी की थी, लेकिन वे सफल नहीं हो सके. ऐसा इसलिए कि मुख्यधारा से अपने को अवसरवादी लोग ही अलग करते हैं और फिर कुछ दिनों बाद समाज की सोच से बाहर भी हो जाते हैं . सरकार ने यही सोचकर एस जयशंकर को विदेश मंत्री बनाया था कि उन्होंने विदेश मंत्रालय में रहकर भारत के लिए काम किया है, लिहाजा वे सफल विदेशमंत्री रहेंगे. पर, अब हर तरफ से निराशा हाथ लगने के बाद केंद्र सरकार ने अपनी सोच को बदला है, अतः निकट भविष्य में कुछ न कुछ तो बदलाव अवश्य होगा .

**वैसे इस बात को कोई स्वीकार करे या न करे, लेकिन सरकार ने देशहित में कुछ न कुछ ठोस कदम उठाने का फैसला कर ही लिया होगा. जिसकी परिणिति स्वरूप विदेश नीतियों में परिवर्तन और उधार पर सरकार और देश को चलाना छोड़ना पड़ेगा.**

अब आप अमेरिकी संबंधों के बारे में जान ही चुके होंगे कि भारत के साथ- साथ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किस प्रकार नतमस्तक होने के लिए मजबूर किया. उसके बाद तो अब अति हो गई जब अमेरिका में उच्च पढ़ाई के लिए गए छात्रों के साथ किया जा रहा है. वहां अध्ययन के लिए गए भारतीय छात्रों को अब अपना पासपोर्ट लेकर बाजार और क्लास में जाना पड़ता है. अमेरिका का कहर इस तरह से बढ़ गया है कि जो छात्र अपने पूर्व निर्धारित कार्यकम में स्वदेश आते हैं उन्हें पुनः वापस अमेरिका आने से वर्जित कर देता है. यहां तक कि सोशल मीडिया साइलेंस का पालन किया जाता है. राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का राज भारतीय छात्रों पर भारी पड़ रहा है. छात्रों के वीसा में सख्ती और डिपोर्ट किए जाने का खतरा बढ़ गया है.

ज्ञात हो कि अब पहले जैसी स्थिति नहीं रही. भारतीय छात्रों का अमेरिकन स्वप्न अधर में लटक गया है. अपने पड़ोसी सहित विश्व से दुश्मनी लेकर आखिर क्या हासिल होने वाला है? इस मुद्दे के हर पहलू पर जल्द से जल्द निर्णय लेना ही पड़ेगा अन्यथा विश्व से कट कर भारत अलग -थलग होकर क्या करेगा. वैसे इस बात को कोई स्वीकार करे या न करे, लेकिन सरकार ने अपने सहित देशहित में कुछ न कुछ ठोस कदम उठाने का फैसला कर ही लिया होगा. जिसकी परिणति स्वरूप विदेश नीतियों में परिवर्तन और उधार पर सरकार और देश को चलाना छोड़ना पड़ेगा, तभी हालात बदलेंगे. क्योंकि यह बदलाव का समय है और यह जरूरी भी है.

**(लेखक वरिष्ट पत्रकार और स्तंभकार हैं)**

## मंथन

# अवैध खननः कब थमेगा मौत का यह सिलसिला

रामगढ़ के कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत महुआ टुंगरी में जो बड़ा हादसा हुआ, वह एक बार फिर यह स्पष्ट करता है कि राज्य में अवैध कोयला खनन केवल पर्यावरण या राजस्व की समस्या नहीं, बल्कि सीधी मानवीय त्रासदी बन चुकी है. सुबह 6 बजे जब ग्रामीण अवैध खनन के लिए उतरे और चाल धंसने से चार लोगों की मौत हो गई, तो यह सिर्फ एक आकस्मिक दुर्घटना नहीं थी-यह सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी और प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम था. स्थानीय लोगों का आक्रोश जायज है. सीसीएल प्रबंधन पर आरोप है कि जिस खदान क्षेत्र में लोग बेरोक-टोक प्रवेश कर रहे थे, वहां न तो बाउंड्री वॉल थी और न ही कोई सुरक्षात्मक घेराबंदी. यह डीजीएमएस के सुरक्षा मानकों का खुला उल्लंघन है, और इसके लिए जवाबदेही तय होनी ही चाहिए. यह विडंबना ही है कि जिस कंपनी को खनन क्षेत्र की निगरानी करनी थी, वही सबसे बड़ी चुप्पी साधे बैठी है. दूसरी ओर, जिला प्रशासन हादसे के बाद हरकत में आता दिख रहा है- मुआवजे पर विचार और जांच की बातें हो रही हैं, लेकिन यह रवैया पीड़ितों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है. सवाल यह है कि जब यह क्षेत्र अवैध खनन के लिए बदनाम है, तो रोकथाम के उपाय पहले क्यों नहीं किए गए? अब समय आ गया है कि प्रशासन और खनन कंपनियां इस संकट को महज 'हादसा' मानने की मानसिकता से बाहर निकलें. यह ज़रूरी है कि दोषियों पर कार्रवाई हो, खदानों की घेराबंदी सुनिश्चित हो और वैकल्पिक आजीविका के लिए ग्रामीणों को योजना से जोड़ा जाए. वरना यह मौत का सिलसिला यूं ही चलता रहेगा.

## नजरिया

# नेतरहाट विद्यालय की गिरती साख की जवाबदेही तय हो

राज्य के सबसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान नेतरहाट आवासीय विद्यालय का शैक्षणिक स्तर हाल के वर्षों में जिस तरह से गिरा है, वह केवल चिंता का विषय नहीं, बल्कि राज्य की शैक्षिक नीति पर सवालिया निशान है. सीबीएसई परीक्षा में इस वर्ष 5 छात्रों का फेल होना और नामांकन में लगातार गिरावट इसका स्पष्ट संकेत है. विद्यालय समिति की बैठक में स्कूली शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन द्वारा जताई गई चिंता उचित है. खासतौर पर यह तथ्य कि 42 स्वीकृत शिक्षकों के पदों में से केवल 18 पद भरे हैं, गंभीर है. यह संस्थान किसी सामान्य स्कूल जैसा नहीं, बल्कि झारखंड की शैक्षणिक पहचान का प्रतीक है. ऐसे में स्टाफ की कमी कार्यक्षमता नहीं, बल्कि शासन पर भी सवाल खड़े करती है. पूर्व छात्रों की सहायता लेने और अध्ययन मूल्यांकन के लिए समिति गठित करने का निर्णय स्वागतयोग्य है, लेकिन ये अस्थायी समाधान है. स्थायी हल के लिए रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति, शिक्षक प्रशिक्षण और छात्रों की शैक्षणिक जरूरतों की समुचित पूर्ति अनिवार्य है. आश्रम व्यवस्था को फिर से सख्ती से लागू करना, डीएमएफटी फंड से आधारभूत सुविधाओं का उन्नयन और शिक्षकों की जवाबदेही तय करना जरूरी कदम हैं. नेतरहाट जैसे संस्थानों को सिर्फ नतीजों के आंकड़ों से नहीं, बल्कि उसकी शिक्षा की गुणवत्ता और अनुशासन से आंका जाना चाहिए. सरकार को इसे मिशन के रूप में लेना होगा-वरना यह गौरवशाली संस्था केवल अतीत की बात बनकर रह जाएगी.

## आज का इतिहास

**1456:** जॉन ऑफ आर्क को उनकी मृत्यु के 25 साल बाद दोषमुक्त करार दिया गया.
**1656:** सिखों के आठवें गुरु हर किशन का जन्म.
**1758:** त्रावणकोर के निर्माता मार्तंड वर्मा का निधन.
1912: अमेरिकी खिलाड़ी जिम थोर्पे ने स्टॉकहोम ओलपिंक में 4 स्वर्ण जीता.
**1928:** स्लाइस्ड ब्रेड की पहली बार बिक्री हुई. ये मशीन से काट कर तैयार की गई.
**1930:** ब्रिटिश लेखक आर्थर कॉनन का निधन.
**1948:** बहुउद्देश्यीय परियोजना के लिए दामोदर घाटी निगम की स्थापना.
**1978:** सोलोमन द्वीप ने यूनाइटेड किंगडम से अपनी आजादी का ऐलान किया.
**1985:** महज 17 साल की उम्र में बोरिस बेकर ने विम्बलडन जीता.
**1981:** क्रिकेट के सफलतम खिलाड़ियों में शुमार महेंद्र सिंह धौनी का जन्म.
**1999:** परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा देश की रक्षा करते हुए शहीद हो गए.

## कटु अनुभवों को पीछे छोड़ कर आगे बढ़ना ही श्रेयस्कर

**चिंतन**

एक कालेज स्टूडेंट था रवि. वह चुपचाप रहता था. किसी से ज्यादा बात नहीं करता था इसलिए उसका कोई दोस्त भी नहीं था. वह हमेशा परेशान सा रहता. पर लोग उस पर ध्यान नहीं देते. एक दिन वह क्लास में था. उसे गुमसुम देख कर सर उसके पास आए और क्लास के बाद मिलने को कहा. क्लास खत्म होते ही रवि सर के रूम में पहुंचा. रवि मैं देखता हूं कि तुम बड़े गुमसुम रहते हो, न किसी से बात करते हो और न ही किसी चीज में रुचि दिखाते हो! इसका क्या कारण है? सर ने पुछा.


रवि बोला, सर, मेरा पास्ट बहुत ही खराब रहा है, मेरी लाइफ में बड़ी दुखदायी घटनाएं हुई हैं, मैं उन्ही को सोच कर परेशान रहता हूं. सर ने ध्यान से रवि की बातें सुनी और उसे संडे को घर पे बुलाया. रवि नियत समय पर सर के घर पहुंच गया. रवि क्या तुम शिकंजी पीना पसंद करोगे? सर ने पूछा.जी, रवि ने कहा. सर ने शिकंजी बनाते वक्त जानबूझ कर नमक अधिक डाल दिया और चीनी की मात्रा कम ही रखी. शिकंजी का घूंट पीते ही रवि ने अजीब सा मुंह बना लिया. सर ने पूछा, क्या हुआ तुम्हे ये पसंद नहीं क्या? जी, वो इसमें नमक अधिक है. रवि ने कहा, तो सर ने कहा, ओह मैं इसे फेंक देता हूं, अब ये किसी काम की नहीं. सर गिलास उठा ही रहे थे कि रवि ने रोकते हुए कहा, सर नमक ज्यादा हो गया है तो क्या, हम इसमें थोड़ी और चीनी मिला दें तो ये बिलकुल ठीक हो जाएगा. बिलकुल ठीक, रवि यही तो मैं तुमसे सुनना चाहता था. अब इसको तुम अपनी लाइफ से कम्पेयर करो, शिकंजी में नमक ज्यादा होना लाइफ में हमारे साथ हुए बुरे अनुभव की तरह है. अब इसको समझो, शिकंजी का स्वाद ठीक करने के लिए हम नमक नहीं निकाल सकते, इसी तरह हम अपने साथ हो चुकी घटनाओं को जीवन से अलग नहीं कर सकते, पर जैसे हम चीनी डाल कर शिकंजी का स्वाद ठीक कर सकते हैं,उसी तरह पुरानी कड़वाहट मिटाने के लिए लाइफ में भी अच्छे अनुभवों की मिठास घोलनी पड़ती है. यदि तुम अपने भूत का ही रोना रोते रहोगे तो न तुम्हारा वर्तमान सही होगा और न ही भविष्य. सर ने बात पूरी की. रवि को अब अपनी गलती का एहसास हो चुका था, उसने मन ही मन एक बार फिर अपने जीवन को सही दिशा देने का प्रण लिया.

## इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. श्यामा प्रसाद मुखर्जी
2. #KFIcriminalDarshan
3. भारतीय जनसंघ
4. #TollywoodUnderDBossFoot
5. #4thFoundationDayMinOfCoop
6. #DalaiLama90
7. #BenefitsOfMeditation
8. SANATANI PUSHKAR SINGH DHAMI
9. बाबू जगजीवन राम
10. Vrat Mahima

# बहुरंग




### सितारे ज़मीन पर का बॉक्स ऑफिस पर दबदबा कायम


आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर' को रिलीज़ हुए 15 दिन पूरे हो चुके हैं. 20 जून को सिनेमाघरों में आई इस फिल्म ने पहले दिन से ही दर्शकों का दिल जीत लिया और बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है. काजोल की फिल्म 'मां' के सिनेमाघरों में दस्तक देने के बावजूद 'सितारे जमीन पर' अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए है.

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर' ने अपनी रिलीज के 15वें दिन, यानी दूसरे शुक्रवार को 2.50 करोड़ रुपये की कमाई की. इसके साथ ही भारत में इस फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 137.90 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है. 90 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म ने विदेशों में भी शानदार प्रदर्शन किया है. दुनियाभर में इसकी कुल कमाई अब तक 214.5 करोड़ रुपये हो चुकी है, जिससे यह साफ है कि फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है.

'सितारे जमीन पर' में पहली बार आमिर खान और जेनेलिया डिसूजा की जोड़ी सिल्वर स्क्रीन पर नजर आई है. फिल्म में जेनेलिया ने आमिर की पत्नी सुनीता की भूमिका निभाई है, जबकि आमिर एक बदनाम बास्केट बॉल कोच गुलशन के किरदार में दिखाई दे रहे हैं. इस फिल्म की कहानी डाउन सिंड्रोम पर आधारित है और इसे आरएस प्रसन्ना ने निर्देशित किया है. आमिर खान ने इस प्रोजेक्ट को अपनी पूर्व पत्नी किरण राव के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है.

## अनुराग बसु ने तोड़ी चुप्पी, कार्तिक और श्रीलीला की जोड़ी पर कर दिया खुलासा

मशहूर फिल्ममेकर अनुराग बसु इन दिनों अपनी हालिया रिलीज़ फिल्म 'मेट्रो... इन दिनों' को लेकर चर्चा में हैं, जो 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई थी. इस फिल्म को लेकर दर्शकों और समीक्षकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है. अब अनुराग बसु अपनी अगली फिल्म की तैयारी में जुट चुके हैं. इस नई फिल्म में लीड रोल निभा रहे हैं कार्तिक आर्यन, जिनकी जोड़ी इस बार साउथ की पॉपुलर एक्ट्रेस श्रीलीला के साथ बनी है. श्रीलीला हाल ही में 'पुष्पा 2' के गाने 'किसिक' में नजर आई थीं और उन्होंने अपने डांस और अंदाज से सभी का दिल जीत लिया था. फिल्म को लेकर अनुराग बसु ने हाल ही में एक बड़ा अपडेट शेयर किया है, जिससे फैंस के बीच उत्साह और भी बढ़ गया है.



एक खास बातचीत में निर्देशक अनुराग बसु ने अपनी आगामी फिल्म को लेकर अहम जानकारी शेयर की. उन्होंने बताया कि वह बहुत जल्द कार्तिक आर्यन और श्रीलीला के साथ दोबारा शूटिंग शुरू करने वाले हैं. अनुराग ने कहा, फिल्म का आधा हिस्सा पहले ही शूट किया जा चुका है और बाकी का काम जल्द पूरा किया जाएगा. हम आने वाले दिनों में शूटिंग फिर से शुरू करेंगे और उम्मीद है कि एक महीने के भीतर फिल्म की शूटिंग पूरी हो जाएगी. अभी मेरा पूरा फोकस इस प्रोजेक्ट को बेहतरीन तरीके से पूरा करने पर है. बहुत जल्द हम फिल्म का टाइटल और रिलीज डेट भी अनाउंस करेंगे. यह फिल्म एक म्यूजिकल लव स्टोरी होगी, जिसका म्यूजिक मशहूर संगीतकार प्रीतम ने तैयार किया है. फिल्म को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं कि यह लोकप्रिय फ्रेंचाइजी 'आशिकी' का तीसरा भाग यानी 'आशिकी 3' हो सकती है. हालांकि, फिलहाल निर्माताओं की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है. इस रोमांटिक फिल्म में पहली बार कार्तिक आर्यन और श्रीलीला की जोड़ी बड़े पर्दे पर नजर आएगी. खास बात यह है कि इसी फिल्म के जरिए श्रीलीला बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर रही हैं. फिल्म इस साल दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी.

## हॉलीवुड अभिनेता जूलियन मैकमोहन का निधन



हॉलीवुड से बेहद दुखद खबर सामने आई है. मशहूर अभिनेता जूलियन मैकमोहन का 56 साल की उम्र में निधन हो गया है. उन्हें फैंटास्टिक फोर जैसी लोकप्रिय फिल्मों में शानदार अभिनय के लिए जाना जाता था. जूलियन पिछले कुछ समय से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे.

उनके निधन की खबर से फिल्म इंडस्ट्री और उनके चाहने वालों में शोक की लहर दौड़ गई है. जूलियन मैकमोहन की पत्नी कैली मैकमोहन ने उनके निधन की खबर की पुष्टि की है. उन्होंने कहा, ₹कैंसर के खिलाफ एक बहादुर और लंबी लड़ाई के बाद जूलियन ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया. वह अपने जीवन, अपने काम, अपने प्रशंसकों और सबसे बढ़कर अपने परिवार से बेहद प्यार करते थे. हम इस कठिन समय में आपसे हमारी निजता का सम्मान करने की विनती करते हैं. जूलियन को चाहने वाले सभी लोगों से हमारा आग्रह है कि वे जीवन में उसी तरह खुश रहें, जैसे जूलियन हमेशा जिया करते थे.₹ इस बयान ने उनके प्रशंसकों और साथियों की आंखें नम कर दी हैं. जूलियन की यादें और उनका जिंदादिल स्वभाव हमेशा लोगों के दिलों में ज़िंदा रहेगा.मैकमोहन न सिर्फ बेहतरीन अभिनेता थे बल्कि प्रभावशाली विरासत से भी जुड़े थे. वह ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री विलियम मैकमोहन के बेटे थे. अपने करियर की शुरुआत उन्होंने मॉडलिंग से की और जल्द ही टीवी की ओर रुख किया. जूलियन की पहली फिल्म 'वेड एंड वाइल्ड समर' थी, जिसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा. उन्होंने अदर वर्ल्ड, चार्म्ड, एनअदर डे, प्रिजनर, फायर विद फायर जैसी कई यादगार फिल्मों और सीरीज़ में काम किया. लेकिन उन्हें असली वैश्विक पहचान साल 2005 में फिल्म 'फैंटास्टिक फोर' से मिली, जिसमें उन्होंने मशहूर किरदार विक्टर वॉन डूम की भूमिका निभाई थी.

**बॉक्स ऑफिस रिव्यू**

## मेट्रो... इन दिनों की कमाई आई सामने



सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर स्टारर फिल्म मेट्रो... इन दिनों' शुक्रवार को रिलीज हो गई. अनुराग बसु द्वारा निर्देशित इस मल्टी-स्टारर फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं. हालांकि फिल्म में फातिमा सना शेख, अली फज़ल, नीना गुप्ता, कोंकणा सेन शर्मा, पंकज त्रिपाठी और अनुपम खेर जैसे दमदार कलाकार हैं, लेकिन पहले दिन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन से साफ है कि फिल्म को ओपनिंग में खास फायदा नहीं मिला. रोमांस और इमोशंस से भरपूर यह म्यूज़िकल ड्रामा एक साथ कई कहानियों को पर्दे पर बुनने की कोशिश करता है, मगर बड़े नामों के बावजूद, शुरुआती आंकड़े उम्मीद से कम नजर आ रहे हैं. 'मेट्रो... इन दिनों' की पहले दिन की कमाईबॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के अनुसार, 'मेट्रो... इन दिनों' ने रिलीज़ के पहले दिन यानी शुक्रवार को करीब 3.35 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया. फिल्म का अनुमानित बजट 85 करोड़ रुपये बताया जा रहा है, ऐसे में पहले दिन की कमाई को औसत ही माना जा रहा है. कई सितारों से सजी और अनुराग बसु जैसे अनुभवी निर्देशक की यह रोमांटिक म्यूज़िकल फिल्म दर्शकों से भावनात्मक जुड़ाव बनाने की कोशिश करती है, लेकिन ओपनिंग कलेक्शन उम्मीद से कुछ कम रहा. अब सभी की नजरें वीकेंड पर टिकी हैं, अगर वर्ड ऑफ माउथ पॉजिटिव रहा, तो फिल्म को उछाल मिल सकता है.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर
8210075897

**मेष :** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे. सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी. आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी. यात्रा शुभ रहेगी. माता पक्ष से विशेष लाभ. कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी. चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी. शुभांक-2-4-5

**वृष :** विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगे. स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा. लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं. मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा. समय पक्ष का बना रहेगा. कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी. लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे. शुभांक-2-3-7

**मिथुन :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी. शुभांक-2-3-5

**कर्क :** अपने काम को प्राथमिकता से करें. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ होंगे. कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं. कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. पुराने मित्र से मिलन होगा. स्वविवेक से कार्य करें. आत्मविश्वास बढ़ेगा. शुभांक-3-4-6

**सिंह :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी. अपने काम पर ध्यान दीजिए. शुभांक-1-3-4

**कन्या :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा. समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. इच्छित कार्य सफल होंगे. शुभांक-2-5-7

**तुला :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी. ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. पुराने मित्र मिलेगें. शुभांक-3-6-8

**वृश्चिक :** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे. भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. मेलजोल से काम बनाने की कोशिश सफल होगी. शुभांक-3-6-7

**धनु :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें. किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है. धार्मिक कार्यों में समय और धन व्यय होगा. कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है. इच्छित कार्य सफल होंगे. शुभांक-2-4-6

**मकर :** यात्रा शुभ रहेगी. अपने काम पर पैनी नजर रखिए. विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगे. अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. अपने काम को प्राथमिकता से करें. आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी. अपने काम पर ध्यान दीजिए. शुभांक-4-5-6

**कुंभ :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी. लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. इच्छित कार्य सफल होंगें. शुभांक-3-6-7

**मीन :** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी. महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्घ होगा. भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. इच्छित कार्य सफल होंगे. आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी. शुभांक-1-3-5

## ब्रीफ न्यूज

### साइबर ठगों ने दो लोगों से ठग लिये लाखों रुपये

**मुजफ्फरपुर।** सकरा थाना क्षेत्र की गंज गौरिहार निवासी सुरैया परवीन को साइबर अपराधियों ने शेयर बाजार और बिटकॉइन में निवेश के नाम पर 1.37 लाख रुपये की चपत लगा दी. सुरैया को 6 जून को व्हाट्सएप पर एक लिंक मिला, जिसमें एक ट्रेडिंग ऐप से जुड़ने पर तीन गुना मुनाफे का दावा किया गया था. शुरुआत में उन्होंने 3000 रुपये निवेश किए. इसके बाद ₹स्लॉट फुल₹ होने का हवाला देकर उनसे 8000 और फिर 5000 रुपये मांगे गए. इसी तरह मुनाफे का झांसा देकर कुल 17 बार में 1.37 लाख रुपये वसूले गए. जब उन्हें ठगी का एहसास हुआ तो उन्होंने राष्ट्रीय साइबर पोर्टल पर शिकायत की.

### अपराधियों ने दुकानदार की गला रेत कर हत्या कर दी

**मोतीहारी।** अपराधियों ने एक दुकानदार की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी. यह घटना उस समय हुई जब वह अपने दुकान में सो रहा था. सुबह होते ही जैसे ही लोगों को घटना की जानकारी मिली पूरे गांव में सनसनी फैल गई. मृतक की पहचान विश्वनाथ सिंह के रूप में की गई है. जानकारी के अनुसार विश्वनाथ दुकान में सोये हुए थे. तभी बीते देर रात अपराधी आए और धारदार हथियार से उनका गल रेत दिया. सुबह लोग जब दुकान पहुंचे तो खून से लथपथ शव देखकर चौक गए. जिसके बाद स्थानीय पुलिस को भी घटना की सूचना दी गई.

### हाईटेंशन तार की चपेट में आने से युवक की मौत

**दरभंगा।** तारडीह प्रखंड के ककोढ़ा गांव में मुहर्रम के दौरान आयोजित चौकी मिलान कार्यक्रम में एक दर्दनाक हादसा हुआ. हाईटेंशन तार की चपेट में आने से ककोढ़ा निवासी मो. मिराज की मौत हो गई, जबकि 50 से अधिक लोग झुलस गए. मृतक युवक की पहचान स्थानीय निवासी के रूप में हुई है. हादसा तब हुआ जब ताजिया जुलूस गांव के रास्ते से गुजर रहा था और सड़क के ऊपर से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के हाई वोल्टेज तार से अचानक चौकी टकरा गई. इससे करंट फैल गया, जो जुलूस में लोगों को भी झुलसा गया. घायलों को डीएमसीएच लाया गया.

## जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पर खुलासा

# दिलीप जायसवाल पर लगाया ट्रस्ट घोटाले व हत्या का आरोप

शुभम संदेश। पटना



बिहार की राजनीति में उस वक्त भूचाल आ गया जब जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर (पीके) ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल पर गंभीर और सनसनीखेज आरोप लगाए. पीके के साथ जन सुराज अध्यक्ष उदय सिंह और 'गुदड़ी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज' के संस्थापक के परिजन भी इस दौरान मौजूद थे. उन्होंने इस मामले को सत्ता, पैसे और सिस्टम के भ्रष्ट गठजोड़ का जीता-जागता उदाहरण बताया.

प्रेस वार्ता में उदय सिंह ने कहा कि किशनगंज स्थित गुदड़ी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज पर दिलीप जायसवाल ने अपनी राजनीतिक ताकत और आर्थिक प्रभाव का इस्तेमाल कर कब्जा कर लिया है. उन्होंने दावा किया कि कॉलेज के असली संस्थापक स्वर्गीय मल्लेश्वर सिंह थे, जिन्होंने इसे समाज सवा के उद्देश्य से शुरू किया था. लेकिन एक गहरी साजिश के तहत उनके परिवार को ट्रस्ट से बाहर कर दिया गया और कॉलेज पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया. मल्लेश्वर सिंह के बेटे गुरुदयाल सिंह और बेटी अमजद खैर ने मीडिया के सामने आकर अपना दर्द बयां किया. उन्होंने आरोप लगाया कि जायसवाल ने इस कॉलेज से अरबों रुपये की कमाई की और अब वह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठे हैं. उन्होंने यहां तक कहा कि उन्हें अपनी जान का खतरा है और इसलिए उन्होंने सीबीआई जांच की मांग की है. प्रशांत किशोर ने और भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कॉलेज एक सिख अल्पसंख्यक ट्रस्ट द्वारा स्थापित किया गया था, जिसके ट्रस्टी करतार सिंह और उनकी मां थीं. पीके का दावा है कि करतार सिंह को फर्जी मामलों में फंसाकर जेल भेजा गया, जिससे भयभीत होकर वे देश छोड़कर चले गए. उनकी मां की भी संदिग्ध परिस्थिति में मृत्यु हो गई.

पीके ने यह भी खुलासा किया कि दिलीप जायसवाल ने अपने परिजनों को ट्रस्ट में शामिल कर लिया. उन्होंने कहा कि जब राजेश शाह नाम के व्यक्ति ने इस मुद्दे को उठाया, तो उसकी हत्या कर दी गई. इस हत्या के मामले में दिलीप जायसवाल पर एफआईआर दर्ज है, लेकिन अब तक उन्हें कोई सजा नहीं मिली है. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जिन पुलिस अधिकारियों ने जायसवाल को क्लीन चिट दी, उनके परिवार के सदस्य भी इसी कॉलेज से मेडिकल डिग्री प्राप्त कर चुके हैं. प्रशांत किशोर ने मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दिलीप जायसवाल को तत्काल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले दिनों में इस मामले से जुड़ा एक और बड़ा खुलासा किया जाएगा. चुनावी माहौल में इस तरह के आरोपों से बिहार की राजनीति में हलचल मच गई है और यह देखना दिलचस्प होगा कि आगे इस मामले में क्या मोड़ आता है.

### चालक के बैंक खाते से 2.76 लाख की साइबर चोरी

**मुंगेर।** एक ई-रिक्शा चालक राजकुमार का मोबाइल बाज़ार में कहीं गिर गया और उसी के साथ उसका बैंक खाता साइबर ठगों के हाथों लुट गया. राजकुमार के यूनियन बैंक और एसबीआई खातों से कुल 2.76 लाख रुपये ऑनलाइन धोखाधड़ी के जरिए गायब हो गए. मोबाइल के साथ ओटीपी भी ठगों के हाथ लग गया, जिससे वे बिना किसी रुकावट के रकम निकाल गए. जब राजकुमार बैंक पहुंचा, तो उसने देखा कि उसके खाते पूरी तरह खाली हो चुके हैं. साइबर थाना मुंगेर ने तेज़ी दिखाते हुए मामले को गंभीरता से लिया. डीएसपी सिया भारती ने बताया कि राजकुमार के 1930 नंबर पर शिकायत दर्ज कराने के तुरंत बाद पुलिस ने 1.76 लाख रुपये होल्ड करवाने में सफलता पाई. इस रकम के वापस मिलने की संभावना बनी हुई है, लेकिन 1 लाख रुपये की चोरी को लेकर अभी चिंता बनी हुई है. फिलहाल साइबर पुलिस अपराधियों की तलाश में जुट गई है.

### गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा, बाढ़ का खतरा

**पटना।** बिहार में गंगा नदी का जलस्तर पिछले साल की तुलना में काफी तेजी से बढ़ रहा है, जिससे कई जिलों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है. गंगा नदी इस समय पिछले वर्ष से लगभग पांच मीटर ऊपर बह रही है, जबकि पटना में इसका जलस्तर दो मीटर से अधिक बढ़ चुका है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर जल संसाधन विभाग ने गंगा और राज्य की अन्य प्रमुख नदियों के लिए हाई अलर्ट जारी किया है. विशेषज्ञों के अनुसार, पटना में गंगा का जलस्तर हर घंटे दो सेंटीमीटर से अधिक की दर से बढ़ रहा है.

### मुंगेर से भागलपुर तक बनेगी सौ किमी फोरलेन

**पटना।** बिहार में गंगा नदी के किनारे एक और भव्य मरीन ड्राइव बनने जा रहा है. यह एलिवेटेड फोरलेन सड़क मुंगेर से भागलपुर तक करीब 100 किलोमीटर लंबी होगी, जिसकी अनुमानित लागत 10 हजार करोड़ रुपये है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर पथ निर्माण विभाग ने इस परियोजना की तैयारी शुरू कर दी है. राज्य कैबिनेट की स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा. पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि यह परियोजना हाइब्रिड एन्यूटि मॉडल (हैम) के तहत बनेगी, जिसमें निर्माण एजेंसी 60% और राज्य सरकार 40% लागत वहन करेगी.

## चिराग ने उद्धव और राज ठाकरे के एक साथ आने पर कहा

# यह अवसरवाद की राजनीति है

शुभम संदेश। हाजीपुर



हाजीपुर की जमीन से एक बार फिर चिराग पासवान ने महाराष्ट्र और बिहार की राजनीति पर तीखे तेवर दिखाए. महाराष्ट्र में हालिया राजनीतिक समीकरणों को लेकर उन्होंने उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के एक मंच पर आने को ₹राजनीतिक स्वार्थ₹ और विरासत बचाने की मजबूरी₹ बताया. चिराग ने कहा, ₹यह गठबंधन भाषा, संस्कृति या विचारधारा के आधार पर नहीं, बल्कि अपनी-अपनी राजनीतिक जमीन खिसकने के डर से किया गया है. चिराग का आरोप था कि दोनों नेता बाला साहब ठाकरे की विरासत को अब तक संभाल नहीं पाए हैं और अब महज एक मंच पर आकर सत्ता में हिस्सेदारी की तलाश कर रहे हैं. उन्होंने साफ कहा, ₹मतभेद भुलाए जा सकते हैं, लेकिन मनभेद अभी भी जिंदा हैं. सिर्फ एक तस्वीर खिंचवाने से एकता साबित नहीं होती.₹ इसे उन्होंने अवसरवाद की राजनीति करार दिया.

बिहार में 9 जुलाई को विपक्ष द्वारा बुलाए गए बंद पर भी चिराग ने कड़ी प्रतिक्रिया दी. उन्होंने विपक्षी दलों पर चुनाव आयोग की प्रक्रिया में सहयोग न करने और बाद में उस पर आरोप मढ़ने का आरोप लगाया. चिराग ने कहा, ₹जब चुनाव आयोग लोगों को आमंत्रित करता है, तब ये विपक्षी दल गायब रहते हैं, लेकिन बाद में जनता को भ्रमित करते हैं.₹ उन्होंने विपक्ष से अपील की कि वे राजनीतिक हंगामे के बजाय वोटर लिस्ट सुधार में आम लोगों की मदद करें.चिराग ने यह भी बताया कि उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया है कि वे मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन या अन्य दिक्कतों में जनता की पूरी मदद करें. इस दौरान उन्होंने पटना के पॉश इलाके में एक कारोबारी की हत्या का मुद्दा उठाते हुए नीतीश सरकार की कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े किए. कहा, जहां से थाना सौ मीटर की दूरी पर हो, अधिकारियों के आवास हों, वहां खुलेआम हत्या होना लॉ एंड ऑर्डर की विफलता नहीं तो क्या है? चिराग का ये बयान यह संकेत देते हैं कि वे सत्ता और विपक्ष दोनों के लिए एक सख्त आवाज बन चुके हैं.

## न्यूज अपडेट

### शुरू होगी 51 शहरी पीएचसी में पॉलीक्लीनिक

**पटना।** बिहार सरकार ने राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर और अधिक सुलभ बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है. राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के तहत लोक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के माध्यम से 19 जिलों के 51 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पॉलीक्लीनिक शुरू करने का निर्णय लिया गया है. इसके लिए राज्य स्वास्थ्य समिति ने एजेंसी का चयन कर लिया है और जल्द ही मरीजों को इन केंद्रों में उन्नत चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी. गया, पटना, नालंदा, रोहतास, दरभंगा, भागलपुर, मुंगेर, पूर्णिया, कटिहार, पूर्वी व पश्चिमी चंपारण, मुजफ्फरपुर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान, सारण और सहरसा जैसे प्रमुख जिलों को प्राथमिकता दी गई है. इन पॉलीक्लीनिक में मरीजों को सामान्य उपचार के साथ विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह, आधुनिक डायग्नोस्टिक सुविधाएं, मुफ्त पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी सेवाएं भी दी जाएंगी. राज्य स्वास्थ्य समिति ने जिला सिविल सर्जनों को निर्देश दिया है कि वे चयनित एजेंसी के साथ मिलकर बिना किसी अतिरिक्त समझौते के तत्काल काम शुरू करें.

### तेज रफ्तार पिकअप वैन बाइक सवार को रौंदा, मौत

**छपरा।** फोरलेन पर सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई. तेज रफ्तार से आ रही मुर्गी लदी पिकअप वैन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. मृतक की पहचान रिविलगंज थाना क्षेत्र के मुकरेरा गांव निवासी युवक के रूप में हुई है. घटना के तुरंत बाद वहां हंगामा मच गया. स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मुफस्सिल थानेदार मनोज कुमार प्रभाकर पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया. बताया जा रहा है कि पिकअप वैन का ड्राइवर तेज गति में वाहन पर नियंत्रण खो बैठा था, जिससे यह हादसा हुआ. पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है. पिकअप वैन को जब्त कर लिया गया है, लेकिन चालक मौके से फरार है. हादसे की सूचना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ताकि जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार किया जा सके.

### एनएच पर सड़क हादसे में युवक की मौत, दो घायल

**वैशाली।** हाजीपुर-मुजफ्फरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-22 पर सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. यह हादसा काजीपुर थाना क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप के पास हुआ. टक्कर इतनी भयंकर थी कि एक बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई. दूसरी बाइक पर सवार सुबोध चौधरी और धर्मेंद्र चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और पुलिस को तुरंत खबर दी. काजीपुर पुलिस ने तुरंत पहुंचकर घायलों को सदर अस्पताल इलाज के लिए भेजा, जहां डॉक्टरों ने मृतक को मृत घोषित कर दिया. मृतक की पहचान मधुबनी जिले के रहने वाले युवक के रूप में हुई है. पुलिस ने उनके परिवार को हादसे की जानकारी दे दी है. घायलों सुबोध और धर्मेंद्र चौधरी के परिवार ने बताया कि वे पानापुर लंका से लालगंज लड़का देखने जा रहे थे. लेकिन यह हादसा उनकी ज़िंदगी बदल कर रख दी. दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज सदर अस्पताल में जारी है. इस दुर्घटना ने उनके गांव में मातम का माहौल बना दिया है. पुलिस हादसे की जांच कर रही है.

### विवाहिता की हत्या, शव गली-सड़ी अवस्था में मिला

**नवादा।** कादिरगंज थाना क्षेत्र के लोहरपुरा गांव में दहेज की मांग को लेकर कोमल कुमारी की ससुराल वालों ने हत्या कर दी. शादी के बाद से ही कोमल के ससुराल वाले 5 लाख रुपये और बाइक की मांग करते रहे. जब मांग पूरी नहीं हुई तो वे कोमल को मायके छोड़ देते और फिर आश्वासन देकर वापस ले जाते थे. इस बीच कोमल को बार-बार प्रताड़ित किया गया. कुछ समय बाद कोमल का शव दरियापुर के पास नदी से गली-सड़ी अवस्था में बरामद हुआ. परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है. पुलिस ने मृतका के पति कुंदन कुमार, देवर और सास को हिरासत में ले लिया है. पोस्टमार्टम के लिए शव को नवादा की बजाय बेहतर सुविधा के लिए पटना मेडिकल कॉलेज भेजा गया है. परिवार और पुलिस दोनों इस हत्या की गहराई से जांच कर रहे हैं ताकि दोषियों को न्याय दिलाया जा सके. यह घटना दहेज प्रथा की कुप्रथा और महिला सुरक्षा के लिए चिंता का विषय बनी हुई है.

## कारोबार

### भारत तेज़ी से बन रहा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

**नयी दिल्ली।** भारत तेजी से विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है और अब दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में मजबूत कदम रख चुका है. फिलहाल भारत चौथे पायदान पर पहुंच चुका है और यदि यही गति बनी रही, तो आने वाले चार वर्षों में यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है. वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रही है, जो वैश्विक स्तर पर बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है. इस अवधि में भारत का कुल निर्यात 6.01 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 824.9 बिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है, जबकि पिछले वर्ष यह 778.1 बिलियन डॉलर था. यह आर्थिक आंकड़े भारत की मजबूत और आत्मविश्वासी अर्थव्यवस्था को दर्शाते हैं. भारतीय रिजर्व बैंक का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025-26 में विकास दर करीब 6.5 प्रतिशत बनी रहेगी. वहीं, संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि भारत की विकास दर 2025 में 6.3 प्रतिशत और 2026 में 6.4 प्रतिशत रहने की संभावना है.

### सेबी की कार्रवाई से भारतीय शेयर बाजार में भारी उथल-पुथल

**नयी दिल्ली।** सेबी ने अमेरिकी ट्रेडिंग फर्म जेन स्ट्रीट और उसकी सहयोगी कंपनियों पर बैंक निफ्टी इंडेक्स ऑप्शंस और संबंधित स्टॉक्स में हेरफेर करने का आरोप लगाते हुए 4,844 करोड़ रुपये की अवैध कमाई लौटाने का आदेश दिया है. हालांकि कार्रवाई सीधे तौर पर जेन स्ट्रीट पर केंद्रित थी, लेकिन इसका प्रभाव इसके भारतीय साझेदारों और पूरे डेरिवेटिव्स मार्केट पर पड़ा. इसका सबसे बड़ा नुकसान नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट को हुआ, जिसके शेयर एक ही दिन में 11.26% गिर गए. सेबी की जांच में नुवामा पर कोई दोष नहीं पाया गया, लेकिन जेन स्ट्रीट जैसे प्रमुख क्लाइंट के संभावित बाहर होने की आशंका ने निवेशकों को डरा दिया. अन्य कंपनियों पर भी असर पड़ा.

## भारत 10.2 मिलियन टन मछली उत्पादन कर दूसरा स्थाने पर

# वाइल्ड कैच नहीं, एक्वाकल्चर है भविष्य

एजेंसी। नयी दिल्ली



भारत में अब मछलियों के शिकार के लिए समुद्र, नदियों या अन्य जल स्रोतों पर निर्भरता तेजी से कम हो रही है. इसके स्थान पर मछली पालन यानी एक्वाकल्चर ने मजबूत पकड़ बना ली है. साल 2022 के आंकड़े इस बदलाव की स्पष्ट गवाही देते हैं. यह पहली बार हुआ है जब देश में फार्म की गई मछलियों का उत्पादन समुद्र या अन्य जलस्रोतों से पकड़ी गई मछलियों से अधिक रहा. इस बदलाव को न सिर्फ आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, बल्कि इसे प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम भी माना जा रहा है.

खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) की रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में वैश्विक स्तर पर कुल 94 मिलियन टन फार्म की गई जलीय जीवों का उत्पादन हुआ, जो कुल उत्पादन का 51% है. इस आंकड़े में भारत की भूमिका उल्लेखनीय रही है. भारत ने 10.2 मिलियन टन मछली उत्पादन कर चीन के बाद दूसरा स्थान हासिल किया. चीन इस सूची में 52.9 मिलियन टन के साथ पहले स्थान पर रहा. वहीं भारत में जंगली मछली उत्पादन केवल 5.3 मिलियन टन रहा. यह स्पष्ट करता है कि भारत में अब मछली पालन का क्षेत्र जंगली मछली पकड़ने की तुलना में लगभग दोगुना हो चुका है. भारत के अलावा अन्य एशियाई देशों ने भी एक्वाकल्चर में अच्छी प्रगति की है. उदाहरण के लिए, इंडोनेशिया ने 7.2 मिलियन टन एक्वाकल्चर और 7.3 मिलियन टन वाइल्ड कैच का उत्पादन किया. वियतनाम ने 4.5 मिलियन टन एक्वाकल्चर और 3.6 मिलियन टन वाइल्ड कैच, जबकि बांग्लादेश ने 2.7 मिलियन टन एक्वाकल्चर और 2.2 मिलियन टन वाइल्ड कैच दर्ज किया. दूसरी ओर, नॉर्वे जैसे देश अभी भी मुख्य रूप से वाइल्ड कैच पर निर्भर हैं. विशेषज्ञों का मानना है कि यह बदलाव वैश्विक खाद्य सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम है. बढ़ती जनसंख्या और सीमित प्राकृतिक संसाधनों के चलते अब दुनिया को ऐसी प्रणालियों की जरूरत है जो टिकाऊ और नियंत्रित हों. मछली पालन इन्हीं जरूरतों को पूरा करता है, क्योंकि इसमें पर्यावरणीय प्रभाव कम होता है और उत्पादन पर अधिक नियंत्रण होता है. इसके अलावा, यह छोटे और मध्यम स्तर के कारोबारियों को भी सशक्त बनाता है. भारत में मछली पालन का यह बढ़ता रुझान न सिर्फ देश की खाद्य सुरक्षा को मजबूत करता है, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा दे रहा है. इससे रोजगार के अवसर बढ़े हैं और निर्यात में भी वृद्धि हुई है. एक्वाकल्चर अब केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि मछली उत्पादन का भविष्य बनता जा रहा है. सरकार और निजी क्षेत्र के सहयोग से यह क्षेत्र आने वाले वर्षों में और अधिक मजबूती से उभर सकता है.

### भारतीय मिडिल क्लास ईएमआई के जाल में फंसती आर्थिक आज़ादी

भारत का मिडिल क्लास देश की आर्थिक रीढ़ माना जाता है, लेकिन आज यह वर्ग एक गहरे वित्तीय संकट की ओर बढ़ रहा है. इसका सबसे बड़ा कारण है – अत्यधिक कर्ज और ईएमआई पर बढ़ती निर्भरता. वेल्थ एडवाइजर तपस चक्रवर्ती ने इस स्थिति को लेकर लिंक्डइन पर एक विचारोत्तेजक पोस्ट साझा की है. उनके अनुसार, मिडिल क्लास महंगाई या टैक्स से उतना नहीं जूझ रहा, जितना कि ईएमआई के बोझ से. चक्रवर्ती लिखते हैं कि आम आदमी पहले कमाता है, फिर उधार लेता है और उसे चुकाता है – यही चक्र लगातार चलता रहता है. इस चक्र के कारण उनकी बचत नगण्य हो जाती है, और अगली जरूरत के लिए वे फिर कर्ज लेने को मजबूर हो जाते हैं. पहले ईएमआई का उपयोग केवल आवश्यक वस्तुओं के लिए होता था, लेकिन अब लगभग हर चीज – मोबाइल, फ्रिज, सोफा, एसी, फ्लाइट टिकट, यहां तक कि किराना सामान भी ईएमआई पर उपलब्ध है. आसानी से उपलब्ध लोन समस्या को और गहरा बना रही हैं. सिर्फ एक स्वाइप में लोन मिल जाना लोगों को उधार लेने का आदी बना रहा है.

### पेट्रोकैमिकल सेक्टर में आमने-सामने अंबानी-अडाणी

**नयी दिल्ली।** गुजरात में एशिया के दो सबसे बड़े कारोबारियों, मुकेश अंबानी और गौतम अडानी के बीच सीधी प्रतिस्पर्धा की शुरुआत होने जा रही है. अडानी ग्रुप अब रिलायंस इंडस्ट्रीज के गढ़ माने जाने वाले पेट्रोकैमिकल सेक्टर में कदम रख रहा है. जानकारी के मुताबिक, अडानी एंटरप्राइजेज गुजरात के मुंद्रा में 10 लाख टन सालाना क्षमता वाला एक बड़ा पीवीसी (पॉलिविनाइल क्लोराइड) प्लांट स्थापित कर रही है, जो 2027-28 तक चालू हो जाएगा. यह परियोजना अडानी ग्रुप की पहली बड़ी पहल होगी इस क्षेत्र में, जिसमें पीवीसी के साथ क्लोर-अल्कली, कैल्शियम कार्बाइड और एसिटिलीन इकाइयां भी शामिल होंगी. वर्तमान में भारत की पीवीसी मांग लगभग 40 लाख टन है, जबकि घरेलू उत्पादन सिर्फ 15.9 लाख टन है, जिसमें से आधी उत्पादन क्षमता अकेले रिलायंस के पास है. अडानी का यह कदम न केवल घरेलू उत्पादन बढ़ाने में मदद करेगा, बल्कि सीधे तौर पर रिलायंस के साथ प्रतिस्पर्धा भी स्थापित करेगा.

### क्रोमा की 'बैक टू कैंपस सेल' में लैपटॉप खरीदें

**नयी दिल्ली।** भारत का पहला और टाटा समूह का भरोसेमंद ओमनी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर, क्रोमा में शुरू हो रहा है 'बैक टू कैंपस' सेल. इस विशेष सेल में विद्यार्थियों और तकनीकी उपकरणों के शौकीनों के लिए लैपटॉप, टैबलेट, स्मार्टफोन व एक्सेसरीज़ पर शानदार छूट और आकर्षक ऑफर दिए जा रहे हैं. क्रोमा की इस सेल में मैकबुक एयर एम2 केवल 46,390 रुपये से शुरू है, जिसमें एक्सचेंज बोनस और 10,000 रुपये तक कैशबैक का लाभ मिल रहा है. वहीं सैमसंग गैलेक्सी टैब एस9 5जी 3,849 रुपये मासिक किस्त पर दिया जा रहा है. एआई विंडोज़ लैपटॉपः कीमत 55,990 रुपये से शुरू, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के साथ, 24 महीने तक की ज़ीरो-कॉस्ट ईएमआई और 10,000 रुपये तक का कैशबैक. झारखंड में इंटेल आई3 लैपटॉप 32,990 रुपये से शुरू है.

## बाजार | भारतीय एफएमसीजी उत्पादों की विदेशों में बढ़ रही है मांग

# बिस्किट, बेसन और शैंपू का भी हो रहा निर्यात

एजेंसी। नयी दिल्ली



भारत अब सिर्फ आईटी या स्मार्टफोन के लिए नहीं जाना जा रहा, बल्कि घरेलू उपयोग के सामान्य उत्पाद भी वैश्विक बाजार में जगह बना रहे हैं. स्मार्टफोन भले ही भारत का सबसे बड़ा निर्यात उत्पाद बन चुका है, लेकिन अब बिस्किट, नूडल्स, बेसन, शैम्पू, साबुन, पोहा और सरसों का तेल जैसे रोजमर्रा के उपभोग की वस्तुएं भी विदेशों में तेजी से बिक रही हैं. इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल), आईटीसी, मैरिको, डाबर, गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस जैसी बड़ी एफएमसीजी कंपनियों की विदेशी बाजारों से कमाई में तेजी से वृद्धि हो रही है. बीते दो वर्षों में इन कंपनियों ने विदेशों में उतना या उससे अधिक मुनाफा कमाया जितना भारत में. हालांकि एचयूएल की कुल कमाई में से सिर्फ 3% ही विदेशों से आता है क्योंकि कंपनी का भारतीय बाजार बहुत बड़ा है, लेकिन डाबर, इमामी और मैरिको जैसी कंपनियों के लिए यह आंकड़ा 20% से अधिक है. एचयूएल की एक सहायक कंपनी यूनिलीवर इंडिया एक्सपोर्ट्स लिमिटेड, जो दूसरे यूनिलीवर समूह की कंपनियों को सामान बेचती है, की बिक्री पिछले वर्ष 8% बढ़कर 1,258 करोड़ रुपये हो गई. मुनाफा भी 14% बढ़कर 91 करोड़ रुपये रहा. इस वृद्धि का कारण स्किन केयर, न्यूट्रिशन, हेयर केयर और पर्सनल वाश से जुड़े उत्पाद रहे. डब, वेसली, पियर्स, लक्मे व सनसिल्क जैसे ब्रांडों की विदेशों में भारी मांग है. एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस के सीईओ अंगशु मल्लिक का कहना है कि सिर्फ बासमती चावल ही नहीं, बल्कि सरसों का तेल, सूरजमुखी का तेल, आटा, बेसन, सोया नगेट्स और पोहा भी तेजी से निर्यात हो रहे हैं. भारतीय भोजन की लोकप्रियता विदेशों में बढ़ रही है और भारतीय रेस्टोरेंट्स की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है. मल्लिक का अनुमान है कि इस साल निर्यात में 50-80% तक की बढ़ोतरी हो सकती है. एडब्ल्यूएल ने बताया कि पिछले तीन सालों में उसका ब्रांडेड एक्सपोर्ट तीन गुना बढ़ गया है और वित्त वर्ष 2025 में यह 250 करोड़ रुपये से अधिक पहुंच गया है. निर्यात में बढ़ोतरी का श्रेय सिर्फ मांग को नहीं, बल्कि सरकार की नीतियों को भी जाता है. फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री और मोटे अनाज (मिलेट्स) से जुड़े उत्पादों के लिए सरकार प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव योजना चला रही है. दिसंबर 2024 में सरकार ने बताया था कि उसने 73 कंपनियों को इस योजना के अंतर्गत चुना है जो भारतीय खाद्य ब्रांडों को वैश्विक बाजार में बढ़ावा देंगी. गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने जानकारी दी है कि उसका अंतरराष्ट्रीय कारोबार वित्त वर्ष 2025 में 17% ऑपरेटिंग मार्जिन पर पहुंच गया है, जो दो साल पहले 10% था.

## अडानी एंटरप्राइजेज का प्लान

# निवेशकों को मिलेगा 9.3 प्रतिशत रिटर्न पाने का मौका

**नई दिल्ली।** आरबीआई की ओर से रेपो रेट में कटौती के बाद बैंकों की फिक्ड्म डिपॉजिट पर ब्याज दरें घटती जा रही है. इस बीच अरबपति कारोबारी और अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी निवेशकों के लिए बंपर कमाई का मौका लेकर आए हैं. दरअसल, अडानी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने रविवार को 1,000 करोड़ तक के सिक्यौर्ड, रेटेड और लिस्टेड रिडीमेबल, नॉन कन्वर्टिबल डिबेंचर का दूसरा पब्लिक इश्यू जारी करने की घोषणा की है. इसमें निवेशकों को 9.3 फीसदी रिटर्न मिलेगा. यह इश्यू 9 जुलाई को खुलेगा और 22 जुलाई को बंद होगा और इसमें सालाना 9.30 फीसदी तक का ब्याज एनसीडी होल्डर्स को दिया जाएगा. 9.30 फीसदी रिटर्न आमतौर पर एफडी से काफी बेहतर है. देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक एसबीआई अभी एफडी पर औसतन 6.5 फीसदी से 7 फीसदी ब्याज की पेशकश करता है.

### कम से कम लगाने होंगे 10 हजार रुपये


हर एनसीडी की फेस वैल्यू 1,000 रुपये है. आवेदन में मिनिमम 10 एनसीडी के लिए अप्लाई करना होगा. मिनिमम आवेदन राशि 10,000 रुपये होगी. बता दें कि सितंबर 2025 में लॉन्च हुआ 800 करोड़ रुपये का अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड का पहला एनसीडी इश्यू खुलते ही एक ही दिन में पूरा सब्सक्राइब हो गया था. अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड का एनसीडी 8 सीरीज में उपलब्ध है. इसकी टेन्योर 24, 36 और 60 महीने है. ब्याज भुगतान के ऑप्शन में क्वाटरली, एनुअल और क्यूमलेटिव शामिल हैं. एनसीडी का फुल फॉर्म होता है नॉन कन्वर्टिबल डिबेंचर. जब कोई कंपनी आम लोगों (रिटेल निवेशकों) से उधार लेती है, तो वो बदले में एक दस्तावेज देती है जिसे एनसीडी कहते हैं. ये ऐसा निवेश होता है जहां आप कंपनी को पैसा देते हैं और वो कंपनी आपको एक तय ब्याज देती है, जैसे बैंक एफडी में मिलता है.

### रिकॉर्डतोड़ शतक के बाद वैभव सूर्यवंशी का अगला लक्ष्य

## अगले मैच में दोहरा शतक मारने की करूंगा कोशिश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंग्लैंड अंडर 19 टीम के खिलाफ चौथे यूथ वनडे मैच में 143 रन की रिकॉर्डतोड़ पारी खेलने वाले वैभव सूर्यवंशी ने अपने अगले लक्ष्य को लेकर खुलासा किया है. उन्होंने कहा है कि वह अगले मैच में 200 रन मारने की कोशिश करेंगे. भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की यूथ वनडे सीरीज के चौथे मुकाबले में सबसे तेज शतक जड़कर नया कीर्तिमान बनाया.



सूर्यवंशी ने महज 52 गेंदों में शतक पूरा किया और पाकिस्तान के कामरान गुलाम द्वारा 2013 में बनाए गए 53 गेंदों के पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया. युवा बल्लेबाज ने मैच में 78 गेंदों पर 143 रन की धमाकेदार पारी खेली, जिसमें 13 चौके और 10 छक्के शामिल थे.अपने रिकॉर्डतोड़ शतक को लेकर बात करते हुए वैभव बताया है कि उनका अगला लक्ष्य दोहरा शतक लगाना है. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर शेयर किए गए वीडियो में वैभव ने कहा कि मुझे पता नहीं था कि 100 बनाने के बाद मैंने रिकॉर्ड बनाया है, हमारे टीम मैनेजर अंकित सर ने मुझे बताया.भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल से वैभव सूर्यवंशी को काफी इंस्पिरेशन मिली है. गिल ने जब इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन टेस्ट में दोहरा शतक लगाया तो वैभव वहां मौजूद थे. वैभव ने कहा, ₹काफी इंस्पिरेशन मिला उनसे, मैने गेम देखा, 100 और 200 बनाने के बाद भी उन्होंने गेम छोड़ा नहीं और टीम को आगे ले गए.143 रन पर आउट होने को लेकर वैभव ने कहा, मैं और लंबा कर सकता था क्योंकि काफी टाइम था मेरे पास, 20 ओवर बचे थे. अपनी पारी को लंबा कर सकता था. एक शॉट था जो मैं 100 प्रतिशत नहीं दे पाया जिसकी वजह से मैं आउट हो गया.वैभव सूर्यवंशी ने अपने अगले लक्ष्य को लेकर कहा, अगले मैच में ट्राई करूंगा कि 200 करूं और पूरे 50 ओवर खेलूं. जितने मैं रन करूं उतना टीम को फायदा होगा तो अगले मैच में मैं कोशिश करूंगा पूरा मैच खेलूं, यही मेरा फोकस रहेगा.

**सीरीज में शानदार प्रदर्शन**

इंग्लैंड के खिलाफ जारी पांच मैचों की यूथ वनडे सीरीज में वैभव सूर्यवंशी बेहतरीन फॉर्म में हैं. चौथे वनडे से पहले युवा बल्लेबाज ने 48, 45 और 86 रन बनाए थे. चौथे मैच में 143 रन की पारी खेलने के साथ वह सीरीज में अबतक कुल 322 रन बना चुके हैं.बात करें इस सीरीज की तो पांच मैचों की इस सीरीज में भारतीय टीम ने चौथे मैच में जीत के साथ 3–1 से अजेय बढ़त हासिल कर ली है.

### यूरोप में अनिमेष कुजूर-मोहम्मद अफसल का कमाल

## अलग-अलग स्पर्धाओं में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़े

**एजेंसी। नई दिल्ली**

स्टार धावक अनिमेष कुजूर ने शनिवार को यूनान में ड्रोमिया इंटरनेशनल स्प्रिंट एंड रिलेज मीटिंग प्रतियोगिता में 10.18 सेकेंड के शानदार समय के साथ 100 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया. 22 वर्षीय कुजूर ने यूनान की राजधानी एथेंस में गुरिंदरवीर सिंह के 100 मीटर के पहले के राष्ट्रीय रिकॉर्ड 10.20 सेकेंड को बेहतर बनाया.यूनान के सोटिरियोस गारगागनिस (10.23 सेकेंड) और सैमुली सैमुएलसन (10.28 सेकेंड) विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर सिल्वर लेबल मीट में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे. कुजूर के नाम अब 100 मीटर और 200 मीटर दोनों राष्ट्रीय रिकॉर्ड हैं. उन्होंने मई में दक्षिण कोरिया में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पुरुषों की 200 मीटर फ़ाइनल में 20.32 सेकेंड का समय निकाल पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा था.इससे पहले एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता मोहम्मद अफसल ने अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया और पोलैंड के पोजनान में मेमोरियल चेस्लावा साइबुलस्कीगो में पुरुषों की 800 मीटर दौड़ में 1:45 मिनट के अंदर का समय निकालने वाले पहले भारतीय बन गए. अफसल ने हांग्झोउ में 2022 एशियाई खेलों में रजत पदक जीता था. उन्होंने 1:44.96 मिनट का समय निकाला और टूर्नामेंट की हीट ए 1 में छठे स्थान पर रहे.



### भारत का टूर्नामेंट में सफर समाप्त

## सेमीफाइनल में जापान के निशिमोटो से हारे श्रीकांत



**एजेंसी। कैलगरी**

भारत के किदांबी श्रीकांत शनिवार को कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जापान के केंटा निशिमोटो से 21-19, 14-21, 18-21 से हार गए. उनकी हार के साथ ही कनाडा ओपन में भारत की चुनौती समाप्त हो गई.श्रीकांत ने पहला गेम 21-19 से जीतकर मुकाबले की मजबूत शुरुआत की थी, लेकिन उनके जापानी प्रतिद्वंद्वी ने अगले दो गेम में कड़ी टक्कर दी और एक घंटे 18 मिनट तक चले गेम को जीत लिया. एक वक्त निर्णायक गेम में स्कोर 18-18 से बराबर हो गया था. हालांकि, इसके बाद निशिमोटो ने कमजोर रिटर्न पर अटैक किया और फिर श्रीकांत ने दो बार शॉट वाइड मारकर मैच जापानी खिलाड़ी के झोली में डाल दिया. इससे पहले, पूर्व विश्व चैंपियनशिप रजत पदक विजेता, जो इस साल मई में मलयेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंचे थे, ने शुक्रवार को 43 मिनट के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी चोउ टिएन-चेन को 21-18, 21-9 से हराया था.2022 विश्व जूनियर चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन ने 79 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल में निशिमोटो से 15-21, 21-5, 17-21 से हारने से पहले शानदार टक्कर दी थी.

महिला एकल में, श्रेयांशी वलीशेट्टी का प्रभावशाली प्रदर्शन डेनमार्क की अमाली शुल्ज से हारने के बाद समाप्त हो गया.

### विंबलडन में जोकोविच की खास उपलब्धि

## 100 जीत दर्ज करने वाले में दुनिया के तीसरे खिलाड़ी बने

**एजेंसी। लंदन**

नोवाक जोकोविच विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के इतिहास में 100 जीत दर्ज करने वाले दुनिया के तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं. उन्होंने तीसरे दौर में सर्बिया के हम वतन खिलाड़ी मिओमिर केकमानोविच पर 6-3, 6-0, 6-4 से जीत के साथ यह उपलब्धि हासिल की. उनसे पहले मार्टिना नवरातिलोवा और रोजर फेडरर इस मुकाम पर पहुंचे थे.जोकोविच ने अपने 24 ग्रैंड स्लैम खिताबों में से सात ऑल इंग्लैंड क्लब में जीते हैं. उन्होंने शनिवार को केकमानोविच के खिलाफ सेंटर कोर्ट पर पहले सेट में 3-3 के स्कोर से लगातार नौ गेम जीतकर आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया. जोकोविच ने कोर्ट पर दिए साक्षात्कार में कहा, 'मैं अपने पसंदीदा टूर्नामेंट में जो भी इतिहास बनाऊंगा, उसके लिए मैं आभारी हूं.'अपना 20वां विंबलडन टूर्नामेंट खेल रहे 38 वर्षीय जोकोविच का अगला मुकाबला 11वें नंबर के एलेक्स डी मिनाउर से होगा. महिला वर्ग में नौ बार विंबलडन एकल चैंपियन रहीं नवरातिलोवा ने 120 एकल जबकि पुरुष वर्ग में आठ बार के चैंपियन फेडरर ने 105 एकल मैच में जीत दर्ज कीं.वहीं, युकी भांबरी विंबलडन में बचे रहने वाले एकमात्र भारतीय हैं. उन्होंने शनिवार को अपने अमेरिकी जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे के साथ पुरुष युगल के तीसरे दौर में प्रवेश किया. 16वीं वरीयता प्राप्त भांबरी-गैलोवे की जोड़ी ने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस और मार्कोस गिरोन को डेढ़ घंटे में 6-3, 7-6 (8-6) से हराया. अब उनका सामना प्री क्वार्टर फाइनल में स्पेन के मार्सेलो ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के होरासियो जेबेलोस से होगा.हालांकि, अन्य परिणाम भारत के पक्ष में नहीं गए क्योंकि एन श्रीराम बालाजी और ॠत्विक बोलिपल्ली अपने-अपने जोड़ीदारों के साथ बाहर हो गए. बालाजी और उनके मैक्सिकन जोड़ीदार मिगुएल रेयेस-वरेला ने पहले कोर्ट पर कदम रखा और चौथी वरीयता प्राप्त मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस के खिलाफ कड़ी टक्कर दी, लेकिन दूसरे दौर में स्पेनिश-अर्जेंटीना की जोड़ी से एक घंटे और 20 मिनट में 4-6, 4-6 से हार गए.बोलीपल्ली और उनके कोलंबियाई जोड़ीदार निकोलस बैरिएंटोस ने भी छठी वरीयता प्राप्त ब्रिटिश जोड़ी जो सैलिसबरी और नील स्कूप्स्की के खिलाफ़ कड़ी टक्कर दी, लेकिन दूसरे दौर में एक घंटे और 47 मिनट में 4-6, 6-7 (9) से हार गए. रोहन बोपन्ना पहले दौर में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए थे. इस बीच, लड़कों के एकल में, कृष त्यागी चेक गणराज्य के जान कुमस्टैट के खिलाफ 3-6, 3-6 से हारकर पहले दौर से बाहर हो गए.



### बालाजी और बोलिपल्ली को झटका

## अपनी-अपनी जोड़ियों के साथ विंबलडन से बाहर



**एजेंसी। लंदन**

- भारत और कोलंबिया के खिलाड़ियों की जोड़ी को हालांकि एक घंटे 47 मिनट के मुकाबले में 4–6, 6–7 से हार का सामना करना पड़ा.

भारत के एन श्रीराम बालाजी और रित्विक बोलिपल्ली विम्बलडन पुरुष युगल के दूसरे दौर में शनिवार को यहां अपनी-अपनी जोड़ियों के साथ हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गये. बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल रेयेस-वारेला ने चौथी वरीयता प्राप्त मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस की जोड़ी को कड़ी टक्कर दी लेकिन सीधे सेटों में हार गए. स्पेन-अर्जेंटीना की जोड़ी ने गैर वरीयता प्राप्त बालाजी और रेयेस-वारेला को एक घंटे 20 मिनट तक चले मुकाबले में 6-4, 6-4 से हराया. बोल्लिपल्ली और उनके कोलंबिया के उनके जोड़ीदार निकोलस बैरिएंटोस ने भी छठी वरीयता प्राप्त सैलिसबरी और नील स्कूपस्की की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी को कड़ी टक्कर दी. भारत और कोलंबिया के खिलाड़ियों की जोड़ी को हालांकि एक घंटे 47 मिनट के मुकाबले में 4-6, 6-7 से हार का सामना करना पड़ा. रोहन बोपन्ना पहले दौर में हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए थे. इस ग्रास कोर्ट मेजर में हालांकि भारतीय चुनौती अभी बरकरार है जिसमें युकी भांबरी दूसरे दौर का मुकाबला खेलेंगे. इस बीच पुरुषों के एकल में कृष त्यागी चेक गणराज्य के जान कुमस्टैट के खिलाफ 3-6, 3-6 से हारकर पहले दौर से बाहर हो गए.

### विश्व मुक्केबाजी कप में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी

## पांच मुक्केबाज फाइनल में पहुंचे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय मुक्केबाजों ने विश्व मुक्केबाजी कप में शानदार प्रदर्शन जारी रखा. मीनाक्षी, साक्षी, पूजा रानी, हितेश गुलिया और जुगनू ने शनिवार को शानदार जीत दर्ज करते हुए विश्व मुक्केबाजी कप में अपने भार वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया. कजाखस्तान में भारतीय मुक्केबाजी दल ने अब 11 पोडियम स्थान सुनिश्चित कर लिए हैं, जिसमें रविवार को छह स्वर्ण पदक मुकाबले शामिल हैं.अभिनाश जामवाल (पुरुष 65 किग्रा) आज ही सेमीफाइनल खेलेंगे जिससे भारत एक और स्वर्ण पदक की दौड़ में होगा. मीनाक्षी ने 48 किग्रा सेमीफाइनल में तुर्की की नर्सलेन याल्गेटकिन को 5-0 से हराकर भारत की जीत की शुरुआत की. इसके बाद साक्षी ने उज्बेकिस्तान की फेरुजा काजाकोवा पर दबदबा बनाया और समान अंतर की जीत से 54 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में पहुंची. ओलंपियन पूजा रानी ने 80 किग्रा वर्ग में तुर्की की एलिफ गुनेरी को पीछे छोड़ते हुए 3-2 के फैसले के साथ फाइनल में प्रवेश किया.नूपुर ने शुक्रवार को 80 किग्रा से अधिक वर्ग में अपना फाइनल स्थान पक्का कर लिया था जिससे चार भारतीय महिला मुक्केबाज फाइनल में पहुंच गई. संजू (60 किग्रा) ने कजाखस्तान की विक्टोरिया ग्राफेयेवा से 0-5 से हारने से पहले कड़ी टक्कर दी और अब उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना होगा. भारत ने इस साल की शुरुआत में ब्राजील में विश्व मुक्केबाजी कप के पहले चरण में कुल छह पदक जीते थे जिसमें केवल पुरुष मुक्केबाजों ने भाग लिया था.यह पहली बार है कि महिला मुक्केबाज विश्व मुक्केबाजी कप में भाग ले रही हैं. ब्राजील चरण के स्वर्ण पदक विजेता हितेश गुलिया पुरुषों के 70 किग्रा वर्ग में फ्रांस के माकन ट्रोरे के खिलाफ पहले दौर के बाद मुश्किल में दिखे. लेकिन 20 वर्षीय मुक्केबाज ने दूसरे राउंड में काफी जोरदार मुक्के मारे और अंतर कम किया. तीसरे और अंतिम राउंड में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई. इसके बाद जुगनू (पुरुष 85 किग्रा) ने इंग्लैंड के टीगन स्कॉट को 5-0 से हरा दिया.



## दीपिका पॉलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड दीपिका को पॉलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकित किया गया है. उन्हें यह उपलब्धि 2024-25 एफआईएच हॉकी प्रो लीग सीजन के दौरान विश्व नंबर एक नीदरलैंड के खिलाफ अपने अविश्वसनीय एकल फील्ड गोल के लिए मिली है.हॉकी इंडिया के अनुसार 2024-25 एफआईएच हॉकी प्रो लीग सीजन के लिए पॉलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकन शुक्रवार को जारी किए गए और वोट करने की अंतिम तिथि 14 जुलाई को सुबह 3:29 बजे (भारतीय समयानुसार) है. वोटिंग समाप्त होने के बाद विजेता की घोषणा की जाएगी. पॉलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के विजेता का फैसला दुनिया भर के हॉकी प्रशंसकों द्वारा इस आधार पर किया जाता है कि उन्हें लगता है कि सीजन के दौरान सबसे अच्छा पल और गोल किसने किया.दीपिका का प्रतिष्ठित क्षण फरवरी 2025 में एफआईएच हॉकी प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण के दौरान हुआ, जब भारतीय टीम ने कलिंगा स्टेडियम में 2-2 से ड्रॉ के बाद शूटआउट में नीदरलैंड को हराया. मैच में भारतीय टीम दो गोल से पीछे चल रही थी, लेकिन35वें मिनट में दीपिका ने एक शानदार फील्ड गोल किया था, जिससे टीम ने वापसी की और निर्धारित समय के बाद स्कोर 2-2 की बराबर था. इसके बाद शूटऑउट में भारतीय टीम ने नीदरलैंड को 2-1 से हरा दिया था.21 वर्षीय इस बेहतरीन खिलाड़ी ने कहा, ₹नीदरलैंड के खिलाफ किया गया वह गोल मेरे करियर के सबसे खास पलों में से एक है. सब कुछ ठीक रहा और इससे हमें बराबरी करने और शूटआउट में गेम जीतने में मदद मिली.



### ग्रेनेडा टेस्ट: तीसरे दिन का खेल खत्म

## ऑस्ट्रेलिया की बढ़त 254 रन की हुई

**एजेंसी। ग्रेनेडा**

वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच के तीसरे दिन का खेल खत्म हो गया है. ऑस्ट्रेलियाई टीम ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में सात विकेट खोकर 221 रन बना लिए हैं. एलेक्स केरी 26 और कप्तान पैट कमिंस 4 बना कर क्रीज पर हैं. टीम की बढ़त 254 रन की हो गई है.दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने 2 विकेट पर 12 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया. दिन की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया को नाथन लियोन के रूप में पहला छटका लगा.

लियोन 8 रन बनाकर आउट हुए. इसके बाद टीम के लिए कैमरून ग्रीन और स्टीव स्मिथ ने अर्धशतकीय पारी खेली. कैमरून ग्रीन ने 123 गेंद पर 5 चौकों की मदद से 52 रन बनाए, वहीं स्मिथ ने 119 गेंदों में 7 चौके और एक छक्के की मदद से 71 रन जड़े. इसके अलावा ट्रेविस हेड ने 60 गेंद पर 39 रन बनाए. ब्यू वेबस्टर मात्र 2 रन बना पाए.वेस्टइंडीज के लिए दूसरी पारी में अब तक जायडेन सील्स, शमर जोसेफ, जस्टिन ग्रीव्स ने 2-2 विकेट और अल्जारी जोसेफ ने एक विकेट चटकाया.इससे पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 286 रन बनाए थे. वेस्टइंडीज की पहली पारी 253 रन प सिमट गई थी. इस तरह दूसरी पारी की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया को 33 रन की लीड मिली थी. अब दूसरी पारी में 7 विकेट खोकर 221 रन बनाने के साथ टीम की कुल बढ़त 254 रन हो गई है.उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को 159 रनों से हराया था. इससे ऑस्ट्रेलिया की टीम सीरीज में 1-0 से आगे है.



**फुटबॉल**

### क्लब विश्व कप फुटबॉल : बायर्न के जमाल मुसियाला को लगी गंभीर चोट

## पीएसजी जीत के साथ सेफा में, मैड्रिड से होगा सामना

**एजेंसी। ईस्ट रदरफोर्ड**

यूरोप के दो चोटी के क्लब रियल मैड्रिड और पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे. रियल मैड्रिड ने शनिवार की रात को खेले गए मैच में किलियन एमबाप्पे के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में बाइसिकल किक से किए गए शानदार गोल की मदद से बोरूसिया डॉर्टमंड को 3-2 से हराया. वहीं, एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच में पीएसजी ने बायर्न म्यूनिख को 2-0 से हराया.पीएसजी की तरफ से डिजायर डोउ और ओसमाने डेम्बले ने गोल किए. हालांकि, इस मैच में बायर्न के जमाल मुसियाला गंभीर रूप से चोटिल हो गए. पीएसजी के गोलकीपर डोनुरुम्मा से टकराने के बाद उनका टखना मुड़ गया. वह दर्द से कराहते दिखे और उन्हें स्ट्रेचर से बाहर ले जाना पड़ा.

प्रतियोगिता के एक अन्य सेमीफाइनल में यूरोप के क्लब चेल्सी का ब्राजील के क्लब फ्लूमिनेंस से मुकाबला होगा.गोंजालो गार्सिया और फ्रान गार्सिया ने पहले 20 मिनट में गोल करके मैड्रिड को 2-0 की बढ़त दिला दी. इससे मैड्रिड की जीत सुनिश्चित लग रही थी लेकिन दूसरे हाफ का इंजरी टाइम घटना प्रधान रहा जिसमें तीन गोल हुए.


डॉर्टमंड के मैक्सिमिलियन बेयर ने इंजरी टाइम के तीसरे मिनट में गोल किया, लेकिन एमबाप्पे ने एक मिनट बाद बाइसिकल किक से खूबसूरत गोल किया जिससे मैड्रिड ने फिर से दो गोल की बढ़त हासिल कर ली. सेरहो गुइरासी ने इंजरी टाइम के आठवें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदल दिया. डॉर्टमंड को डीन हुइजसेन के फाउल करने के कारण यह पेनल्टी मिली थी. रियल मैड्रिड के खिलाड़ी को रेड कार्ड मिला और वह सेमीफाइनल में नहीं खेल पाएंगे.



## भारतीय महिला क्रिकेट टीम का लंदन के इंडिया हाउस में हुआ भव्य स्वागत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम इन दिनों पांच मैचों की टी20 और तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए इंग्लैंड में हैं. दोनों टीमों के बीच पहले टी20 सीरीज खेली जा रही है, जिसमें भारतीय टीम 2-1 से आगे चल रही है. दोनों टीम के बीच चौथा टी20 मैच 9 जुलाई को खेला जाएगा. इस बीच हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम का लंदन के इंडिया हाउस में एक समारोह में भव्य स्वागत किया गया.मुख्य कोच अमोल मजूमदार के नेतृत्व में भारतीय टीम और सहयोगी स्टाफ शनिवार शाम को भारतीय उच्चायोग के प्रांगण में आयोजित समारोह में शामिल हुए. यूनाइटेड किंगडम में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने उनका स्वागत किया.



हाई कमीशन ऑफ इंडिया इन लंदन ने रविवार ने 'एक्स' पर बताया कि कल (शनिवार) इंडिया हाउस में भारतीय महिला क्रिकेट टीम का गर्मजोशी से स्वागत किया. भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने टीम का स्वागत किया और महिला क्रिकेट को लोकप्रिय बनाने तथा युवा लड़कियों को प्रेरित करने में उनके योगदान पर प्रकाश डाला. ईसीबी क्रिकेट की प्रतिनिधि शिवानी ओबेरॉय, यूके की मंत्री सीमा मल्होत्रा और कोच अमोल मजूमदार ने भी इस अवसर पर बात रखी. कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण उप उच्चायुक्त सुजीत जॉय घोष द्वारा संचालित एक हल्की-फुल्की बातचीत थी, जिसमें टीम के खिलाड़ी स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, शैफाली वर्मा और कोच अमोल मुजुमदार शामिल थे.

**बीसीसीआई ने शेयर किया वीडियो :**भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) वुमेन ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर वीडियो शेयर किया है. बीसीसीआई वुमेन ने लिखा कि टीम इंडिया के लिए एक यादगार शाम रही, जब लंदन में भारतीय उच्चायोग ने टीम को रात्रि भोज के लिए आमंत्रित किया.

## ब्रीफ न्यूज

### मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

**कोडरमा।** कोडरमा रेलवे हाल्ट (हेठ टोला) के समीप रविवार को एक मालगाड़ी की चपेट में आने से लगभग 30 वर्षीय युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. मृतक की पहचान शंकर दास, पिता बालेश्वर दास, ग्राम कूड़ाई (बददीहा, कोडरमा थाना क्षेत्र) के रूप में की गई है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब युवक रेलवे पटरी पार कर रहा था. घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन समाचार लिखे जाने तक मृतक का शव रेल पटरी पर ही पड़ा हुआ था.स्थानीय लोगों ने रेल प्रशासन और पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग की है. वहीं, घटना के कारण क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है.

### कटिया गांव में वज्रपात से एक व्यक्ति झुलसा

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कटिया गांव में रविवार को हुई तेज बारिश के दौरान शाम को वज्रपात की घटना में एक व्यक्ति झुलस गया जबकि एक बैल की मौके पर ही मौत हो गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार, कटिया निवासी जागेश्वर महतो उम्र 65 वर्ष अपने घर के समीप ही बंधी बैल को घर वापस लाने गया था, तभी अचानक आसमान से बिजली गिर पड़ी. इस हादसे में व्यक्ति झुलस गया जबकि बैल की मौके पर ही मौत हो गई. परिजन व ग्रामीण तत्काल घायल व्यक्ति को सदर अस्पताल कोडरमा लेकर पहुंचे जहां उसका इलाज चल रहा है.

### तिलैया डैम में मिला रिटायर्ड टीटीई का शव

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र के गझंडी निवासी और रिटायर्ड टीटीई रविन्द्र सिंह (61 वर्ष) का शव रविवार सुबह चंदवारा थाना क्षेत्र के जवाहर घाट स्थित तिलैया डैम से बरामद किया गया. वे शनिवार दोपहर से लापता थे और आखिरी बार उन्हें जवाहर घाट पुल के पास देखा गया था.शुरुआती जांच में मानसिक तनाव और अन्य पारिवारिक कारणों से आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है. परिजनों के अनुसार, वे पिछले कुछ समय से काफी परेशान थे. शनिवार को परिजनों को सूचना मिलने पर खोजबीन की गई, जिसके दौरान उनके चप्पल पुल पर मिले. लगातार बारिश के कारण शनिवार को डैम में तलाशी अभियान में दिक्कत हुई, लेकिन रविवार सुबह स्थानीय मछुआरों और नाविकों की मदद से शव बरामद कर लिया गया.चंदवारा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कोडरमा सदर अस्पताल भेज दिया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी है.बताते चलें कि रविन्द्र सिंह पिछले वर्ष ही टीटीई पद से सेवानिवृत्त हुए थे.

### कान्हाचट्टी में पेड़ से झूलता मिला शव

**चतरा (कान्हाचट्टी)।** प्रखंड क्षेत्र के जमरी कर्बला मैदान में उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक युवक का शव पेड़ से झूलता मिला. शव को सबसे पहले पशु चराने गए ग्रामीणों ने देखा, जिसके बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया।शव की पहचान कान्हाकला निवासी सीताराम सिंह के छोटे पुत्र गोपाल सिंह के रूप में की गई है. घटना की जानकारी मिलते ही राजपुर थाना प्रभारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी.घटना स्थल पर मृतक के परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए.

---

## सीसीएल प्रबंधन के साथ ग्रामीणों की वार्ता में बनी सहमति

# मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये का मिलेगा मुआवजा

**शुभम संदेश । रामगढ़**

जिले के करमा परियोजना के करमा खुली खदान में अवैध रूप से कोयला खनन करने के दौरान चाल धंसने से 4 ग्रामीणों की मौत हो गई थी. घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीण मुआवजे की मांग को लेकर करमा परियोजना के पीओ कार्यालय के गेट पर शवों के साथ प्रदर्शन कर रहे थे. जानकारी मिलने पर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन के साथ सीसीएल पदाधिकारी मौके पर पहुंचे थे और ग्रामीणों से वार्ता की थी. लेकिन कई दौर में चली वार्ता विफल रही थी.एक बार फिर रविवार की अहले सुबह प्रशासन और पुलिस पदाधिकारियों की उपस्थिति में सीसीएल प्रबंधन ने



ग्रामीणों के साथ बैठक की. जिसमें सीसीएल प्रबंधन ने सभी मृतकों के परिजनों को एक लाख, 710 हजार रुपये मुआवजा और अंचल प्रशासन के द्वारा 30 हजार रुपये मुआवजा के रूप में देने की सहमति बनी. साथ ही यह भी आश्वासन दिया गया कि सभी घायलों का इलाज सीसीएल प्रबंधन द्वारा कराया जाएगा. इसके अलावा मृतकों के परिजन के एक-एक सदस्य को आउटसोर्सिंग में रोजगार देने की भी सहमति बनी है.इसके बाद ग्रामीणों का प्रदर्शन खत्म हुआ और कार्यालय के गेट के सामने से शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया.

**मामले की होगी जांच:एसडीओ**

पूरे मामले में अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी ने बताया कि चार लोगों की मौत चाल धंसने के कारण सीसीएल खदान में हो गई थी.

ग्रामीण तीन शवों को रखकर प्रदर्शन कर रहे थे. सीसीएल प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच वार्ता हुई है. घटना सीसीएल लीज होल्ड एरिया में हुई है. पूरे मामले में विस्तृत जांच होगी, तब किसकी लापरवाही है वह सामने आएगी.

फिलहाल मुआवजे को लेकर सीसीएल प्रबंधन और पीड़ित परिवारों और ग्रामीणों के बीच सहमति बन गई है.शवों का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को शव को सौंप दिया जाएगा.

**कोयला चोरी मामले में होगी एफआईआर :** सीसीएल करमा परियोजना की खुली खदान में चाल धंसने की वारदात के बाद सीसीएल प्रबंधन की सुरक्षा की पोल खुल गई है. सीसीएल के अधिकारी पूरे मामले में कैमरे के सामने कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं. सीसीएल के माइनिंग मैनेजर ने ऑफ कैमरा कहा कि इस तरह कि वारदात लगातार होते रहती है और इससे सीसीएल का कोई लेना-देना नहीं होता है. जिन लोगों की मौत हुई है उनपर और जो कोयला निकालने के लिए आए थे उनपर एफआईआर दर्ज की जाएगी.

---

# सांप्रदायिक सौहार्द के साथ ओरिया में मनाया गया मुहर्रम



**शुभम संदेश । हजारीबाग**

सांप्रदायिक सौहार्द व आपसी भाई-चारगी के साथ मुहर्रम का जुलुस सदर प्रखण्ड स्थित ओरिया में दिन रविवार को काफी धूमधाम से निकाला गया. जुलुस के दौरान ढोल-ताशे, ताजिया खेल एवं अस्त्र-शस्त्र का जमकर परिचालन एवं प्रदर्शन हुआ.

जुलूस का संचालन खलीफा अब्दुल रसीद ने बड़े ही संजीदगी से किया. जुलुस में गंगा-जमुना तहजीब भी देखने को मिला. इस दौरान हिंदू भाइयों ने मुस्लमान भाइयों को पगड़ी, माला पहनाकर एवं गले लगाकर मुहर्रम की बधाई व शुभकामनाएं दी तथा एकता का परिचय दिया. हिंदू भाइयों ने स्वागत में कोल ड्रिंक, पानी एवं बिस्कुट देकर जुलुस का अभिनंदन किया. कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी अभय शंकर पासवान एवं धन्यवाद ज्ञापन विनय यादव ने किया. यह परंपरा मुहर्रम के मौके पर हिन्दू भाईयों द्वारा लगातार 25 वर्षो से अधिक से चलता आ रहा है. इसकी जानकारी समाजसेवी अभय शंकर पासवान ने दी. मौके पर विशेष रूप से रविचंद्र पासवान, गिरजा राम पासवान, उदय शंकर पासवान, प्रमोद कुमार पासवान, उमेश पासवान, तापेश्वर पासवान, मुन्ना पासवान, विनय यादव, अभय शंकर पासवान, मोहम्मद जलील, मोहम्मद रसीद, मोहम्मद बदरु, मोहम्मद समसुल, मोहम्मद इस्लाम, मोहम्मद नजाम, मोहम्मद आशिफ, मोहम्मद फारूक, मोहम्मद सरफराज, मोहम्मद इकबाल, मोहम्मद महबुब आलम, मोहम्मद नौशाद, प्रदीप पासवान, विशाल कुमार, पवन शितल रजक, राजेश रविदास, दीपक कुमार, बाबुलाल राम, चंद्रकांत शेखर एवं शैलेश पासवान सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे .

### छड़वा मुहर्रम मेले में पूर्व प्रत्याशी मुन्ना सिंह हुए शामिल



**हजारीबाग।** मोहर्रम की दसवीं तिथि पर हजारीबाग की ऐतिहासिक धरती पर आयोजित छड़वा मोहर्रम मेला एक बार फिर गंगा-जमनी तहज़ीब, सांस्कृतिक साझेदारी और धार्मिक आस्था का प्रतीक बनकर सामने आया.कांग्रेस के पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी और नगर निगम प्रभारी मुन्ना सिंह इस मेले में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए. आयोजन स्थल पहुंचने पर उन्हें आयोजकों ने पारंपरिक अंगवस्त्र और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया. मुन्ना सिंह ने कहा, "यह मेला सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक जागरूकता, सामाजिक सौहार्द और मानवता का उत्सव है. ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी समझ और भाईचारे की भावना मजबूत होती है."मेले में ताजियों की शोभा यात्रा, मातमी धुन, और अखाड़ों के हैरतअंगेज करतबों ने हजारों श्रद्धालुओं को आकर्षित किया. शहर और आस-पास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए.

### बरही में शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया मुहर्रम पर्व

बरही (हजारीबाग)। बरही में रविवार को मोहर्रम पर्व गम, श्रद्धा और भाईचारे के माहौल में शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। सुबह से ही मुस्लिम बहुल इलाकों में ताजिया जुलूस और झांकियों के कारण माहौल भक्तिमय रहा. कोनरा, रसोईया धमना पंचायत और अन्य क्षेत्रों से ताजिया व अखाड़ा जुलूस बरही चौक पहुंचे, जहां युवाओं ने लाठी, तलवार और भाले से करतब दिखाए.इस दौरान देश की एकता और अखंडता का संदेश देते हुए तिरंगा झंडा लहराया गया, जिसने लोगों का मन मोह लिया. ईमाम मौलाना मुशर्रफ कादरी ने बताया कि मोहर्रम इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाया जाता है, जो आज भी इंसानियत के लिए प्रेरणा है. शाकरी मोहल्ला की राफेल फाइटर जेट झांकी, शादी मोहल्ला की इसरो स्पेस, बेराहिल की मिसाइल, आजाद मोहल्ला की तलवार और चौक मोहल्ला की मकबरा झांकी खास आकर्षण रहीं. लोग झांकियों के साथ सेल्फी लेते नजर आए.सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा.

### चौपारण में शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया मुहर्रम पर्व



**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड क्षेत्र में रविवार को मुहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण और श्रद्धा भाव के साथ संपन्न हुआ. असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक माने जाने वाले इस दिन विभिन्न मोहल्लों से ताजिया और सिपर जुलूस निकाले गए. स्थानीय युवाओं ने लाठी, तलवार और अन्य माध्यमों से हैरतअंगेज करतब प्रस्तुत कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया. ताजिया जुलूसों में तिरंगे निशान शोभा बढ़ा रहे थे और लोगों ने "या हुसैन, या अली" के नारों के साथ कर्बला तक मार्च किया. वहां अकीदतमंदों ने दुआएं मांगीं, शीरनी और फूल चढ़ाकर इमाम हुसैन की शहादत को याद किया.अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश पूरे दिन क्षेत्र में गश्त करते रहे. चौपारण थाना की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी. संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ ड्रोन कैमरों और वीडियोग्राफी के जरिए भी निगरानी की गई. मुहर्रम के अवसर पर लोगों ने बताया कि यह महीना सब्र, कुर्बानी और ईमानदारी की मिसाल है, और इमाम हुसैन की शहादत आज भी इंसानियत के लिए प्रेरणा बनी हुई है.

### केरेडारी में साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ मुहर्रम जुलूस निकला



**शुभम संदेश । केरेडारी**

केरेडारी प्रखण्ड के विभिन्न गांवों में मुस्लिम धर्मावलम्बियों के मुहर्रम के त्यौहार साम्प्रदायिक सौहार्द व आपसी भाई चारगी के साथ सम्पन्न हो गया.

केरेडारी प्रखंड के बेलतु गांव में एसडीपीओ पवन कुमार, सीओ रामरतन वर्णवाल, बीडीओ बिवेक कुमार एवं थाना प्रभारी विवेक कुमार, समाजसेवी निरंजन कुमार की उपस्थिति में शांति पूर्ण तरीके से मुहर्रम त्यौहार सम्पन्न हो गया. केरेडारी में जेएलकेएम नेता बालेश्वर कुमार, बैजनाथ महतो, मो बबलू रिजवी,रहमत अंसारी, इनामुल अंसारी,मो रफीक,हदीश अंसारी, करीम बक्स अली,की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ. साथ ही बेला पेटो गांव में सेक्रेटरी अयूब अंसारी,सदर जावेद अंसारी, शहजाद अंसारी, कुतुब मियां,सुलेमान मियां,अमानत अंसारी के उपस्थिति में शांति पूर्वक मेला सम्पन्न हो गया. सबसे पहले लोगो ने मस्जिद प्रांगण में एकजुट हुए उसके बाद,जुलूस के शक्ल में कर्बला पहुँचे जहां जुलूस मेले में तब्दील हो गया.

### संगठन विस्तार को लेकर विहिप की बैठक

**बरही।** विश्व हिंदू परिषद की बैठक प्रखंड परिसर स्थित शिव मंदिर प्रांगण में हुई. अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष निरंजन केसरी और संचालन जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता ने किया. मुख्य अतिथि जनार्दन पांडे ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए दायित्व बोध कराया. विहिप की प्रखंड टोली के साथ-साथ खंड एवं उपखंड की टोली बनाने पर जोर दिया. कहा कि विश्व हिंदू परिषद का लक्ष्य गांव शहर के हर घर तक पहुंचने का है. सनातन समाज की समस्याएं खत्म होने पर ही भारत समृद्धशाली राष्ट्र बनेगा.इसके लिए कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर संगठन के विस्तार पर ध्यान दें. कहा कि विश्व हिंदू परिषद का लक्ष्य गांव शहर के हर घर तक पहुंचने का है. बैठक में नंदकिशोर कुमार, सुमंत पांडे, इंद्रदेव गुप्ता, प्रीति कुमारी, प्रदीप चंद्रवंशी, चंदन केशरी आदि शामिल थे.

### मनाया गया 90वां तिब्बत मुक्ति दिवस, बोले विधायक प्रदीप

## तिब्बत की आज़ादी और संस्कृति की रक्षा जरुरी



**शुभम संदेश । हजारीबाग**

जैन भवन, हजारीबाग में भारत-तिब्बत मंत्री मंच द्वारा आयोजित 90वें तिब्बत मुक्ति दिवस कार्यक्रम में हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया. कार्यक्रम का उद्देश्य तिब्बत की स्वतंत्रता की आवाज को राष्ट्रीय और वैश्विक मंच पर फिर से मुखर करना था. कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश कुमार चंद्रवंशी ने की और संचालन संयोजक डॉ. बी. के. सिंह ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, विभिन्न समाजसेवी, प्रबुद्धजन और युवा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा, "तिब्बत की आज़ादी की मांग केवल एक भू-राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि मानवाधिकार, धर्म और संस्कृति की रक्षा का सवाल है. भारत और तिब्बत के बीच आत्मिक और सभ्यतागत रिश्ता है जिसे हमें मजबूत करना होगा."कार्यक्रम के अंत में तिब्बत की स्वतंत्रता के लिए प्रार्थना एवं संकल्प भी लिया गया.

---

## एक नजर

### जयनगर में ऐश पौंड से बाहर निकाले गए दोनों हाथी



**जयनगर (कोडरमा)।** जंगल से भटके दो हाथियों को केटीपीएस के ऐश पौंड से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया. ये हाथी करीब 24 घंटे तक ऐश पौंड में फंसे रहे, जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा.हाथियों को बचाने के लिए वन विभाग और बांकुड़ा की टीम को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी. देर शाम को रेस्क्यू ऑपरेशन सफल रहा और दोनों हाथियों को बाहर निकालकर जंगल की ओर खदेड़ा गया.हाथियों के निकलने के बाद भी उनकी आवाजाही से ग्रामीणों में दहशत बरकरार है. बाहर निकलने के तुरंत बाद दोनों हाथी सिमंराटांड गांव पहुंचे, जहां एक हाथी ने प्रकाश सिंह के घर का लोहे का गेट तोड़ दिया और आसपास की फसलों को रौंद डाला.देर रात ग्रामीणों ने हाथियों को कुशासन गांव की ओर जाते देखा, जिससे आशंका जताई जा रही है कि वे बराकर नदी के किनारे के जंगल में छिपे हो सकते हैं.ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द से जल्द ठोस कार्रवाई की मांग की है, ताकि हाथियों की दहशत से राहत मिल सके.

### मरकच्चो में मुहर्रम शांति व सौहार्द के साथ संपन्न



**मरकच्चो (कोडरमा)।** मुस्लिम धर्मलंबियों का त्यौहार मुहर्रम मे हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में दस दिनों तक मनाए जाने वाला त्याग व बलिदान का पर्व रविवार को शांति व सौहार्द के साथ संपन्न हो गया. काफी संख्या में लोग कर्बला पहुंचकर ताजिया का दफन करने का रस्म अदा किया. इस मौके पर देवीपुर कर्बला मैदान समेत मरकच्चो में के नावाडीह, ताराटांड़, बिंडोमोह, खरखार, पहाड़पुर, तारातांड में मोहर्रम अखाड़ा कमेटी के द्वारा बनाया गया है. वही आकर्षक ताजिया रंग-बिरंगे लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा. इस मौके पर सभी अखाड़ों में शामिल खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का नमूना पेश कर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया. रविवार को मोहर्रम की दसवीं तारीख को प्रखंड की प्राय सभी मुस्लिम बहुत क्षेत्र मे अलग-अलग रंग बिरंगी ताजियों का जुलूस निकाला गया. जुलूस में शामिल अखाड़ा कमेटियों ने एक से बढ़कर एक हैरत अंग्रेज खेलों का प्रदर्शन करते हुए पहले अपने-अपने इमामबाड़ा पहुंचे.जहां नवमी की रात्रि में स्थापित किया गया ताजियों को विधि विधान के साथ उठाकर गांव का भ्रमण करते हुए कर्बला का मैदान पहुंचे और मीठे व्यंजन की फातिहा खानी किया गया.

### या हुसैन-या हुसैन के नारों से गूंज उठा जयनगर



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र के मुस्लिम बहुल क्षेत्र में इस्लामी कैलेंडर के पहले महीने मुहर्रम की दसवीं तारीख को पूरे इलाके में ग़म, अकीदत और श्रद्धा का अनोखा संगम देखने को मिला. यौमे आशूरा के मौके पर कर्बला की याद में जगह-जगह से जुलूस, ताजिए और अलम निकाले गए. 'या हुसैन! या अली!' के नारों से कस्बे गूंज उठा. सुबह से ही इलाके में गहमा-गहमी का माहौल रहा. एक से एक सजे हुए ताजिया हज़रत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत को याद कर लोगों की आंखें नम थीं. प्रखंड के जयनगर, गरचांच, मंडरिया, तेतरौन,खेसकरी, कटहाडीह, बेको, कटिया, सहित सभी इलाकों में हकीकत और मोहब्बत के साथ संपन्न हुआ. यौमे आशूरा को लेकर स्थानीय प्रशासन और पुलिस पूरी तरह सतर्क रहा. इस दौरान डीएसपी मुख्यालय रतीभान सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, बीडीओ गौतम कुमार, थाना प्रभारी बबलू कुमार सिंह सहित सैकंड़ो जवान , जगह-जगह बैरिकेडिंग, पुलिस बल की तैनाती और एंबुलेंस की व्यवस्था की गई थी.

### मधुबन में मुहर्रम का ताजिया जुलूस शांतिपूर्ण संपन्न

**मधुबन।** मधुबन थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में रविवार को मुहर्रम का ताजिया जुलूस शांतिपूर्ण और अकीदत के साथ निकाला गया. इस दौरान जुलूस के आगे युवक ढोल-ताशे बजाते चल रहे थे और जगह-जगह मर्सिया भी पढ़ी गई. तलवारबाजी, भाला, लाठी आदि के हैरतअंगेज करतब जुलूस के आकर्षण का केंद्र रहे. सुरक्षा की दृष्टि से स्थानीय पुलिस मुस्तैद दिखी. खरखरी और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही रौनक देखने को मिली. यह जुलूस रविवार की सुबह खरखरी रजा जामा मस्जिद से शुरू हुआ और जगह-जगह हैरतअंगेज करतब दिखाते हुए खरखरी कब्रिस्तान में जाकर समाप्त हुआ, जहाँ लोगों ने अपने-अपने मरहुमों के नाम से फातिहा खानी कर मगफिरत की दुआ मांगी. पुनः यह जुलूस शाम को ग्रामीण क्षेत्रों के खरखरी बस्ती, महताटांड़, बांसजोड़ा, फुलारीटांड़, मधुबन आदि जगहों से निकाला गया. यह जुलूस खरखरी बस्ती से नवागढ़ बस्ती, लाला बाड़ी, नवागढ़ मोड़ होते हुए बाद में खरखरी बाजार स्थित कर्बला पहुंचकर एक जगह एकत्रित हुए और अपने-अपने हैरतअंगेज कारनामे दिखाए. इस दौरान लोग या अली, या हसन, या हुसैन की आवाजें भी बुलंद करते रहे. कर्बला कमेटी द्वारा उपस्थित समाजसेवी और विभिन्न पंचायत के जनप्रतिनिधियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया. इस मौके पर मधुबन थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार, एसआई लव कुमार चौधरी, एसआई शिबू सोरेन, शेख नबाब, शेख लाला, शेख रहीम, बिनोद सिंह, शेख डब्लू, सुभाष सिंह, चंडी ग्याली, मोहन रवानी, दिलीप विश्वकर्मा, देवाशीष चटर्जी, फटीक सोनार, सुभाष बाउरी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे.

### राजपुरा कोलियरी में संयुक्त ट्रेड यूनियनों की गेट मीटिंग

**निरसा बाजार।** केंद्र सरकार की मजदूर और किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रस्तावित 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 6 जुलाई को राजपुरा कोलियरी में संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा की ओर से गेट मीटिंग आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता रोहन साव ने की, जबकि संचालन खोखन रविदास ने किया. वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा श्रम संहिताओं को लागू करना कॉरपोरेट हितों को साधने का प्रयास है, जिससे मजदूरों के संवैधानिक अधिकारों और ट्रेड यूनियन गतिविधियों को कुचला जा रहा है. मौजूदा श्रमिक कानूनों का उल्लंघन, ठेकाकरण, आउटसोर्सिंग और अनुबंध आधारित रोजगार व्यवस्था से मजदूरों को असुरक्षित किया जा रहा है. वक्ताओं ने कोल इंडिया के मजदूरों से अपील की कि वे 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल को ऐतिहासिक बनाएं और केंद्र सरकार की नीतियों का मुंहतोड़ जवाब दें. इस मौके पर शशीनाथ तिवारी, शशिभूषण तिवारी (राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन), रामजी यादव (बिहार कोलियरी कामगार यूनियन), कृष्णा सिंह, नागेन्द्र कुमार, संजय उपाध्याय, रवि सिंह, संजय सिंह, अरविन्द सिंह, अरविन्द कुमार, सनपुलवा देवी, समपद मंडल, प्रवेज आलम, सुमित्रा दास, प्रभु साहु, अरविन्द घोष, आशिष रवानी, रघु चौहान, रतिकांत कर्मकार, रिंकु देवी, खिलौना बाउरी और रविकांत सिंह सहित कई मजदूर उपस्थित थे.

### बनाना था कल्भर्ट ढ़ाल दिया स्लैब, हुआ विरोध

**चिरकुंडा।** कुमारधुबी कोलियरी के बोकास्थान में निर्माणाधीन पीसीसी सड़क के अधूरे निर्माण को पूरा करने पहुंचे संवेदक को महिलाओं के विरोध का सामना करना पड़ा. महिलाओं के विरोध के कारण संवेदक को बिना सड़क निर्माण के बैरंग वापस जाना पड़ा. बताया जाता है कि वार्ड संख्या चार में नगर परिषद द्वारा 480 फीट कल्भर्ट सहित पीसीसी सड़क निर्माण का निविदा निकाली गई थी. जिसके तहत संवेदक द्वारा कल्भर्ट निर्माण के बजाय स्लैब ढाल दिया गया है. जिससे यहां के स्थानीय लोगों व महिलाओं में नाराजगी व्याप्त है. रविवार की सुबह संवेदक द्वारा अपने अर्धनिर्मित सड़क निर्माण करने पहूंचे तो वहां की महिलाएं व पुरूषों ने जमकर विरोध किया. साथ ही मौके पर निवर्तमान पार्षद रानी केराई भी पहुंची. पार्षद सहित लोगों कहना था कि पहले कल्भर्ट का निर्माण करें. साथ ही कुछ लोग अपने स्वार्थ के लिए जबरन जमीन की खुदाई कर सड़क निर्माण कराया गया है उसे ऊंचा किया जाय तभी अधूरा सड़क का निर्माण शुरू किया जाय.

---

**हत्या**

## हंटरगंज में मिला 10 वर्षीय मासूम का शव, ग्रामीणों का आरोप

# शराबियों ने दिया इस घटना को अंजाम

**शुभम संदेश । हंटरगंज**

चतरा जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के सोहाद गांव से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसमें एक 10 वर्षीय मासूम का शव संदिग्ध रूप से एक छोटे गड्ढे (लगभग 2 फीट गहरे) में पाया गया. शनिवार शाम से लापता बच्चे का शव मिलने से इलाके में शोक और आक्रोश दोनों का माहौल व्याप्त हो गया है.सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रभात कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर पप्पू कुमार शर्मा, बीडीओ निखिल गौरव, सीओ अरुण कुमार मुंडा एवं गण्य दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु चतरा सदर अस्पताल भेज दिया. पुलिस आसपास के ग्रामीणों और स्थानीय लोगों से



पूछताछ कर रही है.

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि पत्सुगिया डैम के पास कुछ शराबियों ने ब्लैक स्कॉर्पियो कार से बच्चे को अपहरण कर लिया था. बच्चे की मौत की जानकारी पहले नहीं थियोर, लेकिन रविवार सुबह उसके शव की खोज के दौरान ग्रामीणों ने देखा और पुलिस को अवगत कराया.मृतक की पहचान नागर गांव निवासी सनूप भारती का पुत्र, 10 वर्षीय अजय कुमार के रूप में की गई है. परिजनों का दावा है कि अजय अचानक गायब हो गया था, और बिना कोई सुराग मिलने के कारण वे त्रस्त थे. बच्चे की हत्या की आशंका जताते हुए ग्रामीणों ने पुलिस से त्वरित कार्रवाई की मांग की है.स्थानीय लोगों ने बताया कि शराबियों का अड्डा बन चुका है यह मैदान, जहां बिहार से आने वाले सैकड़ों शराबी रातभर शराब पीते हैं और हुड़दंग मचाते हैं. पुलिस के निस्तेज रवैए को देखते हुए ग्रामीण डर और असुरक्षा की भावना से गुजर रहे हैं. उनका कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी, तो फिर कोई और बड़ी घटना हो सकती है.उन्होंने यह भी कहा कि ब्लैक स्कॉर्पियो से आए इन शराबियों की गतिविधियां संदिग्ध हैं और इन्हें संदेह के घेरे में रखते हुए उनसे पूछताछ की जाए.पुलिस ने स्पष्ट किया है कि वह पोस्टमार्टम रिपोर्ट की प्रतीक्षा कर रही है, जिससे मौत के कारणों का खुलासा हो सके. आसपास के ग्रामीणों, शराबी समूहों, वाहन व संदिग्ध स्थलों से जानकारी जुटाई जा रही है. थाना प्रभारी ने कहा कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी. इस घटना ने गांव में बच्चों की सुरक्षा और सामाजिक व्यवस्था को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं. ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने संबंधी प्रयास तत्काल करने चाहिए. साथ ही मौके पर स्थिर व्यवस्था, मानव-सुरक्षा संरक्षा, और शराब नीतियों को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए.इस वीभत्स घटना ने पूरे इलाके में दहशत फैलाई है. समाज, प्रशासन और पुलिस तीनों से इस घटना की गहरी जांच और बच्चों की पुनः सुरक्षित व संरक्षित परिवेश की व्यवस्था की युवाओं से मांग की जा रही है.

### विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कोडरमा।** जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत बेहराडीह गांव में रविवार को एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है.मृतका की पहचान नेहा देवी, पति दीपक दास के रूप में हुई .मिली जानकारी के अनुसार मृतका की सास दोपहर को बकरी चराने के पश्चात जब घर आईं और बहू के कमरे में गई तो देखा कि वह कमरे के अंदर पंखे के बने फंदे से झूल रही थी.जिसके पस्चात उसने आस पड़ोस के लोगों को बुलाकर बहु को फंदे से नीचे उतरवाया. लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. इधर घटना की जानकारी मृतका के मायके वालों को मिली, जिसके पश्चात वे लोग वहां पहुंचे. वहां आने के पश्चात उनलोगों ने इसे हत्या बताते हुए कहा कि यह नेहा की हत्या हुई है. उसके ससुराल वालों ने उसे मारकर इसे आत्महत्या का रूप देने का प्रयास कर रही है.

शुभम संदेश
धनबाद, सोमवार 07 जुलाई, 2025 12



## जलस्तर को नियंत्रित करने के लिए मध्य प्रदेश में बरगी बांध के 9 गेट खुले, छोड़ा जा रहा 52195 क्यूसेक पानी

**जबलपुर :** रानी अवंति बाई लोधी सागर परियोजना बरगी बांध के जलस्तर को नियंत्रित करने के लिए इस सीजन में पहली बार रविवार दोपहर करीब 12 बजे इसके 21 में से 9 स्पिल-वे गेट औसतन 1.33 मीटर की ऊंचाई तक खोल दिये गये हैं और इनसे 52,195 क्यूसेक (घनफुट पानी प्रति सेकंड) पानी छोड़ा जा रहा है. कार्यपालन यंत्री बरगी बांध राजेश सिंह गौड के अनुसार खोले गये 9 गेट में से गेट नम्बर 10, 11 और 12 को दो-दो मीटर, गेट नम्बर 9 और 13 को डेढ़-डेढ़ मीटर, गेट नम्बर 8 और 14 को एक-एक मीटर तथा गेट नम्बर 7 और 15 को आधा-आधा मीटर की ऊंचाई तक खोला गया है. उन्होंने बताया कि बांध में आवक को देखते हुये कभी भी इससे पानी निकासी की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है. कार्यपालन यंत्री बरगी बांध के मुताबिक रविवार को दोपहर 11 बजे बांध का जल स्तर 417.40 मीटर रिकार्ड किया गया था और इस समय इसमें लगभग 98,741 क्युसेक पानी प्रवेश कर रहा था. उन्होंने बांध के निचले क्षेत्र के निवासियों से नर्मदा तट से सुरक्षित दूरी बनाये रखने तथा डूब क्षेत्र में प्रवेश न करने की अपील करते हुए बताया कि बांध से पानी छोड़ने से नर्मदा नदी का जलस्तर 4-5 फुट तक बढ़ सकता है. बरगी बांध का पूर्ण जल भराव स्तर 422.76 मीटर है और ऑपरेशनल मैन्युल के अनुसार 31 जुलाई तक इसका जलस्तर 417.50 मीटर रखा जाना प्रस्तावित है.

## न्यूज अपडेट

### टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने अब बनाई है नई 'अमेरिका पार्टी'

**नयी दिल्ली।** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने अमेरिका में एक नई राजनीतिक पार्टी की शुरुआत की है, जिसका नाम उन्होंने ₹अमेरिका पार्टी₹ रखा है. यह घोषणा उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर की. मस्क का कहना है कि अमेरिका अब लोकतंत्र नहीं, बल्कि एक वन-पार्टी सिस्टम बन चुका है, जो देश को बर्बादी और भ्रष्टाचार की ओर धकेल रहा है. मस्क राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप के सबसे बड़े दानदाताओं में शामिल थे, लेकिन वन बिग ब्यूटीफुल बिल को लेकर दोनों के बीच मतभेद हो गए. मस्क ने चेतावनी दी थी कि अगर यह बिल पास हुआ, तो वे नई राजनीतिक पार्टी बनाएंगे.

### भ्रष्टाचार कांड में घिरी स्पेन की पेड्रो सांचेज की सोशलिस्ट पार्टी

**स्पेन।** प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज़ की सोशलिस्ट पार्टी इस समय गंभीर राजनीतिक संकट का सामना कर रही है. पार्टी के एक पूर्व शीर्ष अधिकारी सैंटोस सेर्डन को भ्रष्टाचार और सेक्स वर्करों को काम पर रखने के आरोपों में हिरासत में लिया गया है. इस घटनाक्रम के बाद पार्टी की छवि को भारी नुकसान हुआ है और देश में फिर से आम चुनाव की मांग उठने लगी है. इस गंभीर परिस्थिति में पार्टी ने सख्त कदम उठाते हुए सेक्स वर्करों को पैसे देने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है. नए नियम के अनुसार, जो भी सदस्य ऐसा करते पाए जाएंगे, उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया जाएगा. प्रधानमंत्री सांचेज़ ने स्पष्ट किया कि महिलाओं का शरीर बिक्री की वस्तु नहीं है, और ऐसे किसी भी व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

### केरल पहुंचे ब्रिटिश एक्सपर्ट्स अब फाइटर जेट की करेंगे जांच

**तिरुवनंतपुरम।** 6 जुलाई को यूनाइटेड किंगडम की रॉयल एयर फोर्स का एक एयरबस ए400एम एटलस विमान केरल के तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट पर उतरा. इस विमान में ब्रिटेन से आई 24 सदस्यीय टीम सवार थी, जिसमें 14 तकनीकी विशेषज्ञ और 10 क्रू सदस्य शामिल हैं. यह टीम उस एफ-35बी फाइटर जेट की जांच के लिए भारत आई है, जिसने पिछले महीने तकनीकी कारणों से तिरुवनंतपुरम में आपातकालीन लैंडिंग की थी और तब से ग्राउंडेड है. ब्रिटिश टीम यह आकलन करेगी कि क्या जेट की मरम्मत भारत में की जा सकती है या फिर उसे खोलकर वापस यूके भेजना पड़ेगा. जांच के बाद तय होगा कि विमान को उड़ान लायक बनाया जा सकता है या नहीं.

### चीन व पाक की राफेल को बदनाम करने की साजिश का खुलासा

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया, जिसकी गूंज आज भी महसूस की जाती है. हालांकि पाकिस्तान ने झूठे प्रोपेगेंडा से खुद को विजेता बताया, लेकिन हकीकत पूरी दुनिया के सामने है. अब फ्रांस की खुफिया एजेंसी की एक रिपोर्ट ने इस मामले में नया खुलासा किया है, जिसमें चीन की भी अहम भूमिका उजागर हुई है. रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के स्काल्प मिसाइल हमलों के बाद चीन ने राफेल विमानों की साख को नुकसान पहुंचाने के लिए एक सुनियोजित दुष्प्रचार अभियान चलाया. इसके तहत फर्जी अकाउंट्स के जरिए यह झूठ फैलाया गया.

### अंतरिक्ष से लौटते वक्त दुर्घटनाग्रस्त हुआ 'मिशन पॉसिबल' कैप्सूल

**नयी दिल्ली।** प्रशांत महासागर में एक दुर्लभ और चौंकाने वाली घटना घटी जब 'मिशन पॉसिबल' नामक एक अंतरिक्ष कैप्सूल दुर्घटनाग्रस्त हो गया. यह कैप्सूल एक जर्मन स्टार्टअप द्वारा लॉन्च किया गया था और इसमें 166 मृत व्यक्तियों की अस्थियां तथा भांग के बीज शामिल थे. इन अवशेषों को अंतरिक्ष में दफन करने की योजना थी. 23 जून को लॉन्च होने के बाद कैप्सूल ने पृथ्वी की दो सफल परिक्रमाएं कीं, लेकिन तीसरे चक्कर में यह क्रैश हो गया. कैप्सूल बनाने वाली टेक एक्सप्लोरेशन कंपनी ने इसे "आंशिक रूप से सफल" मिशन बताया है. उनके अनुसार, कैप्सूल ने सफलतापूर्वक प्रक्षेपण, पेलोड संचालन और पुनः प्रवेश के दौरान संचार पुनः स्थापित किया था.

### दिल्ली के रेलवे स्टेशनों के नाम बदलने की अब उठी है मांग

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में दो प्रमुख रेलवे स्टेशनों, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन और पुरानी दिल्ली (दिल्ली जंक्शन) रेलवे स्टेशन, के नाम बदलने की मांग जोर पकड़ रही है. चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखने का अनुरोध किया है. उन्होंने कहा कि यह कदम अटल जी की स्मृति को राजधानी में अमर करेगा और देश की भावनाओं को सम्मान देगा. साथ ही खंडेलवाल ने दिल्ली जंक्शन का नाम महाराजा अग्रसेन रेलवे स्टेशन रखने की भी मांग की है. दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी कहा कि वह इस विषय को संसद के आगामी सत्र में उठाएंगी.

### बांग्लादेश तुर्की से आधुनिक हथियारों का जखीरा जमा कर रहा है

# भारत के लिए उभरता रणनीतिक खतरा

एजेंसी। नयी दिल्ली



बांग्लादेश ने अपनी सेना के व्यापक आधुनिकीकरण की दिशा में निर्णायक कदम उठाते हुए 'फोर्स ग्लोबल 2030' योजना को एक नए स्तर पर पहुंचा दिया है. इस योजना के तहत बांग्लादेश की सेना ने तुर्की से अत्याधुनिक हथियार प्रणाली जैसे कि टीआरजी-300 कापलान गाइडेड मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम और बायरकतार टीबी2 ड्रोन को अपनी सक्रिय सेवा में शामिल कर लिया है. ये दोनों हथियार न केवल तकनीकी उन्नयन का संकेत हैं, बल्कि युद्ध के पारंपरिक सिद्धांतों में क्रांतिकारी बदलाव की ओर भी इशारा करते हैं. तुर्की की मदद से बांग्लादेश ने एक प्रभावशाली ₹सेंसर टू शूटर्स किल चेन₹ मॉडल तैयार किया है, जिसकी झलक 2020 के नागोर्नो-काराबाख युद्ध में अजरबैजान द्वारा अपनाई गई रणनीति में देखी गई थी. यह मॉडल रियल-टाइम निगरानी, टारगेट पहचान, और तत्काल हमले को एकीकृत करता है. इस रणनीति का उद्देश्य दुश्मन को बेहद सटीक और घातक हमलों से निष्क्रिय करना है. बांग्लादेश ने 2019 में तुर्की की कंपनी राकेटसन के साथ टीआरजी-300/230 टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम की खरीद का पहला करार किया था. जून 2021 तक इस सिस्टम की पहली बैटरियां बांग्लादेश पहुंच गई थीं. माना जा रहा है कि अब तक करीब 18 से अधिक लॉन्चर, रीलोड ट्रक, मोबाइल कमांड पोस्ट और अन्य सपोर्ट वाहन तैनात किए जा चुके हैं. टीआरजी-300 सिस्टम 190 किलो तक का उच्च-विस्फोटक वारहेड ले जाने में सक्षम है, जिसमें स्टील बॉल सबम्यूनिशन का इस्तेमाल होता है. यह प्रणाली डुअल गाइडेंस तकनीक के साथ 10 मीटर के भीतर लक्ष्य भेदने की सटीकता रखती है. इसके अलावा, यह जीपीएस जैमिंग और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध के प्रभाव से सुरक्षित रहने के लिए भी सुसज्जित है. इसके साथ ही, बांग्लादेश ने तुर्की से 12 बायरकतार टीबी2 मेल ड्रोन भी खरीदे हैं. इनमें से छह ड्रोन 2023 से ही ऑपरेशनल हो चुके हैं, जबकि बाकी की डिलीवरी 2025 तक पूरी हो जाएगी. इन ड्रोन को बांग्लादेश की सेना की आईएसआर रेजीमेंट्स में तैनात किया गया है. ये ड्रोन दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखते हैं, रियल टाइम इंटेलिजेंस साझा करते हैं और ज़रूरत पड़ने पर जमीनी मिसाइल हमलों को गाइड भी करते हैं.

भारत के लिए यह रणनीतिक विकास चिंता का विषय बन गया है. रिपोर्ट्स के अनुसार, एक टीबी2 ड्रोन ने हाल ही में मेघालय-त्रिपुरा क्षेत्र में भारत की सीमा के अत्यंत निकट उड़ान भरी थी, जिससे भारतीय सुरक्षा एजेंसियों में अलर्ट जारी हो गया. यह ड्रोन ढाका के तेजगांव एयरबेस से लॉन्च किया गया था और इसे बांग्लादेश सेना के 67वें आईएसआर बटालियन द्वारा ऑपरेट किया जा रहा था. इस घटना ने भारत को यह स्पष्ट चेतावनी देने पर मजबूर कर दिया कि अगर कोई भी ड्रोन भारत-बांग्लादेश सीमा के 10 किलोमीटर के दायरे में घुसने का प्रयास करेगा, तो उसे मार गिराया जाएगा.

हालांकि भारत ने अतीत में पाकिस्तान द्वारा प्रयुक्त बायरकतार टीबी2 ड्रोन को अपनी एयर डिफेंस प्रणाली से नाकाम कर दिया था, फिर भी बांग्लादेश की सैन्य तैयारियों को हल्के में लेना रणनीतिक दृष्टि से खतरनाक हो सकता है. टीबी2 ड्रोन और टीआरजी- 300 सिस्टम को सी4आईएसआर नेटवर्क से जोड़कर बांग्लादेश ने जो 'किल चेन' विकसित की है, वह उसे एक परंपरागत सेना से एक अत्याधुनिक नेटवर्क-संचालित सेना में बदल रही है. अजरबैजान की तरह, जो कराबाख युद्ध में आर्मेनिया की भारी पारंपरिक सेना को पराजित करने में सफल हुआ था, बांग्लादेश भी एक नई युद्ध रणनीति पर कार्य कर रहा है – सटीकता, स्वचालन और रियल टाइम डेटा के आधार पर. भारत की सैन्य शक्ति निश्चित रूप से बांग्लादेश से कहीं अधिक है, लेकिन चिंता की बात यह है कि भारत के विरोधी देश एक-दूसरे से तकनीकी और रणनीतिक सहयोग के माध्यम से एक 'गठबंधन' की शक्ल लेते जा रहे हैं. यह घटनाक्रम केवल हथियारों के आयात की कहानी नहीं है, बल्कि यह क्षेत्रीय रणनीतिक संतुलन में बदलाव का संकेत है, जिससे भारत को सजग और तैयार रहना होगा.

## नेपाल चीन से खरीदेगा 159 करोड़ रुपये का हथियार

एजेंसियां।काठमांडू

नेपाल पुलिस और सशस्त्र प्रहरी बल (एपीएफ) के लिए चीन से हथियार खरीदने के लिए सरकार ने 159 करोड़ रूपये बजट की व्यवस्था की है. सरकार ने तीन साल पहले इसी चीनी कंपनी से हथियार खरीद प्रक्रिया को रोक दिया था, अब फिर उसी सौदे को आगे बढ़ाया जा रहा है, जिससे कई तरह के सवाल खड़े हो गए हैं. हाल ही में नेपाल की संसद से पारित बजट में नेपाल के दोनों पुलिस संगठनों के लिए हथियार खरीदने के लिए 159 करोड़ रूपये के बजट की व्यवस्था की गई है. इस बजट से तीन वर्ष पहले ही हांगकांग स्थित एक चीनी कंपनी से हथियार की खरीद प्रक्रिया को रोक दिया गया था, अब फिर उसी कंपनी से हथियार खरीदने की प्रक्रिया शुरू किए जाने की बात सामने आई है.

गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक पुलिस संगठनों की तरफ से गैर घातक हथियार सामग्री खरीद की सूची गृह मंत्रालय को सौंपी गई थी. इनमें दंगा नियंत्रण करने के लिए रायट कन्ट्रोल गियर, टियर गैस, ब्लैंक फायर, रबड़ बुलेट, मल्टी गैस गन, वाटर कैनन, दमकल, गोताखोर का उपकरण, रबरबोट/मोटरबोट सामग्री थी. अब गृह मंत्रालय ने हांगकांग की चीनी कंपनी से घातक हथियार खरीदने की नई सूची तैयार की है. इनमें नेपाल पुलिस के लिए 1 हजार 9 एमएम का पिस्टल, 1550 शॉटगन, 2 लाख राउंड शॉटगन कार्टिज, 3 लाख राउंड शॉटगन रबड़ बुलेट, 24 हजार सेल टियर गैस और 10 लाख 20 हजार राउंड बारूद वाली गोली खरीदने की पुरानी सूची के मुताबिक प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई है. इसी तरह सशस्त्र प्रहरी बल के लिए 2300 पिस्टल और 2000 शॉटगन खरीद की प्रक्रिया भी आगे बढ़ाई गई है.

गृह मंत्रालय के प्रवक्ता रामचंद्र तिवारी ने हथियार खरीद के लिए सरकार के बजट में व्यवस्था किए जाने की जानकारी देते हुए खरीद प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की बात स्वीकार की है. हालांकि, चीन के कंपनी से हथियार खरीदने के लिए पुराने टेंडर को ही आगे बढ़ाने की बात पर कुछ भी कहने से इंकार कर दिया. हथियार खरीद संबंधी अनुगमन कार्यालय के सहसचिव रामबंधु सुवेदी ने कहा कि तीन साल पहले स्थगित की गई खरीद प्रक्रिया को ही आगे बढ़ाना गैर कानूनी हो सकता है और यह जांच के दायरे में आ सकता है.

तत्कालीन प्रधानमंत्री शेरबहादुर देउवा के समय में तत्कालीन गृह मंत्री बालकृष्ण खांड और तत्कालीन वित्त मंत्री ने इन हथियारों की खरीद की प्रक्रिया शुरू की थी. बाद में तत्कालीन विपक्षी दल के नेता और वर्तमान समय के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के विरोध किए जाने के बाद इसे स्थगित कर दिया गया था. उस समय नेपाल के विदेशी मुद्रा भंडार में कमी आने के कारण देश में कई चीजों के आयात पर रोक लगा दी गई थी. उसी समय इस हथियार खरीद की प्रक्रिया को भी रोक दिया गया था.

## गठबंधन तोड़ने के लिए नेपाली कांग्रेस के पार्टी नेतृत्व पर दबाव बढ़ा

एजेंसियां।काठमांडू

प्रधानमंत्री केपी ओली के साथ गठबंधन तोड़ने के लिए सत्तारूढ़ के सबसे बड़े राजनीतिक दल नेपाली कांग्रेस के पार्टी नेतृत्व पर दबाव बढ़ता जा रहा है. अधिकांश नेताओं ने ओली के साथ गठबंधन तोड़ कर कांग्रेस के नेतृत्व में सरकार गठन का सुझाव दिया है. काठमांडू में नेपाली कांग्रेस केंद्रीय समिति की बैठक में अधिकांश केंद्रीय सदस्यों ने सरकार के कामकाज की आलोचना की है. इतना ही नहीं, कांग्रेस पार्टी के अधिकांश नेताओं ने प्रधानमंत्री ओली की कार्यशैली का विरोध करते हुए जल्द से जल्द गठबंधन तोड़ने की वकालत की है. बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. शेखर कोइराला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सरकार में जरूर है, लेकिन सत्ता पर पूरी तरह से ओली का कब्जा है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मंत्रियों की सरकार के भीतर नहीं चलती है. कोइराला का कहना है कि पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को सत्ता में होने की अनुभूति ही नहीं हो रही है. डा. कोइराला ने कहा कि जितने अधिक दिनों तक ओली के साथ पार्टी का गठबंधन होगा, उतना ही अधिक नुकसान पार्टी को होगा. डा. कोइराला के इस प्रस्ताव का अधिकांश केंद्रीय सदस्यों ने समर्थन किया है.

बैठक में पार्टी के एक और वरिष्ठ नेता विमलेन्द्र निधि ने कहा कि ओली की पार्टी गठबंधन के सामान्य शिष्टाचार को भी नहीं मान रही है, ऐसे में इस गठबंधन में रह कर पार्टी को सिर्फ नुकसान हो रहा है. इसी तरह पार्टी के सांसद एवं पूर्व विदेश मंत्री एनपी साउद ने ओली सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक मूल्य मान्यताओं वाली पार्टी वामपंथी विचार में रंगती जा रही है, जिससे देश की जनता के साथ-साथ अंतराष्ट्रीय समुदाय में भी पार्टी की छवि धूमिल हो रही है.

## मप्र सरकार का तीसरा रोड शो 7 जुलाई को लुधियाना में

एजेंसी। भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में निवेश बढ़ाने के उद्देश्य से देश के बड़े शहरों में शो का आयोजन किया जा रहा है. बेंगलुरु और सूरत के सफल रोड शो के बाद अब मध्य प्रदेश के निवेश संवादों की कड़ी में तीसरा रोड शो 07 जुलाई को लुधियाना में होगा. मुख्यमंत्री पूरे दिन विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे और उद्योगजगत की हस्तियों से प्रत्यक्ष संवाद करेंगे. जनसम्पर्क अधिकारी बबीता मिश्रा ने रविवार को बताया कि देश के प्रमुख औद्योगिक शहरों में शुमार लुधियाना में यह आयोजन टेक्सटाइल, मैन्युफैक्चरिंग, फूड प्रोसेसिंग और आईटी सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश साझेदारी के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है. लुधियाना में यह रोड शो मध्यप्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं, नीतिगत स्थिरता और निवेश-अनुकूल वातावरण को देश के अग्रणी उद्योग समूहों के समक्ष प्रस्तुत करने का प्रभावी मंच बनेगा. उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री लुधियाना स्थित वर्धमान टेक्सटाइल और दीपक फास्टनर जैसे प्रमुख औद्योगिक प्रतिष्ठानों का दौरा करेंगे. ये यात्रा उत्पादन प्रक्रियाओं, तकनीकी दक्षता और प्रबंधन प्रणाली की समझ को गहरा करने के साथ-साथ इन समूहों के साथ संभावित निवेश के बिंदुओं पर चर्चा का अवसर भी प्रदान करेगी.मुख्यमंत्री उद्योगों की कार्य संस्कृति और नवाचार क्षमताओं को जानने के साथ मध्य प्रदेश में व्यवहारिक सहयोग के रास्ते भी तलाशेंगे. लुधियाना के प्रमुख उद्यमियों और औद्योगिक समूहों के पदाधिकारियों के साथ व्यक्तिगत बैठकों में भी भाग लेंगे.

**मौसम** हिमाचल प्रदेश में रेड अलर्ट के बीच मंडी में फिर से फटा बादल, फैली दहशत

# 9 जिलों में फ्लैश फ्लड की दी गई चेतावनी

एजेंसी। शिमला



हिमाचल प्रदेश में मानसून का कोहराम जारी है. मौसम विज्ञान केंद्र शिमला द्वारा रविवार को जारी रेड अलर्ट के बीच आज सुबह से राज्य के अधिकांश हिस्सों में मूसलाधार वर्षा हो रही है. मंडी, कांगड़ा और सिरमौर जिलों में बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है, जबकि शिमला, सोलन और हमीरपुर सहित 9 जिलों में अगले 24 घंटे के लिए फ्लैश फ्लड की चेतावनी दी गई है. इन 9 जिलों चम्बा, कुल्लू, कांगड़ा, बिलासपुर, हमीरपुर, सोलन, शिमला, सिरमौर और मंडी के लोगों को प्रशासन ने अत्यधिक सतर्क रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने की हिदायत दी है. इस बीच मंडी जिला में एक बार फिर बादल फटने की घटना ने दहशत फैला दी. पधर उपमंडल की टिक्कन पंचायत के सिलबधानी गांव में बीती देर रात बादल फटा, जिससे स्थानीय नाले में बाढ़ आ गई और दो पुलिया बह गई. गनीमत यह रही कि इस घटना में कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ. डीएसपी पधर देवराज ने इसकी पुष्टि करते हुए आज सुबह बताया कि मौके पर प्रशासन की टीम क्षति का आकलन कर रही है. मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक वर्षा कांगड़ा जिला के नगरोटा सुरियाँ में 102 मिमी दर्ज की गई. इसके अलावा ऊना में 62 मिमी, धर्मशाला में 61 मिमी, कटुआला और घमरूर में 40-40 मिमी, बरठीं में 38, सुजानपुर टीहरा में 36, भराड़ी में 35, नादौन में 30 और मंडी में 21 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है. मौसम विभाग ने आज के लिए कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया है, जबकि 7 जुलाई को बहुत भारी वर्षा का ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है. 8 से 10 जुलाई तक येलो अलर्ट और 11 व 12 जुलाई को सामान्य बारिश की संभावना जताई है. लगातार बारिश से राज्यभर में जनजीवन अस्त-व्यस्त है. राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक रविवार सुबह तक प्रदेश में 269 सड़कों, 285 बिजली ट्रांसफॉर्मरों और 278 पेयजल योजनाओं पर असर पड़ा है. अकेले मंडी जिले में 200 सड़कें, 236 ट्रांसफॉर्मर और 278 जल योजनाएं ठप हैं. यह जिला इस समय सबसे अधिक प्रभावित है. राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की रिपोर्ट के अनुसार 20 जून से 5 जुलाई के बीच हिमाचल प्रदेश में बादल फटने, भूस्खलन, फ्लैश फ्लड और सड़क हादसों में 74 लोगों की मौत हो चुकी है. 115 लोग घायल हुए हैं, जबकि 37 लोग अभी भी लापता हैं. इस अवधि में राज्य को 566 करोड़ रुपये से अधिक की जनधन हानि का सामना करना पड़ा है. मंडी जिला सबसे ज्यादा प्रभावित रहा है, जहां 30 जून की रात बादल फटने की 12 घटनाओं में 14 लोगों की जान चली गई और 31 लोग लापता हो गए. कांगड़ा जिले में 13 मौतें हुई हैं, जिनमें 7 भूस्खलन और 2 बादल फटने से हुईं. प्राकृतिक आपदाओं के चलते 19 मकान पूरी तरह ध्वस्त, 93 आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त, 213 पशुशालाएं और 21 दुकानें बर्बाद हो चुकी हैं.

### ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई सार्वजनिक रूप से दिखे

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई इसराइल के साथ हुए ईरान के 12 दिनों के संघर्ष के बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आए. 5 जुलाई को मुहर्रम के मातम जुलूस में उन्हें देखा गया. तेहरान में आशूरा की पूर्व संध्या पर मुहर्रम के मातम जुलूस में खामनेई पहुंचे. खामेनेई 13 जून को इजराइली हमलों के बाद से सार्वजनिक रूप से नहीं दिखे थे. तेहरान टाइम्स के मुताबिक ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई 5 जुलाई को मुहर्रम के मातम जुलूस में शामिल हुए. मुहर्रम की 10वीं तारीख को आशूरा कहा जाता है.तेहरान में आशूरा की पूर्व संध्या पर मुहर्रम के मातम जुलूस में खामेनेई सार्वजनिक रूप से दिखे. ईरान और इजराइल के बीच 12 दिनों तक सैन्य संघर्ष चला जो 24 जून को खत्म हुआ.




मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, मैसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड के लिए के.जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित. संपादक **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक **संजय सिंह***. फोन नंबर 0651-2961734 आरएनआई नंबर **JHAHIN/2023/84487**( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)